Page 11

जन-जन की वाणी...
हिन्दी दैनिक
# सोन वर्षा वाणी
औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित
Page 09


खेल
वैभव सूर्यवंशी अब अभिषेक से आगे, रोहित शर्मा 4 नंबर पर, आईपीएलमें 200+चेज...

देश
तमिलनाडु मुख्यमंत्री विजय की मुश्किलें बढ़ीं, सीबीआई जांच की मांग: सुप्रीम कोर्ट में...

शुक्ल पक्ष, अश्लेषा, विक्रम संवत् 2083 • औरंगाबाद • शुक्रवार • 22 मई 2026 • वर्ष 28 • अंक 169 • पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹ 1,46,600 | ₹ 2,85,000 |

## आज का इतिहास

**2010 :** एयर इंडिया एक्सप्रेस फ्लाइट 812 22 मई, 2010 को भारत के मैंगलोर में एक चट्टान पर गिरने के बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी, जिसमें 158 लोग मारे गए थे। यह भारत में तीसरी सबसे घातक विमानन आपदा और 737 एयरक्राफ्ट की सबसे घातक दुर्घटना थी।

**1936 :** भारत के पहले स्टेडियम ब्रेबोर्न स्टेडियम का बॉम्बे में शिलान्यास।

### बाढ़ और सुखाड़ से निपटने के लिए मुख्यमंत्री ने की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक, कहा

# आपदा की स्थिति में तुरंत मिले राहत

निज संवाददाता | पटना

बिहार में मानसून के संभावित आगमन को देखते हुए राज्य सरकार ने बाढ़ और सुखाड़ जैसी प्राकृतिक आपदाओं से निपटने की तैयारियां तेज कर दी हैं। गुरुवार को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य स्तरीय उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में राज्य के विभिन्न बाढ़ एवं सुखाड़ प्रभावित जिलों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। बैठक का उद्देश्य आगामी मानसून के दौरान उत्पन्न होने वाली संभावित चुनौतियों से निपटने की तैयारियों की समीक्षा करना था। बैठक के दौरान मौसम विभाग, जल संसाधन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, नगर विकास विभाग, कृषि विभाग, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग तथा पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग सहित कई विभागों ने अपनी तैयारियों का विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। अधिकारियों ने बाढ़ और सुखाड़ की स्थिति में राहत एवं बचाव कार्यों की रणनीति से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने नदियों के तटबंधों की मजबूती, एंटी-इरोज़न कार्य, राहत शिविरों की पूर्व तैयारी, अस्पतालों में दवाओं की उपलब्धता, शुद्ध पेयजल आपूर्ति तथा पशुओं के लिए चारे की व्यवस्था को लेकर विशेष निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मानसून के आगमन से पहले सभी सुरक्षा एवं राहत संबंधी कार्य हर हाल में पूर्ण कर लिए जाएं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि तैयारियों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



### श्रावणी मेले में सुरक्षा पर सरकार सख्त

बैठक में श्रावणी मेले के दौरान सुरक्षा, स्वास्थ्य, यातायात, पेयजल, स्वच्छता और ठहराव की व्यवस्थाओं पर विशेष चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर वर्ष लाखों श्रद्धालु सुल्तानगंज से देवघर तक कांवर यात्रा करते हैं, इसलिए उनकी सुविधा और सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि कांवर पथ पर पर्याप्त रोशनी, शौचालय, चिकित्सा शिविर, एंबुलेंस और पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही, भीड़ नियंत्रण और ट्रैफिक प्रबंधन के लिए विशेष कार्य योजना तैयार करने को कहा गया। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि श्रावणी मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए प्रशासनिक अधिकारी लगातार निगरानी रखें। महिला कांवरियों की सुरक्षा को लेकर भी विशेष व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। जगह-जगह पुलिस बल और सीसीटीवी कैमरे लगाने पर भी जोर दिया गया ताकि किसी भी अप्रिय घटना पर तुरंत कार्रवाई की जा सके।

### पुलिसकर्मियों को सीएम ने कहा

## आप ड्यूटी कीजिए, आपका परिवार हमारा है

निज संवाददाता | पटना

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गुरुवार को सड़क हादसों में जान गंवाने वाले पुलिसकर्मियों के परिजनों को बीमा राशि का चेक सौंपा। इस दौरान मुख्यमंत्री पुलिस परिवारों से मिलकर भावुक नजर आए। उन्होंने कहा कि बिहार पुलिस पर जितना भी निवेश किया जाए, वह कम है। मजबूत पुलिस बल से ही राज्य में सुशासन स्थापित हो सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार को सुशासन के रास्ते पर आगे बढ़ाने का काम पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया और अब राज्य को समृद्धि की दिशा में ले जाने के लिए कानून-व्यवस्था को और मजबूत करना जरूरी है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ लोग हर मुद्दे में जाति देखने लगते हैं। उन्होंने तंज भरे लहजे में कहा कि "कुछ लोग कह रहे हैं कि पुलिस एनकाउंटर कर रही है तो जाति पूछकर गोली चलानी चाहिए।" सम्राट चौधरी ने पुलिसकर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे निश्चिंत होकर अपनी ड्यूटी करें, सरकार उनके परिवार के साथ खड़ी है। उन्होंने बताया कि राज्य के 534 प्रखंडों में मॉडल स्कूल के रूप में सरस्वती विद्या निकेतन जैसे विद्यालय विकसित करने की योजना है, जहां गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि ऐसे स्कूल बनाए जाएंगे जहां बड़े अधिकारी भी अपने बच्चों का दाखिला कराना चाहें। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिसकर्मियों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं भी सरकार की प्राथमिकता हैं। उन्होंने बताया कि बिहार पुलिस के लिए कैशलेस मेडिकल सुविधा लागू करने की योजना पर काम चल रहा है। अधिकारियों द्वारा 150 करोड़ रुपए की आवश्यकता बताए जाने पर उन्होंने कहा कि यदि 200 करोड़ रुपए भी खर्च हों तो सरकार पीछे नहीं हटेगी।

## रासायनिक खाद का विकल्प बनेगा जैविक उर्वरक : कुमार विजय सिन्हा

निज संवाददाता | पटना



विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि वैश्विक संकट और बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच जैविक उर्वरक रासायनिक खादों का प्रभावी एवं टिकाऊ विकल्प बनकर उभरेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उर्वरक एवं ईंधन की खपत में 50 प्रतिशत कटौती के आह्वान को बिहार सफल बनाने की दिशा में तेजी से कार्य कर रहा है। इसी उद्देश्य से कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने गुरुवार को बेंगलुरु का दौरा किया। दौरे के दौरान उन्होंने श्री श्री एग्रीकल्चर ट्रस्ट द्वारा अनुसंधान के बाद विकसित एवं पेटेंट प्राप्त जैविक खाद तथा ऑर्गेनिक डीएपी के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। ट्रस्ट के वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों के साथ हुई बैठक में जैविक उर्वरकों की उत्पादन क्षमता, उपयोगिता और पर्यावरणीय प्रभावों पर विस्तार से चर्चा हुई।

इस दौरान आर्ट ऑफ लिविंग के 45 वर्ष पूर्ण होने तथा विश्व प्रसिद्ध आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर के 70वें जन्मोत्सव के अवसर पर आयोजित समारोह में भी कृषि मंत्री शामिल हुए। उन्होंने श्री श्री रविशंकर से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन प्राप्त किया। कार्यक्रम में एन. चंद्रबाबू नायडू, प्रमोद सावंत सहित महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश के कई मंत्री एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। सभी नेताओं ने कृषि क्षेत्र में जैविक विकल्पों की आवश्यकता और उसके दूरगामी लाभों पर विचार-विमर्श किया। कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि श्री श्री एग्रीकल्चर ट्रस्ट द्वारा विकसित जैविक उर्वरक भविष्य में किसानों के लिए वरदान साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि यह रासायनिक खादों का सबसे प्रभावी और सुरक्षित विकल्प है। उन्होंने रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक प्रयोग पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इसके अंधाधुंध उपयोग से मानव स्वास्थ्य, मिट्टी की उर्वरता और पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंच रहा है।

## बिहार में बढ़ी ईंधन मांग के बीच पीएसयू तेल कंपनियों ने सुनिश्चित की निर्बाध आपूर्ति

निज संवाददाता | पटना

सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियां इंडियन ऑयल, बीपीसीएल और एचपीसीएल ने बिहार सहित देश के विभिन्न राज्यों में ईंधन की मांग में अचानक आई तेजी के बावजूद पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने का दावा किया है। कंपनियों ने कहा है कि बढ़ती मांग को देखते हुए परिचालन और लॉजिस्टिक्स नेटवर्क को पूरी क्षमता के साथ सक्रिय रखा गया है। तेल कंपनियों के अनुसार हाल के दिनों में पेट्रोलियम उत्पादों की खपत में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। इसकी प्रमुख वजह कई राज्यों में जारी मौसमी कृषि गतिविधियां और फसल कटाई का कार्य है। इसके अलावा सार्वजनिक क्षेत्र के पेट्रोल पंपों पर अपेक्षाकृत कम कीमत होने के कारण बड़ी संख्या में उपभोक्ता निजी कंपनियों की बजाय सरकारी तेल कंपनियों के आउटलेट्स की ओर रुख कर रहे हैं। संस्थागत एवं व्यावसायिक उपभोक्ताओं द्वारा भी खुदरा आउटलेट्स से ईंधन खरीद में बढ़ोतरी देखी गई है। तेल कंपनियों ने बताया कि उनके राष्ट्रव्यापी नेटवर्क, जिसमें टर्मिनल, डिपो, पाइपलाइन, एलपीजी बॉटलिंग प्लांट और खुदरा आउटलेट शामिल हैं, के माध्यम से ईंधन की आपूर्ति सामान्य रूप से जारी है। आपूर्ति टीमों, परिवहन नेटवर्क, टर्मिनल संचालन इकाइयों और कई खुदरा आउटलेट्स को 24 घंटे सक्रिय रखा गया है ताकि बाजार में ईंधन की उपलब्धता प्रभावित न हो। बिहार में वर्तमान समय में कुल 3697 रिटेल आउटलेट संचालित हैं, जिनमें 3590 सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों के तथा 107 निजी कंपनियों के हैं। राज्य में आठ ऑयल डिपो एवं टर्मिनल केंद्र कार्यरत हैं।

## राजा राम मोहन राय के आदर्श सामाजिक सुधार की प्रेरणा : विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार

निज संवाददाता | पटना



डॉ. प्रेम कुमार ने भारतीय पुनर्जागरण के जनक, महान समाज सुधारक, लेखक एवं ब्रह्म समाज के संस्थापक राजा राम मोहन राय की जयंती पर उन्हें कोटिशः नमन करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि राजा राम मोहन राय ने समाज में व्याप्त बुराइयों और कुरीतियों के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया। उन्होंने जाति व्यवस्था, छुआछूत, अंधविश्वास और नशीले पदार्थों के प्रयोग का सशक्त विरोध किया। समाज सुधार की दिशा में उनका योगदान भारतीय इतिहास में सदैव स्मरणीय रहेगा। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सती प्रथा के खिलाफ आंदोलन, बाल विवाह का विरोध तथा ब्रह्म समाज की स्थापना जैसी उनकी ऐतिहासिक पहल भारतीय समाज में जागरूकता और परिवर्तन का प्रतीक है। उनके अथक प्रयासों से ही भारत में ज्ञानोदय, सामाजिक चेतना और उदार सुधारवादी आधुनिकीकरण के युग की शुरुआत हुई। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि महिलाओं के उत्पीड़न, अशिक्षा, बाल विवाह और सती प्रथा जैसी सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन में राजा राम मोहन राय का अतुलनीय योगदान आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा।



## संक्षिप्त समाचार

### भीषण गर्मी को देखते हुए कक्षा-8 तक के विद्यालयों में 11:00 बजे के बाद शैक्षणिक गतिविधियों पर रोक

**नवादा।** जिले में बढ़ते तापमान एवं विशेष रूप से दोपहर के समय पड़ रही भीषण गर्मी के कारण बच्चों के स्वास्थ्य और जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना है। जिला दण्डाधिकारी, नवादा श्री रवि प्रकाश, भा०प्र०से० द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा-163 के तहत आदेश जारी करते हुए जिले के सभी सरकारी एवं गैर-सरकारी विद्यालयों में कक्षा-8 तक (प्री-स्कूल एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों सहित) पूर्वाह्न 11:00 बजे के बाद सभी शैक्षणिक गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाया गया है। जारी आदेश के अनुसार विद्यालय प्रबंधन को निर्देशित किया गया है कि वे उक्त आदेश के अनुरूप शैक्षणिक गतिविधियों का पुनर्निधारण सुनिश्चित करें, ताकि बच्चों को भीषण गर्मी एवं लू के प्रभाव से सुरक्षित रखा जा सके। यह आदेश दिनांक 22.05.2026 से 30.05.2026 तक प्रभावी रहेगा।

### विद्युत करंट की चपेट में आने से पंचायत समिति सदस्य घायल

**कौआकोल।** कौआकोल थाना क्षेत्र के बिझो गांव निवासी एवं पंचायत समिति सदस्य गुरुवार को विद्युत करंट की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्वजनों के द्वारा उन्हें आनन-फानन में इलाज के लिए कौआकोल पीएचसी में भर्ती कराया गया,जहां चिकित्सकों की देखरेख में उनका प्राथमिक उपचार किया गया। स्थिति गम्भीर रहने के कारण चिकित्सकों ने उसे नवादा रेफर कर दिया है। घटना के बाद परिजनों एवं ग्रामीणों में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

### नरहट में छात्रा से छेड़खानी, पिस्तौल और चाकू दिखाकर मारपीट

**नरहट (नवादा)।** जिले के नरहट थाना क्षेत्र में एक छात्रा के साथ छेड़खानी, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने नरहट थाना में आवेदन देकर अज्ञात मनचले युवकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। आवेदन के अनुसार, पीड़िता 19 मई की दोपहर करीब 3 बजे अपने गांव सैदापुर से नरहट बाजार कोचिंग संस्थान में पढ़ने जा रही थी। इसी दौरान रास्ते में कुछ अज्ञात युवकों ने उससे समय पूछा। युवती द्वारा यह कहने पर कि उनके पास मोबाइल और घड़ी होने के बावजूद समय क्यों पूछ रहे हैं, युवक गाली-गलौज और बदतमीजी करने लगे। जाते समय आरोपियों ने धमकी दी कि वापस आओ, तब बताते हैं। पीड़िता ने बताया कि शाम करीब 5:30 बजे जब वह नरहट बाजार से वापस अपने घर लौट रही थी, तभी दौलतपुर के आगे और गोवासा से पहले पीपल के पेड़ के पास उन युवकों ने उसे रोक लिया। आरोप है कि युवकों ने उसके कान पर पिस्तौल सटा दी और गले पर चाकू रखकर मारपीट तथा गाली-गलौज की। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी गई। घटना के बाद पीड़िता ने बुधवार को नरहट थाना पहुंचकर आवेदन दिया है। उसने पुलिस से अज्ञात आरोपियों की पहचान कर सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। थानाध्यक्ष गौतम कुमार ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है। आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। जल्द ही घटना में शामिल आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### जनजाति गरिमा उत्सव के तहत पोषण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**कौआकोल।** जनजाति गरिमा उत्सव,2026 के अंतर्गत गुरुवार को कौआकोल प्रखंड के सोखोदेवरा पंचायत स्थित गोबरैया विरहोर टांड़ टोला में शिशु एवं छोटे बच्चों के आहार संबंधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनजातीय समुदाय की महिलाओं एवं अभिभावकों को शिशु एवं मातृ पोषण, स्तनपान, पूरक आहार तथा स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों को बच्चों के समुचित शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए संतुलित आहार एवं नियमित देखभाल के महत्व की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने कहा कि स्वस्थ बालक ही स्वस्थ समाज की नींव होते हैं और इस प्रकार के कार्यक्रम जनजातीय समुदाय के सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मौके पर प्रखंड कल्याण पदाधिकारी लोकेश नाथ चौधरी,विकासमित्र जितेंद्र मांझी,आंगनबाड़ी सेविका आशा देवी सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### गुरुवार को 7000 पर्यटक पहुंचे ककोलत, उठाया प्रकृति के अनमोल धरोहर का आनंद



नवादा जिला पदाधिकारी, नवादा रवि प्रकाश, पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान एवं वन प्रमंडल पदाधिकारी श्री श्रेष्ठ कृष्णा द्वारा संयुक्त रूप से गोविंदपुर प्रखंड अंतर्गत प्रसिद्ध पर्यटन स्थल ककोलत जलप्रपात का निरीक्षण पिछले दिनों किया गया था। निरीक्षण के दौरान पर्यटकों की अत्यधिक भीड़, पार्किंग व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन, साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय, यातायात नियंत्रण एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं की समीक्षा की गई थी। निरीक्षण उपरांत भीड़ प्रबंधन, पर्यटकों की सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था एवं पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए ककोलत जलप्रपात में प्रवेश शुल्क एवं पार्किंग शुल्क की संशोधित दरें दिनांक 21.05.2026 से लागू की गई हैं। संशोधित शुल्क लागू होने के उपरांत भी ककोलत जलप्रपात के प्रति पर्यटकों में उत्साह बना रहा। आज दिनांक 21 मई 2026 को टिकट काउंटर बंद होने तक 6900 टिकटों की बिक्री दर्ज की गई।बच्चों सहित लगभग 7000 पर्यटक ककोलत जलप्रपात पहुंचे। ककोलत जलप्रपात क्षेत्र में व्यवस्था सामान्य एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से प्रतिदिन अधिकतम 8000 पर्यटकों के प्रवेश की सीमा निर्धारित की गई थी। इसके विरुद्ध आज लगभग 7000 पर्यटक स्थल पर पहुंचे, जिसके कारण भीड़ नियंत्रण, सुरक्षा प्रबंधन एवं पर्यटकों की आवाजाही की स्थिति सामान्य एवं नियंत्रित रही। लोगों को भी कुंड में स्नान करने में किसी कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ा। प्रशासन द्वारा स्थल पर सुरक्षा एवं सुव्यवस्थित संचालन सुनिश्चित करने हेतु विशेष प्रबंध किए गए हैं। कुंड क्षेत्र में सीमित संख्या में ही पर्यटकों को प्रवेश की अनुमति दी जा रही है तथा भीड़ नियंत्रण के उद्देश्य से पर्यटकों के ठहराव की अवधि निर्धारित की गई है।

# प्रशासनिक उदासीनता की भेंट चढ़ने जा रही रजौली नगर पंचायत की सफाई व्यवस्था

## 11 महीने से भुगतान न मिलने से कर्ज के जाल में फंसे संवेदक, भुखमरी की कगार पर सफाईकर्मी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली।** सरकारें भले ही स्वच्छता को लेकर बड़े-बड़े दावे करें और विज्ञापनों पर पानी की तरह पैसा बहाएं, लेकिन धरातल पर प्रशासनिक अधिकारियों की घोर लापरवाही और संवेदनहीनता इन दावों की पोल खोल रही है। रजौली नगर पंचायत में प्रशासनिक शिथिलता का एक ऐसा ही गंभीर मामला सामने आया है, जिसने न सिर्फ पूरे शहर की सफाई व्यवस्था को चरमराने की कगार पर ला खड़ा किया है, बल्कि व्यवस्था को सुचारू रखने वाले सफाईकर्मियों और संवेदक को दाने-दाने को मोहताज कर दिया है। नगर पंचायत में कार्यरत सफाई ठेकेदार 'जय भोले इंटरप्राइजेज' (एनजीओ) को पिछले 11 महीनों से उनके द्वारा किए गए कार्यों की राशि का भुगतान नहीं किया गया है, जिससे स्थिति बेहद विकट हो चुकी है।

**फाइलों के फेर में फंसा स्वच्छता का बजट :-** इस अप्रत्याशित वित्तीय संकट का सबसे क्रूर और सीधा असर उन गरीब सफाईकर्मियों पर पड़ रहा है, जो हर दिन शहर को साफ-सुथरा रखने के लिए अपना पसीना बहाते हैं। संवेदक को समय पर राशि न मिलने के कारण इन कर्मियों को नियमित मानदेय नहीं मिल पा रहा है, जिससे उनके सामने परिवार के भरण-पोषण का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। प्रशासनिक अधिकारियों की कार्यशैली इस कदर संवेदनहीन हो चुकी है कि कभी सफाई कार्य से संबंधित जरूरी पीएफ (प्रोविडेंट फंड) की राशि समय पर उपलब्ध नहीं कराई जाती, तो कभी आवंटित होने वाले मानदेय को फाइलों के फेर में अटका कर रख दिया जाता है। इस लगातार हो रही देरी और अनिश्चितता से तंग आकर जब बेबस सफाईकर्मियों के सामने भुखमरी की नौबत आती है, तो वे मजबूरन काम बंद कर हड़ताल पर जाने को विवश होते हैं।

**मानवीय संवेदनाओं के सहारे खिंच रही व्यवस्था,कर्ज के दलदल में डूबे संवेदक:-** ऐसी विकट परिस्थितियों में भी शहर को गंदगी के ढेर में तब्दील होने से बचाने और मानवीय संवेदनाओं को सर्वोपरि रखते हुए संवेदक अपनी जेब से और दूसरों से भारी ब्याज पर कर्ज लेकर सफाईकर्मियों को मानदेय का भुगतान करते आ रहे हैं ताकि उनके घरों का चूल्हा जलता रहे। हालांकि, प्रशासनिक अधिकारियों की इस चरम शिथिलता और लालफीताशाही ने अब संवेदक को भी पूरी तरह से आर्थिक रूप से लाचार और कर्ज के दलदल में धकेल दिया है। अब इस पूरी व्यवस्था को निजी स्तर पर संभालना और भारी-भरकम कर्ज का बोझ उठाना संवेदक के लिए पूरी तरह नामुमकिन होता जा रहा है, जिससे स्थानीय जनता में भी प्रशासन के खिलाफ भारी आक्रोश पनप रहा है।




नगर पंचायत कार्यालय का फोटो

**दो साल के एग्रीमेंट में 16 महीने का काम पूरा, पर 11 महीने की राशि अब भी बकाया :-** सफाई एनजीओ 'जय भोले इंटरप्राइजेज' के संवेदक संदीप कुमार को नगर पंचायत में दो साल के एग्रीमेंट पर कार्य कराने का कार्यादेश प्राप्त हुआ था। वर्तमान में संवेदक द्वारा करीब 16 महीने का कार्य पूरा होने को है, लेकिन इसके बावजूद प्रशासन ने उन्हें पिछले 11 महीनों की राशि का भुगतान नहीं किया है। इस भारी बकाए के कारण रोजाना मजदूरों की मजदूरी देने और सफाई उपकरणों के रख-रखाव में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। संवेदक अब पूरी तरह से लाचार हो चुके हैं और पूरी व्यवस्था किसी भी वक्त पूरी तरह ठप हो सकती है।

**आवंटन का रोना रो रहा प्रशासन, फाइलें भेजीं विभाग के पासः-** इस पूरे मामले पर जब नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी आतीष कुमार से बात की गई, तो उन्होंने अपनी लाचारी व्यक्त करते हुए बताया कि विभाग में राशि उपलब्ध नहीं होने के कारण ही संवेदक का भुगतान बाधित चल रहा है। उन्होंने सफाई देते हुए कहा कि कार्यालय स्तर से संबंधित संचिका विभाग को मार्गदर्शन और आवंटन के लिए भेज दी गई है। जैसे ही विभाग के द्वारा राशि का आवंटन प्राप्त होगा, संवेदक के बकाए भुगतान की प्रक्रिया तुरंत पूरी कर दी जाएगी। बहरहाल, अधिकारियों के इस रटे-रटाए जवाब के बीच सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि जब तक विभाग से राशि आएगी, तब तक कर्ज में डूबे संवेदक और भुखमरी झेल रहे सफाईकर्मियों के सब्र का बांध टूट चुका होगा और शहर गंदगी के समंदर में डूब रहा होगा।

## डीडीसी एवं जिप अध्यक्ष ने किया कौआकोल प्रखंड का दौरा, व्यवस्थाओं का लिया जायजा



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**कौआकोल।** नवादा की उप विकास आयुक्त (डीडीसी) नीलिमा साहू एवं जिला परिषद अध्यक्ष पुष्पा कुमारी ने गुरुवार को कौआकोल प्रखंड का दौरा कर विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। सबसे पहले डीडीसी एवं जिप अध्यक्ष ने कौआकोल थाना के समीप स्थित जिला परिषद डाकबंगला का निरीक्षण किया तथा वहां सम्बंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने सोखोदेवरा स्थित प्रसिद्ध जेपी आश्रम का भ्रमण किया। जहां ग्राम निर्माण मण्डल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार ने बुके देकर उनका स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने जेपी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा जेपी निवास का भी अवलोकन किया। इसके बाद क्षेत्र की सीमा पर स्थित भगवान महावीर के जन्मस्थान का भ्रमण कर वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने प्रखंड सह अंचल कार्यालय पहुंचकर कार्यालय की कार्यप्रणाली,जनसुविधाओं एवं विभिन्न योजनाओं की प्रगति का भी जायजा लिया। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष पुष्पा कुमारी,बीडीओ डॉ. अखिलेश कुमार,जिला परिषद सदस्य अजित यादव,ग्राम निर्माण मण्डल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार,केवीके के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ० जयवंत कुमार सिंह,वैज्ञानिक अंगद कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## रजौली में जनजातीय परिवारों तक पहुंचा 'सबसे दूर सबसे पहले' अभियान, 62 पशुओं का हुआ इलाज

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली।** जनजातीय परिवारों को सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए चलाए जा रहे विशेष जनभागीदारी अभियान 'सबसे दूर, सबसे पहले' के तहत बुधवार, 21 मई को सवैयाटांड़ पंचायत के चटकरी टोला के चांद नगर में गुरुवार को जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया।

**अधिकारियों ने सुनीं समस्याएं :-** कार्यक्रम में प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी और पंचायत स्तरीय कर्मी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने जनजातीय परिवारों की समस्याएं सुनीं और त्वरित समाधान का प्रयास किया। आवास, राशन, पेंशन, बिजली जैसी आधारभूत सुविधाओं की समस्या को लेकर संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

**पानी की समस्या पर पीएचईडी की पहल :-** स्थानीय धारीराम मुंडा, नरेंद्र हेम्ब्रम और सोहन होलोगा ने बताया कि टोले में पानी पीने की कोई व्यवस्था नहीं है। इस पर पीएचईडी जेई दामोदर कुमार ने विभागीय स्तर पर जलापूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात कही।



अभियान के दौरान बीडब्लूओ एवं सीडीपीओ के साथ ग्रामीण

**62 पशुओं का निःशुल्क इलाज :-** कार्यक्रम में प्रथम पशु चिकित्सा पदाधिकारी रेणु मुंडा ने 18 पशुपालकों के 62 पशुओं का निःशुल्क इलाज किया और आवश्यक दवा वितरित की। उन्होंने पशुपालन विभाग के अंतर्गत अन्य योजनाओं, मुर्गी पालन, बकरी पालन आदि की जानकारी दी। साथ ही पशुओं के रख-रखाव और रोगों से बचाव के लिए मिनरल मिक्सचर व कुकसाल्ट भी बांटे गए।

**महिलाओं और बच्चों पर फोकस :-** सीडीपीओ सीता कुजूर ने गांव के एकमात्र आंगनबाड़ी केंद्र योजना की बात की और महिलाओं एवं बच्चों को स्वास्थ्य व बुनियादी शिक्षा से जोड़ने पर जोर दिया। जीविका सीसी अनुप कुमार ने जीविका के लाभ बताए। एक स्वयं सहायता समूह का गठन कर महिलाओं को जीविका से जोड़ा गया।

**आयुष्मान कार्ड और जाति प्रमाण पत्र बने :-** कार्यक्रम में ग्रामीण बुधु मुंडा और कालाराम मुंडा को मनरेगा जॉबकार्ड दिया गया। डुमी देवी, मंगी देवी, नरई मुंडा और सुंदरी देवी का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। सोहन होलोगा और अलबिना हेम्ब्रम का जाति प्रमाण पत्र भी मौके पर बनाया गया।

**ग्रामीणों ने जताई खुशी :-** प्रखंड कल्याण पदाधिकारी सुरेंद्र चौहान ने सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। जनसुनवाई कार्यक्रम से स्थानीय जनजातीय परिवारों ने खुशी जाहिर की और सरकार के जीवन स्तर में सुधार के प्रयासों की सराहना की।

## बीआरसी रजौली में निपुण भारत मिशन पर मासिक बीपीएमयू बैठक

### एफएलएन को मजबूत करने की बनी रणनीति

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली।** रजौली प्रखंड स्थित बीआरसी में गुरुवार को निपुण भारत मिशन के तहत मासिक बीपीएमयू बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए रणनीति एवं कार्ययोजना तैयार करना था। बैठक में पिरामल फाउंडेशन, नवादा के प्रोग्राम मैनेजर सुजीत सुमन विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी यानी एफएलएन लक्ष्यों को हासिल करने के लिए विद्यालय स्तर पर निरंतर प्रयास और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण पर जोर दिया। बैठक में एफएलएन को मजबूत करने के लिए चार सूत्रीय कार्ययोजना होना चाहिए,जिनमें दक्षता आधारित साप्ताहिक और मासिक मूल्यांकन सुनिश्चित करना,गतिविधि आधारित शिक्षण और स्थानीय भाषा आधारित शिक्षण को बढ़ावा देना,पंचायत स्तर पर मास्टर ट्रेनर्स द्वारा नियमित मॉनिटरिंग, मार्गदर्शन और कक्षा सहयोग देना एवं एफएलएन में कमजोर बच्चों के लिए छोटे समूहों में सुधारात्मक शिक्षण और ग्रीष्मकालीन सहयोग गतिविधियां चलाना शामिल है।



बीआरसी परिसर में खड़े शिक्षकगण

**सतत मूल्यांकन पर जोर :-** बैठक में कहा गया कि निपुण भारत मिशन के सफल क्रियान्वयन के लिए सतत मूल्यांकन जरूरी है। इससे बच्चों की प्रगति ट्रैक होगी और आगे की शैक्षणिक दिशा तय की जा सकेगी।

**मास्टर ट्रेनर्स ने साझा किए अनुभव :-** विभिन्न पंचायतों के मास्टर ट्रेनर्स ने अपने फील्ड ऑब्जर्वेशन और अनुभव साझा किए। बैठक का संचालन एवं समन्वयन गांधी फेलो प्रशांत सोनटक्के ने किया।

**गांधी फेलो को दी गई विदाई :-** प्रशांत सोनटक्के पिछले दो वर्षों से रजौली प्रखंड में शिक्षा विभाग के साथ मिलकर निपुण भारत मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे थे। उनका कार्यकाल पूर्ण होने पर मास्टर ट्रेनर्स ने उन्हें भावभीनी विदाई दी।

## रजौली में गर्मी बढ़ते ही निकले विषैले जीव सांप के डसने से एक की मौत, दो घायल

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली।** रजौली प्रखंड क्षेत्र में गर्मी तेज होते ही विषैले जीव-जंतु बिलों से निकलकर रिहायशी इलाकों में पहुंचने लगे हैं। सांप और बिच्छू के काटने से लोग घायल हो रहे हैं। बुधवार रात से गुरुवार सुबह तक तीन लोग विषैले जीव के शिकार हुए, जिनमें एक की मौत हो गई।

**समय पर इलाज से बची दो की जानः-** बुधवार देर रात राधे बिगहा निवासी 28 वर्षीय उमेश यादव को बिच्छू ने डंक मार दिया। परिजन उसे अनुमंडलीय अस्पताल ले गए, जहां डॉ. बरकत अली ने इलाज के बाद घर भेज दिया। वहीं ढाब गांव की पूनम रविदास को सांप ने काट लिया। अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद वह स्वस्थ होकर घर लौट गई।



अस्पताल में लगे लोगों की भीड़

**झाड़-फूंक पड़ी भारी, युवक की मौत :-** मुरहेना पंचायत के भूपतपुर गांव में बुधवार रात करीब 12:30 बजे गिट्टी पर लेटकर मोबाइल देख रहे 32 वर्षीय बाली राजवंशी को जहरीले सांप ने डस लिया। परिजन उसे अस्पताल ले जाने की बजाय ग़ैरिबा गांव के एक तांत्रिक के पास झाड़-फूंक के लिए ले गए। तबीयत बिगड़ने पर तांत्रिक ने हाथ खड़े कर दिए। गुरुवार सुबह 4 बजे परिजन उसे अनुमंडलीय अस्पताल लाए। प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टर ने नवादा सदर अस्पताल रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान बाली की मौत हो गई। ग्रामीण रामसागर प्रसाद यादव, जागेश्वर प्रसाद मेहता और श्री प्रसाद यादव ने बताया कि मृतक अपने पीछे पत्नी, दो बेटी और एक बेटा छोड़ गया है। घर में कोहराम मचा है।

**"झाड़-फूंक नहीं, अस्पताल आएं",प्रभारी डीएस :-** रजौली अस्पताल के प्रभारी डीएस डॉ. दिलीप कुमार ने कहा कि सर्पदंश के बाद तुरंत अस्पताल पहुंचें। झाड़-फूंक के चक्कर में कीमती समय बर्बाद न करें। समय पर इलाज से जान बचाई जा सकती है। गर्मी में सांप-बिच्छू निकलते हैं, सतर्क रहें और घर के आसपास साफ-सफाई रखें।

# पंचायत समिति की बैठक में करोड़ो की योजना पारित

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नारदीगंज( नवादा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित उजला भवन में गुरुवार को पंचायत समिति की बैठक आयोजित हुई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमुख शोभा भारती ने किया। वही संचालन बीडीओ सोनिया ढनढननिया ने की। इस बैठक में मनरेगा योजना में 15 करोड़ रुपये की योजना ली गई, और 15 वीं मद में 75 लाख रुपये की योजना लिया गया।

बीडीओ ने कहा भीषण गर्मी है। ऐसे में इलाकों में पेयजल संकट बना हुआ है। जहां भी पहाड़ी चापाकल खराब है। सभी पंचायत समिति सदस्य वाट्सअप ग्रुप में लिखकर सूचना दें,ताकि विभागीय स्तर पर चापाकल की मरम्मती कर पेयजलापूर्ति की जाएगी। ट्रेकर से भी पानी उपलब्ध कराई जाएगी। जिले में 34 ट्रैकर उपलब्ध है। वही पीएचईडी के कनीय अभियंता सुनील कुमार ने कहा मुखिया व पंचायत समिति के माध्यम से सही तरीके से खराब पड़े चापाकल का प्रतिवेदन नहीं भेजे जाने से परेशानी बनी हुई है। बीएओ विवेक कुमार गौरव ने कहा फार्मर रजिस्ट्री का कार्य चल रहा है। फार्मर रजिस्ट्री वाले किसानों को लाभ मिलेगा। भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी डा.जितेन्द्र कुमार ने कहा मोबाइल वैन के माध्यम से सूचना मिलने पर पशुओं का इलाज से किया जाता है। आप सभी विभाग के 1962 ट्रोल फ्री नबंर पर पशुओं का इलाज घर बैठे करा सकते हैं।



स्वास्थ्य प्रबंधक इरशाद अहमद ने कहा अभी सौ दिवसीय टीबी मुक्त योजना चल रही है।

भारत देश को वर्ष 2030 तक टीबी मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है। निःशुल्क इलाज हो रहा है। राशनकार्ड धारियों को निःशुल्क आयुष्मान कार्ड सीएचसी नारदीगंज में प्रतिदिन बन रहा है। सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए किशोरियां को वैक्सीन दी जा रही है। इसके अलावा अन्य अधिकारियों ने भी अपने विभाग में चल रहे कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

बैठक के पहले नवादा विधायक विभा देवी ने आयोजित पंचायत समिति की बैठक में महत्वपूर्ण विभाग के कई अधिकारियों की अनुपस्थिति और कई विभागों के मातहतों को भेजने को लेकर नाराजगी जाहिर करते हुए वाक आउट की। उसके बाद बीडीओ सोनिया ढनढननिया को सम्बंधित अधिकारियों के विरुद्ध प्रस्ताव में लेने का निर्देश दिया, ताकि विभाग के वरीय अधिकारियों को कार्रवाई के लिए लिखा जाए। उन्होंने कहा यह जनहित के लिए बैठक आयोजित हुई थी,ऐसे बैठक में महत्वपूर्ण विभाग के अधिकारियों को नहीं उपस्थित होना,और मातहत को भेजना अनुचित है। यह बैठक एक बजे से शुरु होनी थी, और दो बजे तक अधिकांश अधिकारी बैठक में भाग नहीं हो पाए,जो गंभीर विषय है।

विधायक ने सदन में कहा दो बज गये हैं। समय की कीमत है। इस तरह की बैठक करने का अब कोई औचित्य नहीं है, और दो बजे तक इंतजार करने के बाद वे सदन से बाहर चले गए। उनके साथ में नवादा विधायक के पीए राकेश कुमार भी रहे। विधायक के चले जाने के बाद सीओ रईस आलम कार्यक्रम में पहुंचे। मौके पर उप प्रमुख अमित कुमार, प्रभारी बीपीआरओ पूजा कुमारी,मुखिया अमिता देवी,पंचायत समिति गीता चौधरी, देवन ठाकुर ,सुदामा सिंह,ललिता देवी, समेत अन्य रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### लैविश लाइफ का झांसा देकर बच्ची का अपहरण, महिला जबरन कराने लगी देहव्यापार

**नालंदा**। नालंदा में 11 दिनों तक 14 साल की लड़की से जबरन देहव्यापार कराने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मंगलवार को नाबालिग का रेस्क्यू किया। साथ ही तीन महिला समेत 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। नाबालिग को 7 मई को उस वक्त किडनैप किया गया था, जब वो स्कूल जा रही थी। किडनैप करने के बाद आरोपियों ने नाबालिग को उसके घर से मात्र 2 किलोमीटर दूर एक मकान में रखा था। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि मुख्य आरोपी महिला पहले भी जबरन महिलाओं, लड़कियों से देहव्यापार कराने के मामले में शामिल रही है, उसे जेल भी भेजा जा चुका है। नाबालिग के 7 मई को स्कूल के लिए घर से निकलने और शाम तक वापस नहीं आने के बाद उसकी मां की ओर से लहेरी थाना में बेटी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए लहेरी पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की। इसी दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि बच्ची को जेपी हॉस्पिटल के पीछे नालंदा कॉलोनी में रेखा देवी नामक महिला ने अपने घर में रखा है और उससे देहव्यापार कराया जा रहा है। सूचना के बाद नाबालिग को बरामद कर महिला समेत 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया। नाबालिग की मां दिव्यांग है, जबकि उसके पिता की मौत पहले ही हो चुकी है। नाबालिग दो बहनों में छोटी है। नाबालिग की मां ने बताया कि पति की मौत के बाद मैं शहर के एक इलाके में भुट्टा बेचती हूं। बेटी कभी-कभी मेरे साथ दुकान पर रहती थी। वो स्कूल में पढ़ाई करती है। 7 मई को हर दिन की तरह स्कूल के लिए निकली, लेकिन शाम को घर नहीं लौटी। पड़ोसियों की मदद से मैंने अपनी बेटी की काफी तलाश की, स्कूल में पता किया तो जानकारी मिली कि बेटी स्कूल नहीं गई थी। नाबालिग की मां के मुताबिक, उन्होंने बेटी को उसकी सहेलियों के घर भी तलाशा, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल पाया। जब देर रात हो गई और बेटी के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली तो एक रिश्तेदार से कहा, पुलिस से शिकायत कर दीजिए। इसके बाद मैं अपने परिचितों के साथ लहेरी थाना पहुंची। थाना अध्यक्ष रंजीत कुमार रजक को सारी बातें बताई। जिसके बाद उन्होंने अपहरण से संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया और जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# बिजली विभाग के समर्थन में उतरे लोग, बोले– कार्रवाई से बचने के लिए लगाए जा रहे आरोप

◆ **बिजली विभाग पर घूस मांगने का आरोप बना चर्चा का विषय, विभाग ने कहा– फाइन से बचने की कोशिश**

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता






**इमामगंज**। इमामगंज प्रखंड में बिजली विभाग पर लगाए गए रिश्वत मांगने के आरोप अब पूरे इलाके में चर्चा का विषय बन गए हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे आरोपों के बीच बिजली विभाग ने मामले को पूरी तरह निराधार बताते हुए कहा है कि विभागीय कार्रवाई और फाइन से बचने के लिए इस तरह के आरोप लगाए जा रहे हैं। वहीं क्षेत्र के लोगों के बीच भी इस मुद्दे को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

मंझौलि गांव निवासी उमेश साव ने बिजली विभाग के जेई सचिन कुमार पर रिश्वत मांगने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि विभागीय जांच के दौरान उन पर करीब चार लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया और मामले को सुलझाने के नाम पर 70 हजार रुपये की मांग की गई। सोशल मीडिया पर उन्होंने 20 हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर का स्क्रीनशॉट भी साझा किया है, जिसके बाद मामला तेजी से फैल गया।

इधर बिजली विभाग ने पूरे मामले पर सफाई देते हुए आरोपों को बेबुनियाद बताया है। विभागीय एसडीओ राजीव झा ने कहा कि जांच के दौरान पाया गया कि घरेलू कनेक्शन पर आइसक्रीम फैक्ट्री का संचालन किया जा रहा था, जबकि इस तरह के व्यवसाय के लिए औद्योगिक कनेक्शन जरूरी है। साथ ही निर्धारित क्षमता से अधिक बिजली लोड का इस्तेमाल भी किया जा रहा था। इसी आधार पर नियमानुसार फाइन की प्रक्रिया शुरू की गई थी। एसडीओ ने स्पष्ट किया कि मामला बिजली चोरी का नहीं, बल्कि नियम से अधिक लोड उपयोग करने का है। उन्होंने यह भी बताया कि उपभोक्ता पर करीब 19 हजार रुपये से अधिक बिजली बिल बकाया था, जिसे जमा कराने के निर्देश दिए गए थे। वहीं विभाग के सुपरवाइजर विक्रम सिंह ने कहा कि तकनीकी कारणों से कुछ दिनों तक ऑनलाइन भुगतान सेवा बाधित थी। इसी वजह से मीटर रीडर के माध्यम से राशि जमा कराने की बात कही गई थी। विभाग का दावा है कि ऑनलाइन भेजी गई राशि बिजली बिल भुगतान से जुड़ी थी, न कि किसी प्रकार की रिश्वत। पूरे मामले को लेकर क्षेत्र में बहस तेज है। कई लोगों का कहना है कि बिजली विभाग की सख्ती के बाद उपभोक्ता कार्रवाई से बचने के लिए सोशल मीडिया का सहारा ले रहे हैं, जबकि कुछ लोग मामले की निष्पक्ष जांच की मांग भी कर रहे हैं। फिलहाल यह विवाद इलाके में चर्चा का प्रमुख विषय बना हुआ है।

# गयाजी में राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनाई

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गया**। गया में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। जिला कांग्रेस कमेटी ने राजेंद्र आश्रम स्थित अपने कार्यालय में शहादत दिवस के रूप में यह कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रजनीश कुमार की अध्यक्षता में बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर और माल्यार्पण के साथ हुई। उपस्थित कांग्रेसजनों ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी और देश के प्रति उनके योगदान को याद किया। नेताओं और कार्यकर्ताओं ने इस दौरान कहा कि राजीव गांधी ने आधुनिक भारत के निर्माण की दिशा में कई ऐतिहासिक निर्णय लिए, जिनका लाभ देश को आज भी मिल रहा है।

अपने संबोधन में जिला कांग्रेस अध्यक्ष रजनीश कुमार ने राजीव गांधी को दूरदर्शी नेता बताया। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी ने भारत में सूचना प्रौद्योगिकी, कंप्यूटर और दूरसंचार क्रांति की नींव रखी। उनके प्रयासों से देश तकनीकी विकास की नई दिशा में आगे बढ़ा और युवाओं को नए अवसर मिले। रजनीश कुमार ने पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने और गांव स्तर तक लोकतंत्र को पहुंचाने में राजीव गांधी की भूमिका को भी रेखांकित किया। रजनीश कुमार ने यह भी कहा कि राजीव गांधी हमेशा युवाओं को राजनीति और विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के पक्षधर थे। देश को 21वीं सदी की ओर ले जाने का उनका सपना आज भी लोगों को प्रेरित करता है। कांग्रेस नेताओं ने राजीव गांधी के व्यक्तित्व को सादगी, आधुनिक सोच और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक बताया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। उन्होंने राजीव गांधी के बताए मार्ग पर चलकर समाज में भाईचारा, विकास और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने की बात भी कही।

### संदिग्ध हालत में विवाहिता की मौत

**नालंदा**। नालंदा में एक विवाहिता की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर गला दबाकर हत्या का आरोप लगाया है। मृतका की पहचान मघड़ा निवासी टूटू यादव की पत्नी कमला देवी(26) के रूप में की गई है। तीन छोटे-छोटे बच्चे है। घटना दीपनगर थाना क्षेत्र की है। सूचना मिलते ही मानपुर के सिनथु गांव से मायके पक्ष के लोग पहुंचे। भाई राजू यादव ने बताया कि कमला घर का सारा काम और खेती-बारी अकेले संभालती थी। खाना बनाने को लेकर हुए मामूली विवाद में पति, सास, देवर और गोतनी ने मिलकर गला दबाकर हत्या कर दी। सबूत मिटाने के लिए शव पानी में भिंगाकर घर में छिपा। हमलोगों को फोन करके बताया कि तालाब में डूबने से मौत हुई है। कोई व्यक्ति अगर तालाब में डूबेगा तो उसकी लाश तुरंत बाहर नहीं आती। इन लोगों ने हत्या करने के बाद पूरी साजिश रची है। वहीं, मृतका की बहन खुशबू ने बताया कि जीजा (टूटू यादव) ने फोन पर यह बात स्वीकार की थी कि उसने कमला को दो लाठी मारा था, जिसके बाद वह तालाब में कूद गई। मारपीट के बाद हत्या कर शव को घर में रख दिया गया था। परिवार के लोग फरार थे। परिजनों के अनुसार, टूटू यादव चेन्नई में सेंटिंग का काम करता है। पति-पत्नी के बीच पूर्व में भी विवाद हुआ था, जिसके बाद कमला करीब पांच महीने से अपने मायके सिन्थू में ही रह रही थी। तीन दिन पहले ही उसे विदा कराकर मघड़ा लाया था। दीपनगर थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया है। प्रथम दृष्टया जांच में यह बात सामने आई है कि पति-पत्नी के बीच मुर्गा बनाने की बात को लेकर विवाद हुआ था, जिसके बाद महिला ने मघड़ा तालाब में कूदकर अपनी जान दे दी। मामले की गहराई से छानबीन की जा रही है। मायके पक्ष से आवेदन मिलने पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।


### राजगीर-बख्तियारपुर रेलखंड पर हादसा, हरनौत स्टेशन के पास मेमू ट्रेन से कटकर बुजुर्ग की मौत, दो हिस्सों में बंटी बॉडी

**नालंदा**। राजगीर-बख्तियारपुर रेलखंड के हरनौत रेलवे स्टेशन के समीप ट्रेन की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत हो गई। टक्कर के बाद बॉडी दो हिस्सों में बंट गई। मृतक सियाशरण जमादार(76) मिरदहाचक पोआरी के रहने वाले थे। मृतक के भतीजे प्रभाकर कुमार ने बताया कि चाचा ने दो दिन पहले ही अपनी आंख का ऑपरेशन करवाया था। गुरुवार की सुबह अकेले ही घर से निकले थे। जांच कराने के लिए बिहारशरीफ जा रहे थे, लेकिन हास्ते के शिकार हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर परिवार के लिए मौके पर पहुंचे। वहीं, इस मामले को लेकर बख्तियारपुर जंक्शन के आरपीएफ इंस्पेक्टर जवाहरलाल ने एक चौंकाने वाला बयान दिया है। उन्होंने बताया कि बिहारशरीफ से एक मेमू पैसेंजर ट्रेन (गाड़ी संख्या 63339) बख्तियारपुर की ओर आ रही थी। इसी बीच अचानक बुजुर्ग रेल पटरी पर लेट गए, जिसके कारण ट्रेन से कटकर उनकी मौके पर ही मौत हो गई। ट्रेन की चपेट में आने से उनका शरीर दो हिस्सों में तब्दील हो गया था। परिजनों की ओर से आवेदन मिलने पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस इस बात की बारीकी से जांच कर रही है कि यह एक हादसा है या बुजुर्ग ने मानसिक तनाव या किसी अन्य कारण से आत्मघाती कदम उठाया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए मॉडल अस्पताल भेजा गया है।

### प्रशासन की बैरिकेडिंग से आस्था पर पहरा

**नालंदा**। विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक मलमास मेले में इस बार जिला प्रशासन की ओर से की गई कड़ी बैरिकेडिंग श्रद्धालुओं की आस्था और तीर्थ पुरोहितों की जीविका पर भारी पड़ती दिख रही है। मेले के मुख्य आकर्षण और आध्यात्मिक केंद्र 'भगवान के ध्वज' और ऐतिहासिक मंदिरों तक श्रद्धालुओं को नहीं जाने देने के कारण तीर्थ पुरोहितों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय पंडा कमेटी के सदस्यों का कहना है कि प्रशासन के अड़ियल रवैए के कारण श्रद्धालु केवल ब्रह्मकुंड में स्नान कर बाहर निकलने को मजबूर हैं, जबकि मेले की मुख्य धार्मिक परंपराओं से उन्हें वंचित किया जा रहा है। तीर्थ पुरोहित रंजीव उपाध्याय ने बताया कि इस पावन ध्वज का विशेष महत्व है, जहां 33 कोटि देवी-देवता विराजमान हैं।

खुद मुख्यमंत्री ने इस ध्वजा का रोहण कर मलमास मेले का विधिवत प्रारंभ किया था। नियम के अनुसार, ब्रह्मकुंड में स्नान करने के बाद इस ध्वज और लक्ष्मी नारायण मंदिर का दर्शन करने पर ही पूर्ण पुण्य की प्राप्ति होती है। लेकिन प्रशासन ने ऐसी बैरिकेडिंग कर दी है कि श्रद्धालु सिर्फ ब्रह्मकुंड में स्नान कर निकास द्वार से सीधे बाहर भेज दिए जा रहे हैं। इसके कारण न तो लोग लक्ष्मी नारायण मंदिर पहुंच पा रहे हैं और न ही सरस्वती कुंड में प्रथम स्नान कर पा रहे हैं।



बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


## संक्षिप्त समाचार

### नो-इंट्री, बिना रोक-टोक दौड़ रहे ट्रक-ट्रैक्टर

**कोईलवर**। नगर पंचायत कोईलवर क्षेत्र में भारी वाहनों पर लागू नो-इंट्री व्यवस्था पूरी तरह बेअसर साबित हो रही है। प्रशासन द्वारा समय और रूट तय किए जाने के बावजूद बालू लदे ट्रक और ट्रैक्टर दिन-रात नगर की सड़कों पर बेधड़क दौड़ रहे हैं। स्थिति यह है कि कई वाहन चालक नियमों की अनदेखी करते हुए सड़कों पर ओवरटेक भी कर रहे हैं, जिससे आम लोगों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। नगर के बाजार, मुख्य सड़क और रिहायशी इलाकों में हर समय भारी वाहनों की आवाजाही बनी रहती है। खासकर सुबह और शाम के समय ट्रकों की लंबी कतार लग जाती है, जिससे जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। स्कूल जाने वाले बच्चों, बाइक सवारों, दुकानदारों और पैदल चलने वाले लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। तेज रफ्तार और लापरवाही से चल रहे ट्रकों के कारण लोगों में हर समय हादसे का डर बना रहता है। लगातार बढ़ती परेशानी को लेकर नगरवासियों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले दिनों में बड़ी दुर्घटना होने से इंकार नहीं किया जा सकता। अलग रूट है, लेकिन पालन नहीं: नगरवासियों के अनुसार बालू ढुलाई के लिए प्रशासन ने अलग-अलग रूट निर्धारित किए हैं, लेकिन अधिकांश चालक तय मार्गों का पालन नहीं करते। नतीजा यह है कि नगर के अंदर दिनभर भारी वाहनों का दबाव बना रहता है। धूल, शोर और जाम से लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। स्थिति से नाराज नगर के लोगों का एक शिष्टमंडल कुछ दिन पूर्व कोईलवर थाना पहुंचा था। शिष्टमंडल ने लिखित आवेदन देकर नगर पंचायत क्षेत्र में ट्रक और ट्रैक्टरों के बेतरतीब परिचालन पर रोक लगाने तथा सख्ती से नो-इंट्री लागू कराने की मांग की थी। लोगों ने पुलिस प्रशासन से नियमित जांच और कार्रवाई की भी अपील की थी। हालांकि आवेदन देने के बाद भी स्थिति में कोई खास सुधार नहीं दिख रहा है। ग्रामीणों की मांगें अनसुनी कर रहे अधिकारीः स्थानीय लोगों प्रेम कुमार, राकेश शर्मा, विरमन्यु यादव, नीरज सिंह सहित दर्जनों नागरिकों ने बताया कि नगर के अंदर बड़े वाहनों के प्रवेश और ओवरटेक पर रोक लगाने की बात कई बार कही गई, लेकिन इसका असर कहीं दिखाई नहीं दे रहा है। लोगों का कहना है कि ट्रक चालक नियमों को ताक पर रखकर अपनी सुविधा के अनुसार किसी भी मार्ग से वाहन लेकर गुजर रहे हैं। कई जगहों पर गलत दिशा से भी ट्रकों का परिचालन देखा जा रहा है, जिससे ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है।

### डीएम ने की बाढ़ व सुखाड़ से संबंधित समीक्षा बैठक

**आरा**। जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में बुधवार को बाढ़ व सुखाड़ से संबंधित समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में आपदा प्रबंधन से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गयी। बैठक के दौरान प्रभारी पदाधिकारी, आपदा प्रबंधन ने बाढ़ व सुखाड़ की वर्तमान स्थिति और उससे संबंधित तैयारियों की समीक्षा प्रस्तुत की। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि अगलगी की घटनाओं में फसल क्षति से प्रभावित लाभुकों को अविलंब सहायता राशि का भुगतान सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही बाढ़ प्रभावित पीड़ितों को भी नियमानुसार शीघ्र भुगतान करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया गया। सुखाड़ की संभावित स्थिति से निपटने के लिए जिलाधिकारी ने लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग (पीएचईडी) के कार्यपालक अभियंता को सभी प्रखंडों से जलस्तर की अद्यतन जानकारी नियमित तौर से प्राप्त कर अवगत कराने का निर्देश दिया। साथ ही पेयजल संकट की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए आवश्यक तैयारी समय रहते पूर्ण करने पर बल दिया गया। बैठक में पशुपालन विभाग को पशुओं के लिए चारा और पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। विद्युत विभाग को संभावित आपदा की स्थिति में निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनाए रखने और क्षतिग्रस्त विद्युत संरचनाओं के त्वरित मरम्मति कार्य के लिए आवश्यक तैयारी रखने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त अन्य संबंधित विभागों को भी आपदा की स्थिति से निपटने के लिए समन्वय स्थापित करते हुए सतर्कता व त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में सभी अनुमंडल पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी आपदा, संबंधित विभाग के कार्यपालक पदाधिकारी सभी अंचलाधिकारी व अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### परीक्षा केंद्रों पर पानी की हो उपलब्धता

**आरा**। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित स्नातकोत्तर सेमेस्टर-टू सत्र, 2025-27 की परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं की कमी को लेकर छात्र संगठन आइसा का प्रतिनिधिमंडल बुधवार को एसबी कॉलेज के परीक्षा नियंत्रक डॉ नीतू कुमारी से मिला। प्रतिनिधिमंडल में आइसा के जिलाध्यक्ष विकास कुमार, एसबी कॉलेज इकाई के सचिव साहिल अरोड़ा, अध्यक्ष राजन कुमार, छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष सुधीर कुमार एवं आरवाईए के जिला सह सचिव अखिलेश गुप्ता शामिल थे। आइसा नेताओं ने बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा पीजी सेमेस्टर-टू की परीक्षा सात केंद्रों पर आयोजित कराई जा रही है, जिसमें चार केंद्र आरा, एक-एक केंद्र बक्सर, भभुआ एवं सासाराम में बनाए गए हैं। भीषण गर्मी और 42 डिग्री तापमान के बीच परीक्षार्थियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आरा में बिजली संकट के कारण हालात और गंभीर हो गए हैं। छात्र नेताओं ने आरोप लगाया कि कई परीक्षा केंद्रों पर बिजली और पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं होने से परीक्षार्थियों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। एसबी कॉलेज में भी कई छात्रों की तबीयत खराब हो गई। सूचना मिलने पर आइसा की टीम कॉलेज पहुंची, जहां बिजली नहीं रहने के कारण छात्र-छात्राओं को कठिनाई झेलनी पड़ रही थी। संगठन के हस्तक्षेप के बाद कॉलेज प्रशासन ने जनरेटर चालू कराया, जिससे परीक्षार्थियों को राहत मिली। आइसा ने विश्वविद्यालय प्रशासन से सभी परीक्षा केंद्रों पर तत्काल बिजली, पानी एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने तथा केंद्रों का निरीक्षण कराने की मांग की। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि जल्द व्यवस्था नहीं सुधारी गई तो आंदोलन + बिहार में शिक्षा व्यवस्था बदहाल हो चुकी है आइसा के जिलाध्यक्ष विकास कुमार ने कहा कि बिहार में शिक्षा व्यवस्था बदहाल हो चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा-जदयू सरकार शिक्षा संस्थानों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने में विफल रही है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में लाइब्रेरी, प्रयोगशाला, शिक्षक एवं कर्मचारियों की भारी कमी है। आइसा शिक्षा के बाजारीकरण और शिक्षा व्यवस्था की बदहाली के खिलाफ लगातार संघर्ष करता रहा है और आगे भी छात्रों के अधिकारों के लिए आंदोलन जारी रहेगा।

### पर्यावरण एवं प्रकृति संरक्षण को लेकर पोस्टर प्रतियोगिता

**आरा**। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर जंतु विज्ञान विभाग में अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता संरक्षण दिवस पर बुधवार को पोस्टर प्रतियोगिता एवं जागरूकता कार्यक्रम हुआ। आयोजन विभागाध्यक्ष डॉ. फरीदा बानो एवं सीएसआईआर-निरी के संयुक्त नेतृत्व में किया गया। एक्ट लोकली फॉर ग्लोबल इंपैक्ट विषय पर आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में दो दर्जन से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता एवं प्रकृति संतुलन से जुड़े विषयों पर आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक पोस्टर प्रस्तुत किए। प्रतिभागियों ने अपने पोस्टरों के माध्यम से जैव विविधता संरक्षण के महत्व को प्रभावशाली ढंग से प्रदर्शित किया। कार्यक्रम का निर्देशन प्रोफेसर दीनानाथ पंडित एवं वरीय सहायक प्राध्यापक अमित प्रियदर्शी ने संयुक्त रूप से किया। मुख्य अतिथि के रूप में बिहार राज्य जैव विविधता बोर्ड के उप निदेशक मिहिर कुमार झा तथा सीएसआईआर-निरी, कोलकाता क्षेत्रीय केंद्र की वैज्ञानिक डॉ. कंचन कुमारी उपस्थित रहीं। अतिथियों ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता, जागरूकता एवं पोस्टर कला की सराहना करते हुए जैव विविधता संरक्षण के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। प्रतियोगिता में अनुपम ज्योति ने प्रथम, सदफ नाज ने द्वितीय तथा नेहा कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में धनु कुमार पाण्डेय, राजीव रंजन, जाकिर इमाम, रिजवान, संतोष एवं सनोज कुमार सहित कई शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से महादलित बस्तियों तक नहीं पहुंचा पानी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर**। बक्सर के सिमरी प्रखंड में 202 करोड़ 70 लाख रुपए की लागत से बना वाटर ट्रीटमेंट प्लांट हजारों लोगों की प्यास बुझाने में विफल रहा है। भीषण गर्मी के बीच यहां के लोग आज भी शुद्ध पानी की एक-एक बूंद के लिए तरस रहे हैं। सरकारी दावों में इस परियोजना को 'आर्सेनिक मुक्त जल क्रांति' बताया गया था। हालांकि, जमीनी हकीकत इसके विपरीत है, जहां महादलित बस्तियों के लोग आज भी जहरीला पानी पीने को मजबूर हैं। बच्चों में चर्म रोग के निशान देखे जा रहे हैं, और महिलाएं दूषित पानी को छानकर पीने को विवश हैं। यह महत्वाकांक्षी योजना बक्सर जिले के सिमरी प्रखंड की 15 और बक्सर सदर प्रखंड की 5 पंचायतों के कुल 51 गांवों के 214 वार्डों में रहने वाले लगभग 36 हजार परिवारों को आर्सेनिक युक्त पानी से मुक्ति दिलाने के लिए बनाई गई थी। इसका उद्देश्य गंगा नदी के पानी को शुद्ध कर पाइपलाइन के माध्यम से हर घर तक पहुंचाना था। परियोजना का उद्घाटन 15 फरवरी 2025 को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया था। उस समय यह दावा किया गया था कि सभी परिवारों को नियमित रूप से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। लेकिन, यह दावा सरकारी फाइलों तक ही सीमित होकर रह गया। गांवों में की गई पड़ताल में चौंकाने वाली तस्वीर सामने आई। सिमरी प्रखंड के केशोपुर और पांडेयपुर जैसे गांवों में लोग पीपल के पेड़ के नीचे बैठकर पानी की समस्या पर अपनी पीड़ा व्यक्त करते मिले। कई घरों तक पाइपलाइन पहुंच चुकी है, लेकिन नल सूखे पड़े हैं। जिन घरों में अभी तक कनेक्शन नहीं पहुंचा है, वहां के लोग आज भी हैंडपंप के जहरीले पानी पर निर्भर हैं।

**16 साल में पूरी हुई योजना, फिर भी अधूरी राहतः** इस परियोजना की कहानी भी विवादों से भरी रही है। वर्ष 2009 में तत्कालीन पीएचईडी मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने 112 करोड़ 57 लाख रुपए की लागत से इसका शिलान्यास किया था। हैदराबाद की एक कंपनी को करीब 100 करोड़ रुपए में काम दिया गया, लेकिन आरोप है कि कंपनी बिना काम पूरा किए पैसा लेकर फरार हो गई। इसके बाद दोबारा टेंडर हुआ और करीब 16 साल की देरी के बाद परियोजना 202 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हुई। दावा किया गया कि गंगा जल को शुद्ध कर 36 हजार 760 परिवारों तक पहुंचाया जाएगा। लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि यह दावा सिर्फ कागजों तक सीमित रह गया।

**तीन प्री-सेटलिंग टैंक बनाए गएः** वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में तैनात केमिस्ट रियाजुद्दीन अंसारी का कहना है कि प्लांट से नियमित रूप से सुबह तीन घंटे और शाम तीन घंटे पानी सप्लाई किया जा रहा है। उनके अनुसार, पानी चार स्तर की फिल्टर प्रक्रिया और टीडीएस जांच के बाद गांवों में भेजा जाता है। उन्होंने बताया कि तीन प्री-सेटलिंग टैंक बनाए गए हैं, जिनमें प्रत्येक की क्षमता 40 लाख लीटर है। उनका दावा है कि इस परियोजना से आर्सेनिक प्रभावित लोगों को राहत मिली है। हालांकि, गांवों में रहने वाले लोग इस दावे को पूरी तरह खारिज करते हैं।

## सोन नदी में डूबने से बुजुर्ग की मौत



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा**। भोजपुर के सोन नदी में डूबने से मछली मारने गए बुजुर्ग की मौत हो गई। घटना संदेश थाना क्षेत्र के चिल्होस बंगला के बालू घाट नंबर-14 के पास की है। जानकारी के अनुसार मृतक संदेश थाना क्षेत्र के चिल्होस गांव निवासी स्व. ब्रह्मदेव चौधरी के 60 साल के बेटे राजाराम चौधरी है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि दोपहर में मछली मारने के लिए कि चिल्होस बंगला बालू घाट नंबर 14 के किनारे सोन नदी किनारे गए हुए थे। जहां मछली मारने के दौरान वह सोन नदी में गिरकर डूब गये।

**पुलिस ने परिजनों को दी घटना की जानकारीः** काफी देर बीत जाने के जब वह मौजूद लोगों ने उनके शव को सोन नदी के किनारे देखा तो उन्होंने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। सूचना पाकर स्थानीय थाना वहां पहुंची और पुलिस ने इसकी सूचना उनके परिजन को दी। सूचना पाकर परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। इसके बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। मृतक के परिवार में पत्नी व तीन बेटे है। जिनमें दो बेटे बाहर रहते है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। इस घटना के बाद मृतक की पत्नी और परिवार के सभी सदस्यों को लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## दो ट्रकों की टक्कर में एक की मौत



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा**। आरा-छपरा फोरलेन पर जिले के बबुरा थाना क्षेत्र के बबुरा पेट्रोल पंप के पास अनियंत्रित ट्रक ने दूसरे ट्रक में टक्कर मार दी। दूसरा ट्रक आगे चल रहा था। हादसे में छपरा निवासी चालक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मृतक सारण (छपरा) जिला के एकमा थाना क्षेत्र के एकम गांव निवासी स्व. महावीर राय के 60 वर्षीय पुत्र चंद्रिका राय हैं। वह पेशे से चालक थे।

**पुलिस ने फोन कर परिजन को दी जानकारीः** मृतक के दामाद मुकेश यादव ने बताया कि वह ट्रक चालक थे और बराबर घर से बाहर रहते थे। वह ट्रक लेकर बालू लोड करने कोईलवर सोन नदी बालू घाट आ रहे थे। उसी बीच बबुरा पेट्रोल पंप के पास उनका ट्रक दूसरे ट्रक से टकरा गया। जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस ने उनके मोबाइल से फोन कर परिजन को सूचना दी। सूचना पाकर परिजन आरा सदर अस्पताल पहुंचे। तब पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराया। बताया जाता है कि मृतक अपने मां-बाप की इकलौते संतान थे। उनके परिवार में पत्नी ललिता देवी व 3 बेटियां आशा देवी, उषा देवी और प्रतिमा देवी है। घटना के बाद मृतक के घर में मातम है। मृतक की पत्नी ललिता देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## आपन भोजपुर, निपुण भोजपुर अभियान के तहत उत्कृष्ट शिक्षकों एवं विद्यालयों को किया गया सम्मानित

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**आरा**। मिशन निपुण भारत के सफल क्रियान्वयन के तहत वर्ष 2025-26 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले निपुण विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों एवं प्रखंड स्तरीय नोडल शिक्षकों को सम्मानित करने के लिए बुधवार को स्थानीय नागरी प्रचारिणी सभागार, आरा में सम्मान समारोह सह बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम "आपन भोजपुर, निपुण भोजपुर" अभियान के अंतर्गत आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न प्रखंडों से निपुण लक्ष्य प्राप्त करने वाले विद्यालयों के प्रधानाध्यापक एवं नोडल शिक्षकों ने भाग लिया। समारोह में मिशन निपुण भारत के तहत जिले में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों की समीक्षा भी की गई। इनमें नोडल शिक्षकों की बैठक, प्रशिक्षण कार्यक्रम, विद्यालयों में शैक्षणिक अनुश्रवण, बेसलाइन टेस्ट, मूल्यांकन एवं सतत सुधार संबंधी कार्य प्रमुख रहे। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी चंदन प्रभाकर ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देना तथा शिक्षकों को प्रेरित करना है, ताकि जिले के सभी विद्यालय निपुण लक्ष्य की दिशा में प्रभावी ढंग से कार्य कर सकें। वहीं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) रमेश कुमार पाल ने कहा कि भोजपुर के शिक्षक बच्चों को निपुण बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं और हर छात्र को निपुण छात्र बनाने की दिशा में लगातार प्रयास जारी है। जिला शिक्षा पदाधिकारी मानवेन्द्र कुमार राय ने कहा कि भोजपुर जिले के शिक्षक अपने विद्यालयों में अतुलनीय कार्य कर रहे हैं। उनके प्रयासों से "आपन भोजपुर, निपुण भोजपुर" कार्यक्रम प्रभावी रूप से सफल हो रहा है। उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों की सराहना करते हुए 221 विद्यालयों के शिक्षकों एवं 44 प्रखंड स्तरीय नोडल शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में जिला कोषागार पदाधिकारी श्याम किशोर पटेल, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी आलोक कुमार गौतम, जिला कला संस्कृति पदाधिकारी अनुप्रिया, एपीओ राजेश कुमार, मिथिलेश कुमार, मधुसूदन वर्मा, सर्वजीत कुमार सिंह, रेणु कुमारी, जिला स्तरीय नोडल शिक्षक अरुण कुमार सिंह, प्रदीप कुमार, धर्मेन्द्र कुमार पांडे, सुजाता बिंदा सिंह, प्रधानाध्यापक कमलेश कुमार, ज्ञानचंद जैन, प्रधान शिक्षक आशुतोष कुमार सिंह, लोकेश कुमार दिवाकर, प्रेम प्रकाश और शिक्षक श्याम सुंदर सहित कई अधिकारी एवं शिक्षक उपस्थित रहे। **प्रधानाध्यापक एवं नोडल शिक्षक हुए सम्मानितः** अगिआंव प्रखंड के मध्य विद्यालय, पवना के प्रधानाध्यापक विनय कुमार सिंह को सम्मानित किया गया।

# स्टार्टअप के लिए कानूनी जागरुकता जरूरी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**आरा**। बिहार के उभरते उद्यमियों और स्टार्टअप संस्थाओं को कानूनी रूप से सशक्त एवं बाजार के लिए तैयार करने के उद्देश्य से जगजीवन कॉलेज, आरा में बुधवार को एक दिवसीय विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन स्टार्टअप सेल, जगजीवन कॉलेज एवं उद्योग विभाग, भोजपुर के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यशाला का विषय "बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर), जीएसटी, कंपनी इनकॉरपोरेशन और स्टार्टअप कॉन्ट्रैक्ट" रहा। इसमें शोधकर्ताओं एवं छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज की प्राचार्या प्रो. डॉ. आभा सिंह ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में शाहाबाद जोन के जॉइंट कमिश्नर टैक्स नरेश कुमार उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में कमर्शियल टैक्स ऑफिसर आबिद सुबहानी, डीसी भोजपुर के जोनल मैनेजर निखिल कश्यप तथा प्रोजेक्ट मैनेजर मधु कुमारी मौजूद रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत बाबू जगजीवन राम की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। **संभावनाओं और चुनौतियों पर चर्चाः** अध्यक्षीय संबोधन में प्राचार्या प्रो. डॉ. आभा सिंह ने बिहार में स्टार्टअप इकोसिस्टम की संभावनाओं और चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की। मुख्य अतिथि नरेश कुमार ने स्टार्टअप से जुड़े टैक्स संबंधी मुद्दों और उनके समाधान पर प्रकाश डाला। वहीं आबिद सुबहानी ने जीएसटी से संबंधित जटिलताओं और उसके व्यावहारिक पहलुओं की जानकारी दी। प्रोजेक्ट मैनेजर मधु कुमारी ने बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) की महत्ता को विस्तार से समझाया। स्टार्टअप सेल, जगजीवन कॉलेज के कोऑर्डिनेटर दिव्येन्दु सिंह ने कंपनी इनकॉरपोरेशन और स्टार्टअप कॉन्ट्रैक्ट की प्रक्रिया पर विस्तार से जानकारी साझा की। कार्यक्रम का संचालन स्टार्टअप सेल के फैकल्टी इंचार्ज डॉ. अमृतलाल जायसवाल ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन मनीष कश्यप ने किया।

## महिलाओं को मिल रहा रोजगार का नया हुनर

**आरा**। ग्रामीण महिलाओं और युवतियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सामाजिक संस्था दिशा एक प्रयास ने एक सराहनीय पहल शुरू की है। दसरा एवं रेबुल्ड इंडिया फंड के सहयोग से संचालित उड़ान प्रोजेक्ट के तहत संस्था द्वारा 15 दिवसीय निःशुल्क भोजपुरी पेंटिंग (कोहबर कला) प्रशिक्षण शुरू किया गया। यह प्रशिक्षण पुरानी पुलिस लाइन, संस्था के प्रधान कार्यालय में चल रहा है, जहां बड़ी संख्या में महिलाएं और युवतियां उत्साहपूर्वक हिस्सा लेकर अपनी कला प्रतिभा को निखार रही हैं। संस्था की सचिव कुमारी सुनीता सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को हुनर के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि भोजपुरी पेंटिंग और कोहबर कला भोजपुर की सांस्कृतिक पहचान का अहम हिस्सा है, लेकिन बदलते समय के साथ लोक कलाओं का महत्व धीरे-धीरे कम होता जा रहा है। ऐसे में संस्था इन पारंपरिक कलाओं को संरक्षित करने के साथ नई पीढ़ी तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को पारंपरिक कोहबर डिज़ाइन, रंग संयोजन, कलात्मक रेखांकन, सजावटी चित्र निर्माण और हस्तनिर्मित वस्तुओं पर चित्रकारी की बारीकियां सिखाई जा रही हैं। साथ ही आधुनिक बाजार की मांग के अनुरूप उत्पाद तैयार करने और उनकी मार्केटिंग की भी जानकारी दी जा रही है, ताकि महिलाएं भविष्य में स्वयं का रोजगार शुरू कर आर्थिक रूप से मजबूत बन सकें।

## सती माई स्थान के पास युवक का शव मिला



**आरा**। भोजपुर में सती माई स्थान के पास पइन किनारे एक युवक का शव मिला है। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। शरीर पर चोट के निशान मिले हैं। सूचना पर जगदीशपुर थानाध्यक्ष सुशांत कुमार मंडल और अपर थानाध्यक्ष प्रभात कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। घटना शिवरतन नगर की है। चोट के अलावा शरीर के कुछ हिस्सों पर जलने के भी निशान मिले हैं, जिससे मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। आशंका जताई जा रही है कि युवक की हत्या कर शव को सुनसान जगह पर फेंका गया है, हालांकि पुलिस फिलहाल हर पहलू को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।

**जांच के लिए FSL की टीम पहुंचीः** मामले गंभीरता को देखते हुए एफएसएल टीम को भी मौके पर बुलाया गया। टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर कई अहम साक्ष्य जुटाए। पुलिस के अनुसार युवक ने जिंस और शर्ट पहन रखी थी। शव की पहचान कराने के लिए आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। थानाध्यक्ष सुशांत कुमार मंडल ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। युवक की पहचान कराने का प्रयास जारी है। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि मौत किन परिस्थितियों में हुई और उसके पीछे वास्तविक कारण क्या है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और एफएसएल जांच के बाद मामले का खुलासा होने की संभावना है।

## विवाहिता ने जहर खाकर की आत्महत्या

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**आरा**। भोजपुर जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के पासी टोला में जहर खाने से एक महिला की मौत हो गई। घटना के बाद FSL की टीम मौके पर पहुंची और कई महत्वपूर्ण साक्ष्य इकठ्ठा किए। मृतका के कमरे से सल्फास की पुड़िया भी बरामद हुई है। मृतका जगदीशपुर थाना क्षेत्र के पासी टोला वार्ड नंबर-3 निवासी शंकर प्रसाद की 36 वर्षीया पत्नी अनीता देवी है। इधर, मृतका के पति शंकर प्रसाद ने बताया कि वह पेशे हलवाई है और शादी-विवाह और पार्टियों में मिठाई बनाने का काम करते हैं। कोईलवर थाना क्षेत्र के कोईलवर नगर मिठाई बनाने के लिए गए थे। इसी बीच उनकी पत्नी अनीता देवी ने जहर खा लिया। घर पहुंचे तो उनकी मां ने कहा बहू लगातार उल्टी कर रही है और बेहोश हो जा रही है। उसने जहर खा लिया। कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई।सूचना स्थानीय थाना को दी।

**तीन बच्चों के सिर से उठा मां का सायाः** सूचना पाकर स्थानीय थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया। बताया जा रहा कि सास-बहू में घरेलू कलाह को लेकर बराबर झगड़ा होता रहता था। उसी झगड़े के कारण जहर खाने की बात सामने जा रही है। बताया जाता है कि मृतका आपकी शादी वर्ष 2013 में हुई थी। उसे 2 बेटियां वैष्णवी कुमारी, राधिका कुमारी और एक बेटा भैरव कुमार है। इस घटना के बाद परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## संदिग्ध हालात में युवक की मौत



◆ सड़क किनारे मिला शव, मौसी की बेटी की शादी में गांव आया था, घर से बिना बताए निकला था

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा**। भोजपुर में संदिग्ध हालत में एक युवक का शव सड़क किनारे मिला है। चेहर और शरीर पर चोट के निशान है। सड़क हादसे में मौत की आशंका है। मृतक की पहचान सरैया गांव निवासी भगत सिंह के पुत्र विद्या सिंह(20) के तौर पर हुई है। गुजरात में प्राइवेट कंपनी में काम करता था। छुट्टी पर घर आया था। घटना टाउन थाना क्षेत्र के गौसगंज की है।

**बिना बताए घर से निकला थाः** मृतक की बहन रेखा देवी ने बताया कि बीते माह 27 अप्रैल को मौसी संगीता देवी की बेटी अंजली कुमारी की शादी थी। घर में मुंडन भी था। जिसको लेकर वह गुजरात से गांव आया था। बुधवार की सुबह वह घर से बिना कुछ बोले निकला था। इसी बीच देर शाम सड़क किनारे उसका शव मिला।

**परिवार के सदस्यों का बुरा हालः** सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया है। परिवार में मां श्याम सुंदरी देवी, बहन रेखा, रश्मि और एक भाई सूरज है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। मां श्याम सुंदरी देवी परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# विचार-मंथन

## संपादकीय

### संकट के समांतर, आर्थिक महाशक्तियों को बाकी दुनिया की कोई फिक्र नहीं

पिछले कुछ वर्षों से विश्व के आर्थिक हितों को देखने के अमेरिका के नजरिए में बदलाव साफ नजर आ रहा है। अब यह साझा उदार मूल्यों पर नहीं, बल्कि महाशक्तियों के प्रभाव क्षेत्रों पर केंद्रित होता दिख रहा है ।अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के चीन दौरे से यह उम्मीद की जा रही थी कि पश्चिम एशिया में संघर्ष का कोई हल निकलेगा, जिससे वैश्विक स्तर पर गहरा रहे संकट से राहत मिलेगी। मगर दोनों देशों के शीर्ष नेतृत्व के बीच हुई वार्ता के नतीजों से यह साफ है कि विश्व की आर्थिक महाशक्तियों को बाकी दुनिया की कोई फिक्र नहीं है ।खबरों के मुताबिक, बैठक द्विपक्षीय मसलों पर ही केंद्रित रही और ट्रंप ने इसे 'जी-2' देशों का सम्मेलन बताया, जिसमें दोनों देशों के बीच कई व्यापारिक समझौते हुए। सवाल है कि खुद को दुनिया के सबसे ताकतवर बताने वाले देशों की क्या वैश्विक समुदाय के प्रति कोई जिम्मेदारी नहीं है, क्या उनकी यह ताकत सिर्फ निहित स्वार्थों तक ही सीमित है?पिछले कुछ वर्षों से विश्व के आर्थिक हितों को देखने के अमेरिका के नजरिए में बदलाव साफ नजर आ रहा है। अब यह साझा उदार मूल्यों पर नहीं, बल्कि महाशक्तियों के प्रभाव क्षेत्रों पर केंद्रित होता दिख रहा है। ऐसे में सवाल यह नहीं है कि अमेरिका और चीन परस्पर सहयोग कर सकते हैं या नहीं, बल्कि यह है कि उनके बीच तालमेल संभव हो सका, तो वह किस तरह की वैश्विक व्यवस्था तैयार करेगा ।दो देशों का समूह यानी 'जी-2' शब्द वर्ष 2005 में अमेरिका के एक प्रमुख अर्थशास्त्री ने गढ़ा था। उनका विचार था कि दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं अमेरिका और चीन के बीच मजबूत साझेदारी होनी चाहिए। इस विचार का उद्देश्य प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के समूह 'जी-20' को और मजबूत करना था। तब वैश्विक वित्तीय संकट से निपटने के लिए 'जी-20' की रणनीति के तहत अमेरिका ने शुरुआती दौर में 787 अरब डालर, जबकि चीन ने 586 अरब डालर का प्रोत्साहन पैकेज दिया था। इससे दुनिया को बड़े आर्थिक संकट से बचाने में मदद मिली ।मगर पश्चिम एशिया में संघर्ष से उपजे वैश्विक संकट के बीच हाल में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच हुई वार्ता में वैश्विक चिंताओं के बजाय परस्पर हितों की एक नई तस्वीर उभरकर सामने आई है। दोनों देशों के बीच बोइंग विमानों की खरीद समेत कई अहम व्यापारिक समझौते हुए हैं। यानी अब अमेरिका-चीन सहयोग का मतलब यह नहीं है कि उससे दुनिया के बाकी देशों के लिए सकारात्मक माहौल बनेगा, बल्कि यह एक ऐसे निजी समझौते की तरह दिखाई देता है।

### तकनीक की तरक्की और ठगी का जाल

हैरानी की बात यह है कि डिजिटल संसार की अवांछित गतिविधियों पर बारीक निगरानी रखने का दावा करने वाली पुलिस कई बार समय पर अपराधियों को नहीं पकड़ पाती ।इसमें कोई दोराय नहीं कि आधुनिक तकनीक की दुनिया में डिजिटल सेवाओं ने मनुष्य के जीवन को आसान बनाया है और आज कई तरह की सुविधाएं आम लोगों की पहुंच में हैं। उम्मीद यह भी की गई थी कि जैसे-जैसे सामान्य कामकाज में डिजिटल संसार का दखल बढ़ेगा, वैसे-वैसे पारदर्शिता सुनिश्चित होगी और भ्रष्टाचार पर काबू पाना आसान होगा। काफी हद तक ऐसा हुआ भी है ।मगर इसके समांतर इसी डिजिटल तंत्र के दायरे में अपराध के नए स्वरूप विकसित हुए और आज यह भारत सहित दुनिया भर में एक नई चुनौती बनते जा रहे हैं ।पंजाब के लुधियाना में पुलिस ने शुक्रवार को अब तक के सबसे बड़े साइबर धोखाधड़ी गिरोह का पर्दाफाश करने का दावा किया, जिसमें काल सेंटर के नाम पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापक पैमाने पर फर्जीवाड़ा किया जा रहा था। फर्जी कंपनी चलाने वाले और ठगी में शामिल एक सौ बत्तीस लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया ।खबरों के मुताबिक, इस गिरोह में शामिल लोग दूर बैठे कंप्यूटर तक पहुंच हासिल करते थे या फर्जी वायरस और सुरक्षा चेतावनी के जरिए विदेशी नागरिकों को निशाना बनाते थे। लोगों को ई-मेल और बैंक खाते में सेंध लगने का डर दिखा कर उनसे भारी राशि की ठगी की जाती थी ।जाहिर है, डिजिटल दुनिया में जिन आधुनिक तकनीकों को लोगों के जीवन को आसान बनाने और उनकी आर्थिक गतिविधियों को सुरक्षित बनाने के लिए ज्यादा बेहतर बताया जाता है, उसी में अब अपराध का ऐसा संजाल खड़ा हो चुका है।

*महात्मा गांधी ने स्वराज को केवल राजनीतिक सत्ता परिवर्तन के रूप में नहीं देखा था। उनके चिंतन में स्वराज, ग्राम स्वराज और आर्थिक स्वराज एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हुए थे। उनका मानना था कि जब गांव आत्मनिर्भर होंगे, स्थानीय उत्पादन सशक्त होगा, संसाधनों का संयमित उपयोग होगा और राष्ट्र आर्थिक रूप से बाहरी निर्भरता से मुक्त होगा, तभी वास्तविक स्वराज की स्थापना संभव होगी।*

## 'आर्थिक स्वराज' की सिद्धि का राष्ट्र मंत्र

**(प्रणय विक्रम सिंह)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पेट्रोलियम और स्वर्ण की खपत को संयमित करने का आह्वान केवल एक आर्थिक सलाह नहीं है, बल्कि यह भारत की दीर्घकालिक आर्थिक सुरक्षा, रणनीतिक आत्मनिर्भरता और वैश्विक वित्तीय स्थिरता से जुड़ा हुआ दूरदर्शी राष्ट्रीय चिंतन है। पहली दृष्टि में यह विषय सामान्य प्रतीत हो सकता है, किंतु इसकी गहराई में उतरने पर स्पष्ट होता है कि भारत की अर्थव्यवस्था पर सबसे अधिक दबाव डालने वाले दो प्रमुख आयात कच्चा तेल और स्वर्ण ही हैं। यही कारण है कि प्रधानमंत्री का यह संदेश मात्र बचत का आग्रह नहीं, बल्कि आर्थिक स्वराज की सिद्धि का राष्ट्रमंत्र है। भारत आज विश्व की सबसे तीव्र गति से विकसित होती अर्थव्यवस्थाओं में सम्मिलित है। उद्योगों का विस्तार, बढ़ती जनसंख्या, परिवहन की आवश्यकता और ऊर्जा की निरंतर बढ़ती मांग ने पेट्रोलियम पर हमारी निर्भरता को अत्यधिक बढ़ा दिया है। स्थिति यह है कि भारत अपनी कुल आवश्यकता का लगभग 80 प्रतिशत कच्चा तेल विदेशों से आयात करता है। इसका अर्थ यह है कि देश की ऊर्जा व्यवस्था का बहुत बड़ा भाग विदेशी बाजारों, वैश्विक संघर्षों और अंतरराष्ट्रीय तेल कीमतों की अस्थिरता पर निर्भर है। जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें बढ़ती हैं, तो उसका सीधा प्रभाव भारतीय अर्थतंत्र पर पड़ता है। पेट्रोल-डीजल महंगे होते हैं, परिवहन लागत बढ़ती है, उद्योगों का व्यय बढ़ता है और अंततः महंगाई आम नागरिक तक पहुंचती है। एक प्रकार से तेल केवल ईंधन नहीं, बल्कि अर्थव्यवस्था की धमनियों में बहने वाला रक्त है। यदि यह रक्त अत्यधिक महंगे आयात पर निर्भर रहेगा, तो आर्थिक शरीर पर दबाव स्वाभाविक है। इसी प्रकार स्वर्ण के प्रति भारतीय समाज का भावनात्मक और सांस्कृतिक आकर्षण भी हमारी वित्तीय संरचना को गहरे स्तर पर प्रभावित करता है। भारत विश्व का दूसरा सबसे बड़ा स्वर्ण उपभोक्ता है और अपनी आवश्यकता का लगभग पूरा सोना विदेशों से आयात करता है। विवाह, परंपराएं, निवेश और सामाजिक प्रतिष्ठा, इन सभी कारणों से भारत में सोने की मांग लगातार बनी रहती है। लेकिन इसका आर्थिक पक्ष अत्यंत गंभीर है। जब भारत भारी मात्रा में सोना खरीदता है, तो उसके बदले विदेशी मुद्रा विशेषकर अमेरिकी डॉलर में भुगतान करना पड़ता है। यही स्थिति तेल के साथ भी है। परिणामस्वरूप देश का बहुमूल्य विदेशी मुद्रा भंडार निरंतर बाहर जाता है। विदेशी मुद्रा भंडार किसी भी राष्ट्र की आर्थिक सुरक्षा कवच की तरह होता है। यही भंडार संकट के समय आयात, अंतरराष्ट्रीय भुगतान और वित्तीय स्थिरता को संभालता है। यदि यह भंडार अत्यधिक दबाव में आए, तो रुपए की कीमत कमजोर होने लगती है, आयात महंगे हो जाते हैं और वैश्विक बाजार में देश की आर्थिक साख प्रभावित होती है। यही कारण है कि प्रधानमंत्री का यह आह्वान सिर्फ 'कम खर्च' का संदेश नहीं, बल्कि राष्ट्रीय आर्थिक अनुशासन का अभियान है। यदि भारत पेट्रोलियम की खपत और स्वर्ण के प्रति अंधाधुंध निवेश प्रवृत्ति को नियंत्रित कर सके, तो आयात बिल में भारी कमी लाई जा सकती है। आयात बिल में होने वाली इस अरबों डॉलर की बचत का उपयोग देश के आंतरिक विकास, विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर, आधुनिक सैन्य सशक्तिकरण, उन्नत शिक्षा और सुलभ स्वास्थ्य सेवाओं में किया जा सकेगा। महाभारत में भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को केवल युद्ध का ही नहीं, बल्कि 'संयमित कर्म' का भी उपदेश दिया था। भारतीय चिंतन में संसाधनों का अनियंत्रित उपभोग कभी आदर्श नहीं माना गया। यही कारण है कि हमारी सभ्यता ने 'यज्ञ' की अवधारणा दी, जहां व्यक्ति केवल अपने लिए नहीं, बल्कि व्यापक लोककल्याण के लिए त्याग और अनुशासन अपनाता है। पेट्रोलियम, स्वर्ण और विदेशी मुद्रा संरक्षण को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आह्वान भी उसी 'राष्ट्रयज्ञ' का आधुनिक स्वरूप है, जिसमें प्रत्येक नागरिक की सजग भागीदारी आवश्यक है। भारतीय समाज में सोने को एक सुरक्षित निवेश माना जाता है, किंतु आर्थिक दृष्टिकोण से तिजोरियों और लॉकरों में बंद यह सोना एक 'डेड इन्वेस्टमेंट' (निष्क्रिय निवेश) है, जो देश के आर्थिक चक्र में कोई योगदान नहीं देता। यहीं भारतीय निवेश प्रवृत्ति पर पुनर्विचार की आवश्यकता सामने आती है। यदि देश का नागरिक सोने के भौतिक उपभोग को कम करे या इसके विकल्प के रूप में सरकार के 'सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड'जैसे डिजिटल साधनों को अपनाए, तो वह पैसा देश के बैंकिंग सिस्टम और विकास कार्यों में लगा रहेगा। यह दृष्टि भारत को निष्क्रिय संचय से उत्पादक निवेश की दिशा में ले जाने का प्रयास है। 'देखो अपना देश' और घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देने का आग्रह भी इसी व्यापक आर्थिक दृष्टि का हिस्सा है। हर वर्ष करोड़ों भारतीय विदेश यात्राओं पर विशाल मात्रा में विदेशी मुद्रा खर्च करते हैं। यदि उसी खर्च का एक बड़ा भाग भारत के पर्यटन स्थलों काशी, अयोध्या, केदारनाथ, लक्षद्वीप, अंडमान, पूर्वोत्तर, राजस्थान, कच्छ, केरला या हिमालयी क्षेत्रों पर हो, तो उसका सीधा लाभ राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को मिलेगा। घरेलू पर्यटन महज यात्रा नहीं, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था का जीवन-तंत्र है। इससे होटल उद्योग, परिवहन, हस्तशिल्प, स्थानीय बाजार, रेस्तरां, गाइड, टैक्सी चालक और छोटे व्यापारी सभी सशक्त होते हैं। एक पर्यटक केवल पैसा खर्च नहीं करता, वह स्थानीय रोजगार को गति देता है। इस दृष्टि से यह आह्वान 'देश का पैसा देश में' रखने का आर्थिक मंत्र भी है। भारत के इतिहास में ऐसे राष्ट्रीय आह्वानों की एक गौरवपूर्ण परंपरा रही है। जब-जब देश चुनौतियों से घिरा, तब-तब नेतृत्व ने केवल शासनादेश नहीं दिए, बल्कि जनचेतना को जगाने का प्रयास किया। लाल बहादुर शास्त्री का वह ऐतिहासिक आह्वान आज भी स्मरणीय है, जब देश खाद्यान्न संकट से जूझ रहा था और उन्होंने राष्ट्रहित में सप्ताह में एक दिन उपवास रखने का आग्रह किया था। वह केवल भोजन बचाने की अपील नहीं थी, वह आत्मसंयम, अनुशासन और राष्ट्र के लिए व्यक्तिगत सुविधा का त्याग करने की भारतीय परंपरा का जागरण था। देशवासियों ने भी उसे आदेश नहीं, बल्कि राष्ट्रीय दायित्व के रूप में स्वीकार किया। घरों में चूल्हे कम जले, होटलों ने भोजन परोसना बंद किया और समाज ने यह सिद्ध किया कि भारत केवल सरकारों से नहीं, बल्कि जनभागीदारी से चलता है। इसी प्रकार समय-समय पर देश के नेतृत्व ने स्वदेशी, बचत, आत्मनिर्भरता और उत्पादन बढ़ाने जैसे आह्वानों के माध्यम से जनता को राष्ट्रनिर्माण में सहभागी बनाया। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह संदेश उसी राष्ट्रीय परंपरा का आधुनिक विस्तार है। अंतर केवल परिस्थितियों का है, तब चुनौती खाद्यान्न की थी, आज चुनौती ऊर्जा सुरक्षा, विदेशी मुद्रा संरक्षण और आर्थिक आत्मनिर्भरता की है। किंतु दोनों के मूल में 'राष्ट्र प्रथम' का ही भाव है।

## 'अच्छे दिन' से 'संकट की घड़ी' तक? अब जनता से संयम की अपेक्षा

**(तवलीन सिंह)**

भारत में अंग्रेज जब राज करते थे, तो उन्होंने भी अपने लिए बनाए थे बड़े-बड़े घर, ताकि उनकी शान हम गुलामों में बढ़ जाए। इन मकानों में 1947 में रहने लगे हमारे जन प्रतिनिधि और अब ऐसी आदत पड़ी हुई है शान से रहने की कि कोई बहुत ही साहसी प्रधानमंत्री होगा जो इस आदत को छोड़ सकेगा।काश चुनावों का मौसम थोड़ा और लंबा होता। उसके खत्म होते ही प्रधानमंत्री ने चेताया हमको कि अच्छे दिन अभी रूई की बत्ती की तरह उड़ गए हैं और बुरे दिनों की तैयारी हम सबको करनी होगी। एक साल तक रहेंगे मायूसी और तंगी भरे ये दिन, जिनमें न हम किसी खुशी के मौके पर सोना खरीद सकेंगे, न विदेश यात्राएं कर सकेंगे, न कोई दूसरे तरीके से विदेशी मुद्रा इस्तेमाल कर सकेंगे। ऊपर से आग्रह यह भी किया प्रधानमंत्री ने कि जहां तक हो सके, हम घर से काम करने का प्रयास करें और अगर बाहर जाना ही है कहीं, तो निजी गाड़ियों के बदले बस, टैक्सी या मेट्रो से जाएं। निजी गाड़ियों का इस्तेमाल करना ही है, तो 'कारपूलिंग' करें। यह सुझाव हैं मध्यवर्ग लोगों के लिए। गरीब किसानों के लिए सुझाव यह था प्रधानमंत्री का कि कीमती खाद, जिसका आयात विदेशों से होता है, उसको त्याग कर खेती पुराने तरीकों से करना शुरू करें। जिस तरह विदेश से आयात की हुई महंगी रासायनिक खाद के आने से पहले होती थी। प्रधानमंत्री शायद भूल गए यह सुझाव देते हुए कि वह ऐसा दौर था, जब भारतीय किसानों का उत्पाद इतना थोड़ा था कि हमको विदेशों से अनाज मंगवाना पड़ता था। मेरी उमर के लोग भूले नहीं हैं वह दौर जब समंदर के रास्ते आता था गेहूं और धान। प्रधानमंत्री शायद यह भी भूल गए थे कि श्रीलंका में जब राजपक्षे बंधु राज करते थे, तो उन्होंने भी अपने किसानों को यही सुझाव दिया था और परिणाम यह हुआ कि अनाज के दाम इतने बढ़ गए थे कि क्रांति पर उतर आए थे श्रीलंका के लोग। याद कीजिए वे नजारे, जिनमें आम लोगों ने राष्ट्रपति के महल में घुस कर तोड़फोड़ और लूटपाट की थी। यह वर्ष 2022 की बात है सो शायद आपको भी याद होगा कि राष्ट्रपति राजपक्षे को देश छोड़ कर भागना पड़ा था। विनम्रता से प्रधानमंत्री से आग्रह करती हूं कि यह वाला सुझाव वापस ले लें। सुझाव मेरी तरफ से और भी हैं, बिल्कुल वैसे जैसे प्रधानमंत्री ने अपने काफिले की गाड़ियां कम करने का फैसला किया है। उनको अब अपने मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों को भी आदेश देना चाहिए कि पेट्रोल-डीजल की किल्लत इतनी है अब कि उनको कोशिश करनी चाहिए कि अपने काफिले को बंद कर एक ही गाड़ी में अपने सुरक्षा कर्मियों को बिठा कर सफर करें। भारत में बड़े काफिलों की आदत डाल रखी है हमारे राजनेताओं ने, लेकिन ऐसा विकसित पश्चिमी देशों में नहीं होता है। अक्सर वहां के राजनेता जब अपने घर से दफ्तर जाते हैं, तो उनकी एक गाड़ी होती है, दस नहीं। कई देशों में तो प्रधानमंत्री मेट्रो से जाते हैं। संकट की घड़ी में नेतृत्व की सख्त जरूरत होती है, तो प्रधानमंत्री आप दिखाइए कि सरकारी खर्चा आप कितना कम कर सकते हैं। मैंने पहले भी कहा है बहुत बार कि विकसित लोकतांत्रिक देशों में जन प्रतिनिधियों को सरकारी कोठियां नहीं मिलती हैं। अपनी तनख्वाह से ढूंढ़ते हैं अपने लिए किराए के आवास। अपनी तनख्वाह से खर्च करते हैं पैसे गैस, फोन, पानी और बिजली पर। ऐसा हमारे देश में इसलिए नहीं हुआ है, क्योंकि नेहरूजी बहुत प्रभावित थे रूस और चीन जैसे तानाशाह कम्युनिस्ट देशों में होता यह है कि प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति रहते हैं असली महलों में, जहां पहले रहते थे।

## सुडोकू पहेली — क्रमांक- 6099

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 9 | | | 6 |
| | | | | | 3 | 8 | 5 | 1 |
| | 6 | 2 | | 1 | 5 | | | |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | 2 | 1 | 9 | 7 | 6 | 3 | 8 | |
| | 3 | | | | | 1 | | |
| | | | 4 | 5 | | 9 | 7 | |
| 2 | 5 | 8 | 6 | | | | | |
| 4 | | | 3 | | | | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6098

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 9 | 3 | 8 |
| 2 | 3 | 9 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 4 |
| 8 | 5 | 4 | 3 | 9 | 6 | 2 | 7 | 1 |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 4 | 2 | 3 | 1 | 5 |
| 7 | 2 | 3 | 6 | 1 | 5 | 4 | 8 | 9 |
| 5 | 4 | 1 | 8 | 3 | 9 | 7 | 6 | 2 |
| 3 | 1 | 2 | 4 | 8 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 9 | 7 | 6 | 2 | 5 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 4 | 8 | 5 | 9 | 6 | 3 | 1 | 2 | 7 |

## वर्ग पहेली 6099

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | 4 | 5 | |
| | ■ | 6 | | | | | ■ |
| 7 | 8 | | ■ | 9 | | ■ | ■ |
| ■ | | ■ | 10 | | ■ | 11 | 12 |
| 13 | | ■ | 14 | | | | |
| | ■ | 15 | | | ■ | 16 | |
| 17 | 18 | | ■ | 19 | 20 | | ■ |
| 21 | | | | ■ | | ■ | 22 |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 29 सितंबर 1650 को इस देश में पहले मैरिज ब्यूरो की शुरूआत हुई (3)
3. एक निषाध जिसने गुरू द्रोणाचार्य की मूर्ति को गुरू मानकर शास्त्राभ्यास किया और पारंगत हुआ (4)
6. चलचित्र दिखाने का पर्दा (5)
7. मार्ग, रास्ता, कटखरा (2)
10. नारी का अपभ्रंश, नर का आध्यात्मिक (2)
11. प्रतिष्ठा, इज्जत, आबरू (2)
13. आहुति के रूप में दिया हुआ (2)
14. किसी का हक या अधिकार मारा जाना, स्वत्व हानि (उर्दू)(5)
15. जल की बूंद, पसीने की बूंद, राजस्थान का एक शहर (3)
16. गुलाम, नौकर, सेवक (2)
17. समाधि, कब्र (उर्दू)(3)
19. देखने वाला, दर्शक, एक कर्मचारी (उर्दू) (3)
21. पुराणानसुार सात पातालों में से एक पाताल का नाम (4)
22. वस्तु, पदार्थ, द्रव्य, चीज (उर्दू) (1)

**ऊपर से नीचे**

1. यह सुप्रसिद्ध स्वर साम्राज्ञी लता मंगेशकर की जन्म स्थली है (3)
2. भयभीत होना, खौफजदा होना (3)
3. भरोसा करना, विश्वास करना (7)
4. छल, धोखा, बनावटी व्यवहार (3)
5. बालों का वह गुच्छा जो गाल पर लटके केशलता (2)
8. मानता, मनौति, संकल्प (3)
10. व्यर्थ, बेफिजूल, बेमतलब (3)
11. जिसके पास अपार संपत्ति हो, रईस (4)
12. उत्तम, सर्वश्रेष्ठ, बढ़िया (उर्दू)(3)
13. शासन, अवधि, राज्यकाल (4)
15. आदत, स्वभाव, अख्लाक, सवानेह उम्री (उर्दू) (3)
18. मकड़ी द्वारा बुना हुआ जाल (2)
20. चर्चा, प्रसंग, संक्षिप्त कथन (2)

### वर्ग पहेली 6098 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भ | ग | त | सिं | ह | ■ | र | द |
| रो | ज | ■ | ह | म | स | फ | री |
| से | ■ | र | ■ | शौ | क | ■ | चा |
| मं | ■ | ह | ला | ह | ल | ■ | ■ |
| द | र | मा | ■ | र | ■ | दा | सी |
| ■ | म | न | का | ■ | पा | व | न |
| प्रा | णी | ■ | हि | दा | य | त | ■ |
| क | क | ह | रा | ■ | ल | ■ | पौ |

## आज का राशिफल

### मेष
आर्थिक रूप से आज का दिन पूरी तरह से सही स्ट्रेटेजी बनाकर चलने का है। जहां सुबह का समय पार्टनर्स के साथ किसी बड़ी डील या सौदे पर चर्चा करने के लिए अच्छा है, वहीं शाम का समय अपने खातों की गहराई से जांच करने के लिए बहुत उपयुक्त रहेगा। व्यावसायिक रूप से आप इस समय लोगों के साथ जुड़ने और सबके साथ मिलकर काम करने के दौर में हैं।

### वृष
धन के मामले में आज आपको थोड़ा संभलकर चलने और अपने खर्च पर कंट्रोल रखने की जरूरत है। आज धन को सुरक्षित रखना ही आपके लिए सबसे ज्यादा जरूरी होना चाहिए। कामकाज या करियर के लिहाज से आज सुबह से ही आपकी बातचीत और कम्युनिकेशन की रफ्तार बहुत तेज रहेगी, लेकिन दिन खत्म होते-होते आपको खुद के लिए थोड़ा सोचने-समझने का वक्त निकालना पड़ेगा।

### कर्क
आज आपकी वित्तीय स्थिरता आपकी क्रिएटिविटी और पैसो के सही मैनेजमेंट के माध्यम से ही संभव हो पाएगी। वृषभ राशि का प्रभाव यह बताता है कि आज आपका ध्यान, मुख्य रूप से अपनी रुचियों या बच्चों की शिक्षा से जुड़े निवेश पर केंद्रित रह सकता। दिन के समय आपका पूरा ध्यान मुख्य रूप से अपने काम पर केंद्रित रहेगा।

### सिंह
आज आपकी आर्थिक स्थिति धीमी लेकिन बहुत ही निरंतर और स्थिर प्रगति की ओर बढ़ रही है। आपको घर की सजावट या पारिवारिक सुख-सुविधाओं पर धन खर्च करने के लिए प्रेरित कर सकती है। करियर के लिहाज से आज दिन की शुरुआत आपके किसी विशेष हुनर , प्रतिभा और बेहतरीन प्रेजेंटेशन पर ध्यान केंद्रित करने के साथ होगी।

### मिथुन
आज शाम का समय आपके पैसों की समझ और सोच में एक बड़ा और अच्छा बदलाव लेकर आने वाला है। दिन का समय जहां आपकी पर्सनालिटी और आपके प्रभाव को बढ़ाने वाला रहेगा, करियर के मामले में आज आप लोगों के सामने खुलकर आएंगे।

### कन्या
आज आर्थिक स्थिति बहुत हद तक इस बात पर निर्भर करेगी कि आप लोगों के साथ कितने प्रभावी ढंग से बातचीत और नेटवर्किंग करते हैं। आपके तीसरे भाव में वृषभ राशि की ऊर्जा यह दर्शाती है किलोकल कॉन्टेक्ट्स या भाई-बहनों के माध्यम से आपको धन लाभ की कोई बहुत उपयोगी सलाह मिल सकती है।

### तुला
आज का दिन आपकी आर्थिक स्थिति को काफी मजबूत बनाने के अच्छे संकेत दे रहा है। आपके धन भाव यानी दूसरे घर से चंद्रदेव का गोचर होने की वजह से आपको अपने किसी पुराने आर्थिक प्रयास का पूरा फल या कोई बढ़िया धन लाभ मिल सकता है। ऑफिस या कार्यस्थल पर आज लोग आपको एक बहुत ही समझदार और प्रैक्टिकल इंसान के रूप में देखेंगे।

### वृश्चिक
पैसों के मामले में आज आपकी किस्मत काफी अच्छी और चमकती हुई दिखाई दे रही है। आज खास तौर पर आपको नौकरी में किसी बोनस या किसी लंबे समय के लिए किए गए निवेश से बड़ा फायदा मिल सकता है। आज सुबह का समय आपके करियर से जुड़े जरूरी कामों को पूरा करने के लिए बहुत ही जोश और एनर्जी से भरा रहेगा। अपने रुके हुए कामों को फटाफट पूरा करने के लिए आप सबसे अच्छा समय है।

### मकर
आज का दिन वित्तीय मामले जैसे टैक्स, वसीयत, या जॉइंट अकाउंट पर आज आपको विशेष ध्यान देने की जरूरत पड़ेगी। रिसर्च करने और वित्तीय योजनाएं बनाने के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है, लेकिन किसी भी दस्तावेज पर हस्ताक्षर करने के लिए यह समय सही नहीं है।आपके करियर से जुड़े मामलों के लिए आज का दिन किसी बड़े फैसले की दिशा में जा सकता है।

### कुंभ
आर्थिक नज़रिये से आज का दिन आपके लिए पुरानी चीजों को मजबूत करने और बचत करने का है। सुबह का समय किसी पुराने कर्ज को चुकाने या जॉइंट इन्वेस्टमेंट की जाँच परख करने के लिए अधिक उपयुक्त रहेगा। आपका करियर क्षेत्र आज काफी व्यस्त और मांग से भरा रहेगा, लेकिन यह आपको उतना ही फलदायी परिणाम भी देगा। आज आप उन जटिल कार्यों को भी बहुत आसानी से संभाल लेंगे जिन्हें दूसरे लोग बहुत कठिन मानते हैं।

### धनु
आज आपके पैसों की स्थिति काफी मजबूत और स्थिर बनी रहेगी। किसी दोस्त या तजुर्बेकार एडवाइजर से आज आपको लंबे समय के निवेश के मामले में कोई बहुत ही काम की और अच्छी सलाह मिल सकती है। आपके ऊपर काम का प्रेशर लगातार बनाए रखेंगे, जिसकी वजह से आज आपको बेहतर रिजल्ट देने और लीडरशिप दिखाने की पूरी जरूरत पड़ेगी।

### मीन
पैसों के मामले में आज आपका दिन बहुत ही मजबूत, समझदारी भरा और अच्छी एनर्जी से भरा रहने वाला है। काम के सिलसिले में किसी भी बड़ी या ऊंचे लेवल की बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए आज का दिन बहुत बढ़िया है, जिससे आपको आगे चलकर लंबे समय तक बड़ा फायदा मिल सकता है। बड़े अधिकारी आपके काम और आपकी तरक्की पर पूरी नजर रखे हुए हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा सोमांक प्रिंटर्स, बी-17 और बी-18 (भाग), ग्रोथ सेंटर जसोइया, औरंगाबाद, बिहार - 824101 में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, समाचार संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


# 27 माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण





**एजेंसी। रांची**

झारखंड की राजधानी रांची के धुर्वा स्थित पुलिस मुख्यालय में गुरुवार को एक साथ 27 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। इन माओवादियों ने बड़ी संख्या में हथियार और कारतूस भी पुलिस को सौंपे हैं। आत्मसमर्पण करने वालों में प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के 25 और झारखंड जन मुक्ति परिषद (जेजेएमपी) के दो सदस्य शामिल हैं। इनमें आठ पर कुल 33 लाख रुपये का इनाम घोषित था। इन सभी के खिलाफ कुल 426 मामले विभिन्न थानों में दर्ज हैं। इन्होंने आधुनिक हथियार और भारी मात्रा में गोला-बारूद भी पुलिस को सौंपा है। इनमें लाइट मशीन गन (एलएमजी), 5 इंसास राइफल, 9 एसएलआर राइफल, एक बोल्ट-एक्शन राइफल, एक पिस्टल, 31 मैगजीन, 3000 राउंड जिंदा कारतूस शामिल हैं। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) तदाशा मिश्रा ने कहा कि सरकार की पुनर्वास नीति के तहत जो भी सुविधाएं और सहायता देनी होगी, उसे सुनियोजित तरीके से पूरा किया जाएगा। डीजीपी ने कहा कि झारखंड पुलिस, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), झारखंड जगुआर और सभी खुफिया एजेंसियों ने मिलकर लगातार अभियान चलाया, जिसका परिणाम आज देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आगे भी इसी तरह संयुक्त और व्यापक अभियान जारी रहेगा, ताकि झारखंड पूरी तरह नक्सल मुक्त बन सके। अपर पुलिस महानिदेशक मनोज कौशिक ने कहा कि आज का दिन बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि 27 माओवादी मुख्यधारा में लौट रहे हैं। इन्होंने हिंसा और हथियार का रास्ता छोड़कर शांति और विकास का रास्ता चुना है, जिसका स्वागत है। सीआरपीएफ आईजी साकेत सिंह ने कहा कि आज का यह आत्मसमर्पण झारखंड पुलिस, झारखंड जगुआर, सीआरपीएफ और कोबरा जवानों की लगातार मेहनत और जोखिम भरे अभियानों का परिणाम है। पिछले छह महीनों में सुरक्षा बलों ने जंगलों के भीतर 21 नए फॉरवर्ड ऑपरेटिंग बेस स्थापित किए, जिससे नक्सलियों की गतिविधियों पर काफी अंकुश लगा।

**इन माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण-**

- गादी मुंडा उर्फ गुलशन (निवासी- बुण्डू, रांची), 5 लाख रुपये का इनाम घोषित और चाईबासा, सरायकेला, रांची, खूंटी में कुल 48 मामले दर्ज।
- नागेंद्र मुंडा उर्फ प्रभात मुंडा उर्फ मुखिया (निवासी- अड़की, खूंटी), 5 लाख रुपये का इनाम, चाईबासा और सरायकेला में 38 मामले दर्ज।
- रेखा मुंडा उर्फ जयंती (निवासी- बुण्डू, रांची), 5 लाख का इनाम, चाईबासा और सरायकेला में 18 मामले दर्ज।
- सागेन आंगारिया उर्फ दोकोल (निवासी- गोइलकेरा, चाईबासा), 5 लाख का इनाम, चाईबासा में 123 मामले दर्ज।
- करण तियू (निवासी- गोइल केरा, चाईबासा), 2 लाख रुपये का इनाम, चाईबासा में 29 मामले दर्ज।
- दर्शन उर्फ बिंज हांसदा (निवासी- छोटानगरा, चाईबासा), 5 लाख का इनाम, चाईबासा में 14 मामले दर्ज।
- सुलेमान हांसदा उर्फ सुनी हांसदा (निवासी- छोटानगरा, चाईबासा), 5 लाख का इनाम, चाईबासा में 13 मामले दर्ज।
- बासुमती जेराई उर्फ बासू (निवासी- किरीबुरू, चाईबासा), एक लाख रुपये का इनाम, चाईबासा में 14 मामले दर्ज।
- बैजनाथ मुंडा (निवासी- तमाड़, रांची), चाईबासा में 4 मामले दर्ज।
- रघु कायम उर्फ गुणा (निवासी- मुफसिल, चाईबासा), चाईबासा में 19 मामले दर्ज।
- किशोर सिरका उर्फ दुर्गा सिरका (निवासी- टोंटो, चाईबासा) चाईबासा में 11 मामले दर्ज।
- राम दयाल मुण्डा (निवासी- तमाड़, रांची), सरायकेला और चाईबासा में कुल 4 मामले दर्ज।
- वंदना उर्फ शांति, सुनिता सरदार, डांगुर बोइपाई, बसंती देवगम, मुन्नीराम मुण्डा, अनिशा कोड़ा उर्फ रानी, सपना उर्फ सुरू कालुंडिया, सुसारी उर्फ दसमा कालुंडिया, बिरसा कोड़ा उर्फ हरिसिंह, नुअस, बुमली तियू, निति माई उर्फ निति हेंब्रम और लादू तिरिया। इन सभी के ऊपर चाईबासा और अन्य थानों में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

**जेजेएमपी संगठन के दो सदस्य-** जेजेएमपी संगठन के दो सदस्यों ने भी अत्मसमर्पण किया है। इनमें गुमला के अपर घाट का रहने वाला सचिन बैक और कलिगा का रहने वाला श्रवण शामिल है। सचिन बैक पर पांच लाख रुपये का इनाम घोषित था और गुमला में उसके खिलाफ छह मामले दर्ज हैं। श्रवण गोप के खिलाफ गुमला में 8 मामले दर्ज हैं।

# छत काटकर दुकान से 85 हजार नकद की चोरी

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**

मानगो थाना क्षेत्र के पारडीह चौक स्थित एक गल्ला दुकान में बुधवार देर रात चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। चोरों ने दुकान की एस्बेस्टस छत काटकर अंदर प्रवेश किया और करीब 85 हजार रुपये नकद समेत हजारों रुपये के सामान पर हाथ साफ कर फरार हो गए। मिली जानकारी के अनुसार पारडीह चौक स्थित "मामा स्टोर" नामक दुकान के संचालक महेश सिंह रोज की तरह बुधवार रात करीब 11 बजे दुकान बंद कर अपने घर चले गए थे। दुकान में दूध, दही और अन्य कच्चे सामान के सप्लायरों को सुबह भुगतान करने के लिए उन्होंने बिक्री की नकदी दुकान में ही रखी थी। गुरुवार सुबह करीब 6 बजे जब महेश सिंह दुकान खोलने पहुंचे तो अंदर का नजारा देखकर हैरान रह गए। दुकान का सामान बिखरा पड़ा था। ऊपर नजर जाने पर पता चला कि चोरों ने एसबेस्टस की छत काटकर दुकान में प्रवेश किया था।


## कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य प्रभाग)
## जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू।

**–:वितीय वर्ष 2022–23 में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अन्तर्गत 02 दुधारू गाय एवं वर्मी कम्पोस्ट की योजना के लाभुकों के लिये आवश्यक सूचना:–**

मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत वितीय वर्ष 2022–23 में प्रथम चरण के लाभुकों को सूचित किया जाता है कि 02 दुधारू गाय/भैंस की योजना में चयनित लाभुकों जो प्रथम चरण के अनुदान की राशि संबंधित लाभुक के Escrow Account में DBT के माध्यम हस्तांतरित कर दिया गया है, परन्तु 03 वर्ष से अंधिक समय होने जाने के बाद भी कुछेक लाभुकों द्वारा अपना लाभुक अंशदान जमा नहीं किये हैं, और ना ही अभी तक प्रथम चरण का दुधारू गाय का क्रय नही किया है वैसे लाभुकों की सूची निम्न प्रकार है–

**02 दुधारू गाय की योजना में चयनित अवशेष बचे लाभुकों की सूची, जो अभी तक लाभुक अंशदान की राशि जमा नहीं किए हैं और ना ही इनके द्वारा प्रथम चरण की दुधारू गाय क्रय किया गया है।**

| क्र0 | लाभुक का नाम | पिता/पति का नाम | गांव | पंचायत | प्रखण्ड | मोबाईल न0 | आधार सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रणीता देवी | स्व0 अजीत तिवारी | भोगु | लहलहे | सदर मेदिनीनगर | 7004176493 | 697724493640 |
| 2 | प्रमिला देवी | कृष्णा यादव | हिसरा बरवाडीह | सरजा | सदर मेदिनीनगर | 9939122618 | 447173564277 |
| 3 | पूजा कुमारी | नीरज कुमार | पगारखुर्द | पगारखुर्द | पांकी | 6202419615 | 272178652384 |
| 4 | आशा देवी | यशवंत कुमार सिंह | भुईयां कुरहा | नुरू | पांकी | 9955613712 | 451975456973 |
| 5 | सरीता देवी | संतोष राम | बचकोमा | हुटुकदाग | छतरपुर | 6203560632 | 537829103387 |
| 6 | वेदन्ती देवी | स्व0 अर्जून प्रजापति | केकतुआ | पूर्वडीहा | चैनपुर | 9693067854 | 201125434283 |
| 7 | गीता देवी | गोपाल प्रसाद | बैदा कला | उताकी | पाटन | 7480068005 | 568721076417 |
| 8 | सचिता देवी | कमलेश कुमार | मान्डर | पोलडीह | हुसैनाबाद | 6201237499 | 461254716871 |
| 9 | गायत्री देवी | अनुप कुमार | मरहा | पोलडीह | हुसैनाबाद | 8708349859 | 898025017904 |
| 10 | रूबीना बीबी | जसमुद्दीन अंसारी | इस्लामगंज | हैदरनगर पश्चिमी | हैदरनगर | 9341121921 | 755659062120 |
| 11 | सुमन देवी | श्रीकांत सिंह | दुलही | मझिगांव | पण्डवा | 7765801596 | 397681578054 |

**वर्मी कम्पोस्ट की योजना में चयनित अवशेष बचे लाभुकों की सूची, जो अभी तक लाभुक अंशदान की राशि जमा नहीं किए हैं और ना ही इनके द्वारा वर्मी कम्पोस्ट का कार्य किया गया हैं।**

| क्र0 | लाभुक का नाम | पिता/पति का नाम | गांव | पंचायत | प्रखण्ड | मोबाईल न0 | आधार सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | शोभा देवी | पप्पू कुमार महतो | धुमा | गुरहा | तरहसी | 8757652596 | 503151400373 |

इस आशय की सूचना पूर्व में भी आपके मोबाईल सं0, आम सूचना का प्रकाशन एवं पत्र के साथ प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी के माध्यम से भी उक्त योजना से लाभान्वित होने हेतु आप सभी को समय–समय पर सूचना दी गई है परन्तु कुछेक लाभुकों के द्वारा लाभुक अंशदान की राशि अपने Escrow Account में जमा नहीं की गई है, वे दिनांक– 25.05.2026 तक अपना लाभुक अंशदान की राशि जमा करते हुए दुधारू पशुमेला जिला गव्य विकास कार्यालय परिसर, आजाद नगर, सुदना, डालटेनगंज से दुधारू गाय का क्रय करना सुनिश्चित करेंगे ताकि योजना का क्रियान्वयन शीघ्र एवं शत् प्रतिशत पूर्ण हो सके। लाभुक अंशदान की राशि की जमा पर्ची संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड पशुपालन कार्यालय/जिला गव्य विकास कार्यालय, आजाद नगर, सुदना, पलामू में जमा करना सुनिश्चित करेंगे

वर्मी कम्पोस्ट की योजना में अवशेष बचे लाभुक को भी सूचित किया जाता है कि दिनांक– 25.07.2026 तक वर्मी कम्पोस्ट का कार्य कराकर लाभुक के साथ बोरिंग का Jio Tag Photo, GST Bill, शपथ पत्र एवं मुखिया/प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी से बोरिंग का सत्यापित कराते हुए जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू को समर्पित करेंगे ताकि राशि भुगतान की जा सके। लाभुक अंशदान की राशि की जमा पर्ची संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड पशुपालन कार्यालय/जिला गव्य विकास कार्यालय, आजाद नगर, सुदना, पलामू में जमा करना सुनिश्चित करेंगे

उक्त के आलोक में शत् प्रतिशत योजना पूर्ण करने हेतु इस कार्यालय द्वारा पत्र, आम सूचना का प्रकाशन एवं दूरभाष के माध्यम से पूर्व में भी सूचित किया गया है परन्तु आपके द्वारा अभिरूचि नहीं लिया जा रहा है। यदि किसी कारणवश आपको यह योजना नहीं लेनी है तो प्रखण्ड पशुपालन कार्यालय/जिला गव्य विकास कार्यालय, आजाद नगर, सुदना, पलामू में हस्तलिखित आवेदन देना चाहेंगे ताकि प्रतीक्षा सूची के दूसरे लाभुकों को आपके खाते से अनुदान राशि स्थानांतरित करने हुए नये लाभुकों को योजना से लाभान्वित किया जा सके।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी
पलामू।

PR 380379 (District) 26-27 (D)


# शिक्षा समाज की चेतना और राष्ट्र की प्रगति का आधार है : राज्यपाल

**एजेंसी। रांची**

राज्यपाल-सह-झारखण्ड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज की चेतना एवं राष्ट्र की प्रगति का आधार है। विश्वविद्यालय विचार, ज्ञान, अनुशासन, शोध और चरित्र निर्माण के केंद्र होते हैं। किसी भी राज्य का भविष्य उसके शिक्षण संस्थानों में ही आकार लेता है। राज्यपाल गुरुवार को रांची के चाणक्य बीएनआर होटल में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित दो दिवसीय कुलपति सम्मेलन के उद्घाटन अवसर पर बोल रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि यह सम्मेलन झारखण्ड की उच्च शिक्षा को नई दिशा देने का महत्वपूर्ण अवसर है। प्रदेश में स्कूली शिक्षा की स्थिति अपेक्षाकृत बेहतर है, लेकिन उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अभी व्यापक सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य का सकल नामांकन अनुपात राष्ट्रीय औसत से बहुत कम है तथा उच्च शिक्षा में ड्रॉपआउट की समस्या भी गंभीर है। गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण, समयबद्ध परीक्षाओं एवं रोजगारोन्मुखी शिक्षा के अभाव में बड़ी संख्या में विद्यार्थी राज्य से बाहर जाने को विवश होते हैं। उन्होंने कहा कि यह स्थिति हम सभी के लिए आत्ममंथन का विषय है। राज्यपाल ने कहा कि अब समय केवल समस्याओं की चर्चा करने का नहीं, बल्कि समाधान और परिणाम के साथ आगे बढ़ने का है। विश्वविद्यालयों की पहचान केवल भवनों एवं परिसरों से नहीं, बल्कि उनके शैक्षणिक वातावरण, अनुशासन, शोध, नवाचार एवं उपलब्धियों से होती है। उन्होंने कहा कि जिस दिन झारखण्ड के विद्यार्थी यह महसूस करेंगे कि उसे बेहतर शिक्षा के लिए राज्य से बाहर जाने की आवश्यकता नहीं है, उस दिन हम कह सकेंगे कि हमारा प्रयास वास्तव में सफल हुआ है। राज्यपाल गंगवार ने कहा कि राज्य के सभी विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति पारदर्शी प्रक्रिया के तहत सर्च कमिटी के माध्यम से की गई है और उनसे बहुत अपेक्षाएं हैं। उन्होंने कहा कि कुलपति केवल प्रशासक नहीं, बल्कि अकेडमिक लीडर के रूप में कार्य करें। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा को नई गति एवं दिशा देने के उद्देश्य से 'झारखण्ड राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 2026' लागू किया गया है, जिसका उद्देश्य संस्थानों में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं शैक्षणिक उत्कृष्टता सुनिश्चित करना है। उन्होंने सभी कुलपतियों एवं विश्वविद्यालय पदाधिकारियों से नए अधिनियम का गंभीरता से अध्ययन करने का आग्रह किया। राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों में अकेडमिक कैलेंडर का दृढ़ता से पालन सुनिश्चित करने पर बल देते हुए कहा कि नियमित कक्षाएं संचालित हों, पाठ्यक्रम समय पर पूर्ण हो तथा परीक्षाएं एवं परिणाम निर्धारित समय-सीमा में प्रकाशित किए जाएं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों का भविष्य किसी भी प्रकार की प्रशासनिक शिथिलता का शिकार नहीं होना चाहिए।


## कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य प्रभाग)
## जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू

**–: वितीय वर्ष 2024–25 में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अन्तर्गत 02/05/10 दुधारू गाय एवं डीप बोरिंग/वर्मी कम्पोस्ट की योजना के लाभुकों के लिये आवश्यक सूचना :–**

मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत वितीय वर्ष 2024–25 में प्रथम चरण के लाभुकों को सूचित किया जाता है कि 02 दुधारू गाय/भैंस की योजना में चयनित लाभुकों जो प्रथम चरण के अनुदान की राशि संबंधित लाभुक के Escrow Account में DBT के माध्यम हस्तांतरित कर दिया गया है, परन्तु 02 वर्ष से अंधिक समय होने जाने के बाद भी कुछेक लाभुकों द्वारा अपना लाभुक अंशदान जमा नहीं किये हैं, और ना ही अभी तक प्रथम चरण का दुधारू गाय का क्रय नही किया है वैसे लाभुकों की सूची निम्न प्रकार है–

02 दुधारू गाय की योजना में चयनित अवशेष बचे लाभुकों की सूची, जो अभी तक लाभुक अंशदान की राशि जमा नहीं किए हैं और ना ही इनके द्वारा प्रथम चरण की दुधारू गाय क्रय किया गया है।

| क्र0 | लाभुक का नाम | पिता/पति का नाम | गांव | पंचायत | प्रखण्ड | मोबाईल न0 | आधार सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अराधना देवी | सुरेन्द्र प्रसाद | सेवरा | गुरी | विश्रामपुर | 9304971700 | 559878749409 |
| 2 | अनिता देवी | राम नरेश साहु | तुम्बागाड़ा | रबदा | सतबरवा | 6203606225 | 797318730998 |
| 3 | नसीमा परवीन | हजरत अंसारी | डंडार कला | डंडार कला | पांकी | | 754220141334 |
| 4 | कुसुम देवी | मन्टू दास | मोहम्मदगंज | मोहम्मदगंज | मोहम्मदगंज | 9060113329 | 529490214683 |
| 5 | पूनम देवी | स्व0 प्रदीप कुमार | लोहरपुरा | इमाम बरेवा | हैदरनगर | 7371079478 | 540892243239 |
| 6 | रीना देवी | उमा शंकर मेहता | लोहरपुरा | इमाम बरेवा | हैदरनगर | 9939562993 | 847735800353 |
| 7 | प्रमिला देवी | लालकिशोर ठाकुर | लोहरपुरा | इमाम बरेवा | हैदरनगर | 9060875044 | 393748123510 |

05 दुधारू गाय की योजना में चयनित अवशेष बचे लाभुकों की सूची, जो अभी तक लाभुक अंशदान की राशि जमा नहीं किए हैं और ना ही इनके द्वारा प्रथम चरण की दुधारू गाय क्रय किया गया है।

| क्र0 | लाभुक का नाम | पिता/पति का नाम | गांव | पंचायत | प्रखण्ड | मोबाईल न0 | आधार सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नंदकिशोर कुमार यादव | राजदेव यादव | गोरेयाथान | खैरा दोहर | नौडीहा बाजार | 8092191609 | 292187744615 |
| 2 | पुनम पाण्डेय | सुनील कुमार पाण्डेय | लालगढ़ | लालगढ़ | विश्रामपुर | 9117381675 | 386878006402 |
| 3 | शकुंतला देवी | बाबुलाल शर्मा | झरना खुर्द | डाला कला | पाण्डू | 6208336710 | 524047935730 |
| 4 | रोशन किशोर तिवारी | रविन्द्र तिवारी | ओड़नार | हरिनामाड़ | चैनपुर | 9770498872 | 652296356313 |
| 5 | चन्द्रशेखर पाण्डेय | मधेश्वर पाण्डेय | ठकुराई दिदरी | सांगबार | निलाम्बर पिताम्बरपुर | 9693597155 | 792489920414 |
| 6 | धिरेन्द्र कुमार यादव | दशरथ यादव | धावाडीह | धावाडीह | सतबरवा | 8541832765 | 453403757250 |
| 7 | मंजीत कुमार | राम नरेश साहु | तुम्बागाड़ा | रबदा | सतबरवा | 6201097261 | 980779523075 |
| 8 | बिरेन्द्र मेहता | स्व0 मंगर मेहता | कादलकुर्मी | कादलकुर्मी | मोहम्मदगंज | 6201295538 | 482505267410 |
| 9 | जय प्रकाश कुशवाहा | राम प्रसाद कुश्वाहा | लोहरपुरा | इमामनगर बरेवा | हैदरनगर | 9471120055 | 318258727467 |
| 10 | संगीता देवी | रविन्द्र पासवान | पचम्बा | नौडीहा–2 | पांकी | 7209394441 | 555219346270 |

10 दुधारू गाय की योजना में चयनित अवशेष बचे लाभुकों की सूची, जो अभी तक लाभुक अंशदान की राशि जमा नहीं किए हैं और ना ही इनके द्वारा प्रथम चरण की दुधारू गाय क्रय किया गया है।

| क्र0 | लाभुक का नाम | पिता/पति का नाम | गांव | पंचायत | प्रखण्ड | मोबाईल न0 | आधार सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विजय कुमार सिंह | स्व0 शिव प्रसाद सिंह | पंजरी कला | गुरी | विश्रामपुर | 9006977086 | 812642748447 |

डीप बोरिंग की योजना में चयनित अवशेष बचे लाभुकों की सूची, जो अभी तक लाभुक अंशदान की राशि जमा नहीं किए हैं और ना ही इनके द्वारा डीप बोरिंग का कार्य किया गया हैं।

| क्र0 | लाभुक का नाम | पिता/पति का नाम | गांव | पंचायत | प्रखण्ड | मोबाईल न0 | आधार सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रघुनाथ यादव | महेश यादव | चुकरू | कोड़िया | सदर मेदिनीनगर | 8002854956 | 455393471985 |
| 2 | हिमांशु कुमार सिंह | देववंश सिंह | जोरकट | कौड़िया | सदर मेदिनीनगर | 7979931712 | 236142901228 |
| 3 | अजमेरून निशा | मो0 नेजामुदीन अंसारी | ब्रहमोरिया | कॉके कला | पाटन | 9308223114 | 984709655274 |
| 4 | अनुज कुमार सिंह | स्व0 इश्वरधन सिंह | चेचरिया | खरगड़ा | हैदरनगर | 7479605551 | 244583721358 |
| 5 | रविता कुमारी | विकाश यादव | झरहा खुर्द | भण्डार | विश्रामपुर | | 223660078724 |
| 6 | संजू देवी | मनोज रामचन्द्रवंशी | मुरमा कला | मुरमा कला | उंटारीरोड | 9631347240 | 880322458478 |

वर्मी कम्पोस्ट की योजना में चयनित अवशेष बचे लाभुकों की सूची, जो अभी तक लाभुक अंशदान की राशि जमा नहीं किए हैं और ना ही इनके द्वारा वर्मी कम्पोस्ट का कार्य किया गया हैं।

| क्र0 | लाभुक का नाम | पिता/पति का नाम | गांव | पंचायत | प्रखण्ड | मोबाईल न0 | आधार सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | शोशिला देवी | बद्रीनाथ महतो | मझिगावां | मझिगांवा | चैनपुर | 9304720509 | 642520345595 |

इस आशय की सूचना पूर्व में भी आपके मोबाईल सं0, आम सूचना का प्रकाशन एवं पत्र के साथ प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी के माध्यम से भी उक्त योजना से लाभान्वित होने हेतु आप सभी को समय–समय पर सूचना दी गई है परन्तु कुछेक लाभुकों के द्वारा लाभुक अंशदान की राशि अपने Escrow Account में जमा नहीं की गई है, वे दिनांक– 25.05.2026 तक अपना लाभुक अंशदान की राशि जमा करते हुए दुधारू पशुमेला जिला गव्य विकास कार्यालय परिसर, आजाद नगर, सुदना, डालटेनगंज से दुधारू गाय का क्रय करना सुनिश्चित करेंगे ताकि योजना का क्रियान्वयन शीघ्र एवं शत् प्रतिशत पूर्ण हो सके। लाभुक अंशदान की राशि की जमा पर्ची संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड पशुपालन कार्यालय/जिला गव्य विकास कार्यालय, आजाद नगर, सुदना, पलामू में जमा करना सुनिश्चित करेंगे

डीप बोरिंग एवं वर्मी कम्पोस्ट की योजना में अवशेष बचे लाभुक को भी सूचित किया जाता है कि दिनांक– 25.07.2026 तक डीप बोरिंग एवं वर्मी कम्पोस्ट का कार्य कराकर लाभुक के साथ बोरिंग का Jio Tag Photo, GST Bill, शपथ पत्र एवं मुखिया/प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी से बोरिंग एवं वर्मी कम्पोस्ट का सत्यापित कराते हुए जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू को समर्पित करेंगे ताकि राशि भुगतान की जा सके। लाभुक अंशदान की राशि की जमा पर्ची संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड पशुपालन कार्यालय/जिला गव्य विकास कार्यालय, आजाद नगर, सुदना, पलामू में जमा करना सुनिश्चित करेंगे

उक्त के आलोक में शत् प्रतिशत योजना पूर्ण करने हेतु इस कार्यालय द्वारा पत्र, आम सूचना का प्रकाशन एवं दूरभाष के माध्यम से पूर्व में भी सूचित किया गया है परन्तु आपके द्वारा अभिरूचि नहीं लिया जा रहा है। यदि किसी कारणवश आपको यह योजना नहीं लेनी है तो प्रखण्ड पशुपालन कार्यालय/जिला गव्य विकास कार्यालय, आजाद नगर, सुदना, पलामू में हस्तलिखित आवेदन देना चाहेंगे ताकि प्रतीक्षा सूची के दूसरे लाभुकों को आपके खाते से अनुदान राशि स्थानांतरित करने हुए नये लाभुकों को योजना से लाभान्वित किया जा सके।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी
पलामू

PR 380387 District (26-27)_D



## कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य प्रभाग)
## जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू

**–: वितीय वर्ष 2023–24 में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अन्तर्गत 02/05/10 दुधारू गाय/भैंस की योजना में द्वितीय चरण के लाभुकों के लिये आवश्यक सूचना :–**

मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत वितीय वर्ष 2023–24 में द्वितीय चरण के लाभुकों को सूचित किया जाता है कि 02/05/10 दुधारू गाय/भैंस की योजना में चयनित लाभुकों जो प्रथम चरण के गाय क्रय के पश्चात द्वितीय चरण की अनुदान की राशि संबंधित लाभुक के Escrow Account में DBT के माध्यम स्थानांतरित कर दिया गया है, परन्तु 02 वर्ष से अंधिक समय होने जाने के बाद भी कुछेक लाभुकों द्वारा अपना लाभुक अंशदान जमा नहीं किये हैं, और ना ही अभी तक द्वितीय चरण का दुधारू गाय का क्रय नही किया है वैसे लाभुकों की सूची निम्न प्रकार है–

**02 दुधारू गाय की योजना में चयनित अवशेष बचे लाभुकों की सूची, जो अभी तक लाभुक अंशदान की राशि जमा नहीं किए हैं और ना ही इनके द्वारा द्वितीय चरण की दुधारू गाय क्रय किया गया है।**

| क्र0 | लाभुक का नाम | पिता/पति का नाम | गांव | पंचायत | प्रखण्ड | मोबाईल न0 | आधार सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गुडडी देवी | संजय सिंह | जोरकट | कोड़िया | सदर मेदिनीनगर | 8002494848 | 588227212050 |
| 2 | कविता देवी | रविन्द्र सिंह | जोरकट | कोड़िया | सदर मेदिनीनगर | 8002494848 | 436565838766 |
| 3 | उषा देवी | स्व0 महेन्द्र सिंह | चुकरू | कोड़िया | सदर मेदिनीनगर | 6207819003 | 373074799252 |
| 4 | मुन्नी देवी | मिथलेश राम | कोईलखाप | दीनादाग | छत्तरपुर | 9631849376 | 923708327754 |
| 5 | सिता देवी | रामानुज राम | कोईलखाप | दीनादाग | छत्तरपुर | 9199878552 | 890442436824 |
| 6 | नीलम कुमारी | ओमप्रकाश गौरव | महुगाई | दीनादाग | छत्तरपुर | 7488926798 | 911023438683 |
| 7 | संगीता देवी | अमूल्य प्रसाद | कोशियारा | कोशियारा | चैनपुर | 6202481243 | 882173173436 |
| 8 | रंजना कुमारी | राजेश कुमार गुप्ता | सेमरा | सेमरा | चैनपुर | 6204855032 | 732368357293 |
| 9 | सोनिया देवी | राजू चौहान | दरूआ | तिसीबार कला | पाण्डू | 9709852873 | 683535349268 |
| 10 | आरती चौहान | मनोज चौहान | दरूआ | तिसीबार कला | पाण्डू | 9798596956 | 294240713072 |
| 11 | रिंकी कुमारी | दिलीप कुमार तिवारी | तोलरा | तोलरा | विश्रामपुर | 9523375770 | 400481829821 |
| 12 | प्रिती कुमारी | सुमित कुमार चौबे | केतातकला | केतात कला | विश्रामपुर | 9304328556 | 627716299079 |
| 13 | रिंकी देवी | विनोद कुमार तिवारी | चामा | पोलपोल | सदर मेदिनीनगर | 9162972866 | 727431626902 |
| 14 | सुजान्ती देवी | राणा प्रताप सिंह | झगरपुर | पूर्णाडीह | निलाम्बर पिताम्बरपुर | 9801952326 | 311988307287 |
| 15 | रंजु कुमारी | सोहन सिंह | मुरमा | दुलसुलमा | सतबरवा | 8210801380 | 292511385173 |

**05 दुधारू गाय की योजना में चयनित अवशेष बचे लाभुकों की सूची, जो अभी तक लाभुक अंशदान की राशि जमा नहीं किए हैं और ना ही इनके द्वारा द्वितीय चरण की दुधारू गाय क्रय किया गया है।**

| क्र0 | लाभुक का नाम | पिता/पति का नाम | गांव | पंचायत | प्रखण्ड | मोबाईल न0 | आधार सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सोनु कुमार | लक्ष्मण प्रसाद | ठेमा | रबदा | सतबरवा | 7762844112 | 737931139425 |
| 2 | शांति देवी | लालमुनी प्रसाद | मझिगांवा | मझिगांवा | चैनपुर | 9572124025 | 543165206235 |
| 3 | सत्येन्द्र कुमार मेहता | बालकेश मेहता | मोहम्मदगंज | मोहम्मदगंज | मोहम्मदगंज | 6200121542 | 447156151087 |
| 4 | गीता देवी | अरविन्द साव | सरईडीह | सरईडीह | नौडीहा बाजार | 9905161192 | 268780299405 |
| 5 | कुमारी शिखा | अजीत कुमार | सरईडीह | सरईडीह | नौडीहा बाजार | 7991173800 | 356823246970 |
| 6 | सुनील कुमार सिंह | सुरेश कुमार सिंह | सोहड़ी | घुटुआ | सतबरवा | 7488312991 | 530874295295 |
| 7 | सोनु कुमार | लक्ष्मण प्रसाद | ठेमा | रबदा | सतबरवा | 7762844112 | 737931139425 |
| 8 | शांति देवी | लालमुनी प्रसाद | मझिगांवा | मझिगांवा | चैनपुर | 9572124025 | 543165206235 |

**10 दुधारू गाय की योजना में चयनित अवशेष बचे लाभुकों की सूची, जो अभी तक लाभुक अंशदान की राशि जमा नहीं किए हैं और ना ही इनके द्वारा द्वितीय चरण की दुधारू गाय क्रय किया गया है।**

| क्र0 | लाभुक का नाम | पिता/पति का नाम | गांव | पंचायत | प्रखण्ड | मोबाईल न0 | आधार सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कुमार इंदल सिंह | स्व0 उदय नारायण सिंह | कधवन | तोलरा | विश्रामपुर | 8789752741 | 269460220319 |
| 2 | अरूण यादव | गम्हीरा यादव | नावा | चोरहट | रामगढ़ | 9306592397 | 707832846769 |
| 3 | नितीश कुमार | संजय राम | मुरमा कला | गुरहा कला | विश्रामपुर | 8789821589 | 594474438889 |
| 4 | सुरेन्द्र राम | भागीरथी राम | चराई | चराई–1 | छत्तरपुर | 8987453053 | 828775379320 |

इस आशय की सूचना पूर्व में भी आपके मोबाईल सं0, आम सूचना का प्रकाशन एवं पत्र के साथ प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी के माध्यम से भी उक्त योजना से लाभान्वित होने हेतु आप सभी को समय–समय पर सूचना दी गई है परन्तु कुछेक लाभुकों के द्वारा लाभुक अंशदान की राशि अपने Escrow Account में जमा नहीं की गई है, वे दिनांक– 25.05.2026 तक अपना लाभुक अंशदान की राशि जमा करते हुए दुधारू पशुमेला जिला गव्य विकास कार्यालय परिसर, आजाद नगर, सुदना, डालटेनगंज से दुधारू गाय का क्रय करना सुनिश्चित करेंगे ताकि योजना का क्रियान्वयन शीघ्र एवं शत् प्रतिशत पूर्ण हो सके। लाभुक अंशदान की राशि की जमा पर्ची संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड पशुपालन कार्यालय/जिला गव्य विकास कार्यालय, आजाद नगर, सुदना, पलामू में जमा करना सुनिश्चित करेंगे

उक्त के आलोक में शत् प्रतिशत योजना पूर्ण करने हेतु इस कार्यालय द्वारा पत्र, आम सूचना का प्रकाशन एवं दूरभाष के माध्यम से पूर्व में भी सूचित किया गया है परन्तु आपके द्वारा अभिरूचि नहीं लिया जा रहा है। यदि किसी कारणवश आपको यह योजना नहीं लेनी है तो प्रखण्ड पशुपालन कार्यालय/जिला गव्य विकास कार्यालय, आजाद नगर, सुदना, पलामू में हस्तलिखित आवेदन देना चाहेंगे ताकि प्रतीक्षा सूची के दूसरे लाभुकों को आपके खाते से अनुदान राशि स्थानांतरित करने हुए नये लाभुकों को योजना से लाभान्वित किया जा सके।


जिला गव्य विकास पदाधिकारी
पलामू।

PR.NO.380383 District(26-27):D

## संक्षिप्त समाचार

### कर्ज विवाद के बाद गाड़ी के बोनट पर चढ़ा आदमी

**मैसूरु , एजेंसी।** कर्नाटक के मैसूरु में कर्ज में दिए पैसे न लौटाने पर एक आदमी दूसरे की कार के बोनट पर बैठ गया। इसके बाद



उसे बोनट पर बिठाकर 500 मीटर तक ले जाया गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, महादेव नाम के व्यक्ति ने धनंजय को पैसे उधार दिए थे। जब उन्होंने अपने पैसे वापस मांगे तो दोनों के बीच बहस हो गई, जिसके बाद धनंजय कार से भागने लगा और उसे रोकने के लिए महादेव उसकी कार के बोनट पर कूद गया। धनंजय ने कार रोकने के बजाय स्पीड बढ़ा दी और महादेव को बोनट पर लटकाए हुए ही अंदोलना सर्कल से कुवेम्पुनगर पुलिस स्टेशन रोड तक ले गया। पुलिस वायरल वीडियो के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

### गुरुग्राम के 40 लाख लोगों के लिए गुड न्यूज, गर्मी के दिनों में नहीं होगी पानी की समस्या

**गुरुग्राम, एजेंसी।** साइबर सिटी में इस साल गर्मियों में पेयजल संकट से निपटने के लिए गुरुग्राम मेट्रोपालिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी (जीएमडीए) ने तैयारी कर ली है। चंदू बुढ़ेड़ा वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की निर्माणाधीन पांचवीं यूनिट जून में चालू हो जाएगी। इससे गुरुग्राम शहर को सौ एमएलडी अतिरिक्त पेयजल मिलेगा, जिससे गर्मी के दिनों में पेयजल संकट से निपटने में मदद मिलेगी। इससे गर्मी के दिनों में 700 एमएलडी से अधिक पहुंच जाने वाली मांग को पूरा करने में बड़ी मदद मिलेगी और 40 लाख लोगों को भूमिगत पेयजल या टैंकरों के भरोसे नहीं रहना पड़ेगा। जीएमडीए के अधिकारियों के अनुसार चंदू-बुढेड़ा वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में पांचवीं यूनिट स्थापित करने का कार्य तेजी से चल रहा है। इस यूनिट के तैयार हो जाने पर प्लांट की क्षमता में 100 एमएलडी की बढ़ोतरी होगी। विभाग के अनुसार काम तय समयसीमा के भीतर चल रहा है और जून 2026 में यह पूरी तरह संचालित कर दी जाएगी। 66 केवीए सब स्टेशन से बिजली का कलेक्शन होगा। इससे पहले मई 2025 में जीएमडीए ने चंदू प्लांट में सौ एमएलडी यूनिट का शुभारंभ किया था, जिससे गर्मी के दिनों में पेयजल संकट से काफी राहत मिली थी। जीएमडीए के एक्सईएन अभिनव वर्मा ने बताया कि चंदू प्लांट की क्षमता बढ़ाने का कार्य लगातार जारी है ताकि शहर की बढ़ती आबादी के लिए जलापूर्ति बेहतर हो। चंदू-बुढेड़ा और बसई प्लांट मिलकर वर्तमान में गुरुग्राम को कुल 670 एमएमएलडी नहरी पेयजल उपलब्ध करा रहे हैं। लेकिन शहर की जनसंख्या और निर्माण गतिविधियों में तेज बढ़ोतरी के कारण गर्मियों में मांग बढ़कर 700 एमएलडी से ऊपर पहुंच जाती है। इस वजह से कई सेक्टरों में सप्लाई कम हो जाती है और अंतिम छोर के क्षेत्रों में पानी का संकट गहरा जाता है। इन दिनों भी यह मांग लगभग 700 एमएलडी के समीप पहुंच गई है।

### बंगाल के सभी मदरसों में अब अनिवार्य होगा 'वंदे मातरम', शुभेंदु सरकार का निर्देश जारी

**कोलकाता, एजेंसी।** बंगाल में अब सभी सरकारी, सहायता प्राप्त और मान्यता प्राप्त मदरसों में कक्षाएं शुरू होने से पहले प्रार्थना सभा के दौरान 'वंदे मातरम' गाना अनिवार्य कर दिया गया है। सरकारी स्कूल ऐसे हैं जहां संथाली भाषा में पढ़ाई होती है। जब उन स्कूलों में 'वंदे मातरम' अनिवार्य है तो मदरसों में इसे लागू करने में कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। मदरसा शिक्षा निदेशालय की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि पूर्व के सभी आदेशों और प्रथाओं को निरस्त करते हुए राज्य के सभी सरकारी मॉडल मदरसे, सरकारी सहायता प्राप्त मदरसे, मान्यता प्राप्त गैर सहायता प्राप्त मदरसे, एमएसके और एसएसके में कक्षाएं शुरू होने से पहले प्रार्थना सभा में 'वंदे मातरम' गाना अनिवार्य किया।

# छत्तीसगढ़ में फंड नहीं मिलने से नाराज 27 सरपंचों ने दिया इस्तीफा

**कांकेर , एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के अंतागढ़ ब्लॉक में विकास के काम नहीं होने और फंड नहीं मिलने से नाराज होकर 27 सरपंचों ने इस्तीफा दे दिया है। स्थानीय संघ का दावा है कि सभी 56 सरपंचों और एक जिला पंचायत सदस्य ने मिलकर इस्तीफा दिया है। ये जनप्रतिनिधि 18 मई से अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हैं। उनका आरोप है कि पिछले एक साल से प्रशासन ने गांवों में सड़क, पानी और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए कोई फंड जारी नहीं किया है जिससे वे ग्रामीणों से किए वादे पूरे करने में पूरी तरह असमर्थ हैं। एक दिन पहले ही कांग्रेस नेता भूपेश बघेल ने भी फंड के मुद्दे को लेकर सवाल उठाए थे।

अधिकारियों ने बताया कि बुधवार को कांकेर जिले के अंतागढ़ ब्लॉक में 27 ग्राम पंचायतों के प्रमुखों ने यह आरोप लगाते हुए रिजाइन कर दिया कि उनके इलाकों में विकास के कामों को मंजूरी नहीं दी गई है। वहीं स्थानीय पंचायत सदस्य संघ ने दावा किया है कि ब्लॉक की सभी 56 ग्राम पंचायतों के सरपंचों ने विरोध के रूप में एक साथ अपने इस्तीफे सौंप दिए हैं। इन सरपंचों में एक जिला पंचायत सदस्य भी शामिल है।

अंतागढ़ इलाके के अतिरिक्त कलेक्टर ने




भी इस डेवलपमेंट की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि 27 सरपंचों ने अपने इस्तीफे एसडीएम को सौंपे हैं। सरपंच 18 मई से अंतागढ़ के गोल्डन चौक पर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे थे। ये सरपंच गांवों में विकास कार्यों को मंजूर करने के साथ ही फंड जारी किए जाने की मांग कर रहे थे। ग्राम प्रमुखों ने आरोप लगाया कि पिछले एक साल में उनकी पंचायतों में एक भी विकास परियोजना को मंजूरी नहीं मिली है। किए वादों को पूरा करने में असमर्थ हैं। इसी वजह से रिजाइन कर रहे हैं। अंतागढ़ इलाके से कांकेर जिला पंचायत सदस्य गुप्तेश उसेंडी ने कहा कि गांव के लोग हम से विकास के काम कराने को बोलते हैं तो हम जवाब नहीं दे पाते हैं। फंड नहीं मिल रहा है और विकास कार्यों को भी मंजूरी नहीं मिल रही है। ऐसे में हम पंचायतों को चलाने में पूरी तरह से असमर्थ हैं। पिछले एक साल से गांवों में विकास कार्य ठप पड़े हैं। लमकानहार ग्राम पंचायत की सरपंच मंजू लता गावड़े ने कहा कि प्रशासन ने उन्हें भरोसा दिया था कि 15 दिनों के भीतर विकास कार्यों को मंजूरी दे दी जाएगी लेकिन कई महीने बीत चुके हैं और कोई विकास के काम शुरू नहीं हुआ है। बिना फंड के हम विकास के काम कैसे कर सकते हैं?कलगांव ग्राम पंचायत की सरपंच प्रमिला नाग ने कहा कि गांवों में बुनियादी सुविधाओं की कमी के कारण सरपंचों को इस्तीफा देने के लिए मजबूर होना पड़ा है।

## छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में कर्मचारियों को 2 दिन वर्क फ्रॉम होम, ऑनलाइन होगी सुनवाई

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने गर्मियों की छुट्टियों के दौरान संसाधनों की बचत के लिए कई महत्वपूर्ण उपाय लागू किए हैं। मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा के निर्देशानुसार, 18 मई से 15 जून तक कोर्ट की सुनवाई मुख्य रूप से वर्चुअल यानी वीडियो-कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से होगी, हालांकि जरूरत पड़ने पर व्यक्तिगत रूप से आने की अनुमति भी रहेगी। इसके अलावा, कर्मचारियों को हफ्ते में दो दिन वर्क फ्रॉम होम की सुविधा दी गई है। हालांकि दफ्तर में 50 फीसदी उपस्थिति जरूरी रहेगी। फ्यूल बचाने के लिए अधिकारियों को कारपूलिंग करने की सलाह दी गई है।

अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने गर्मियों की छुट्टियों के दौरान कुछ नए नियम लागू किए हैं। इन नियमों में कोर्ट की सुनवाई ऑनलाइन करना, कर्मचारियों को घर से काम (वर्क फ्रॉम होम) देना और कारपूलिंग शामिल है। इन उपायों का मकसद संसाधनों की बचत करना है। रजिस्ट्रार जनरल रजनीश श्रीवास्तव की ओर से जारी नोटिस के मुताबिक, ये आदेश छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने दिए हैं। उन्होंने यह फैसला सुप्रीम कोर्ट की गर्मियों की छुट्टियों के लिए लागू नियमों को ध्यान में रखकर लिया है।

अधिकारियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट में गर्मियों की छुट्टियां 18 मई से शुरू हो कर 15 जून तक चलेंगी। सर्कुलर के मुताबिक, गर्मियों की छुट्टियों के दौरान हाई कोर्ट में मामलों की सुनवाई मुख्य रूप से वीडियो-कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए की जाएगी। हालांकि जो वकील किसी वजह से वर्चुअल रूप से शामिल नहीं हो पाएंगे, उन्हें अदालत के सामने व्यक्तिगत रूप से पेश होने की अनुमति दी जाएगी। सर्कुलर में यह भी कहा गया है कि जरूरत पड़ने पर अदालतें किसी भी मामले में व्यक्तिगत सुनवाई का भी निर्देश दे सकती हैं।



हाई कोर्ट और जिला न्यायपालिका के सेक्शन इंचार्ज और कार्यालय प्रमुखों से अनुरोध किया गया है कि वे कर्मचारियों को हफ्ते में दो दिन वर्क-फ्रॉम-होम करने का आदेश दें लेकिन ध्यान रखें कि आफिस में कम से कम 50 फीसदी कर्मचारी मौजूद हों। सर्कुलर के मुताबिक, जिन कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम की अनुमति होगी उनको फोन पर उपलब्ध रहना होगा और जरूरत पड़ने पर आफिस में रिपोर्ट करना होगा। फ्यूल बचाने के मकसद से हाई कोर्ट और जिला न्यायपालिका के न्यायिक और प्रशासनिक अधिकारियों को कारपूलिंग भी करने की सलाह दी गई है।

सर्कुलर में रजिस्ट्रार (न्यायिक) और रजिस्ट्रार (कम्प्यूटरीकरण) को जरूरत पड़ने पर वीडियो-कॉन्फ्रेंसिंग की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं।

## फर्जी वीजा के साथ तीन लोग गिरफ्तार, इराक जाने के लिए पहुंचे थे एयरपोर्ट

**जयपुर, एजेंसी।** जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर फर्जी पर्यटक वीजा के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए तीनों लोग ईराक जाने के लिए हवाई अड्डे पर पहुंचे थे। जयपुर हवाई अड्डा थाना पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किए गए लोगों में उत्तरप्रदेश में अंबेडकर नगर के देवरिया बुजुर्ग निवासी सुरेश कुमार, बिहार में पूर्वी चंपारण निवासी रूपेश यादव और बिहार में ही पटना जिले के धनौती गांव निवासी आलोक कुमार सिंह शामिल है। जयपुर पुलिस उपायुक्त रंजीता शर्मा ने बताया कि पकड़े गए तीनों लोग मंगलवार रात अंतरराष्ट्रीय उड़ान से ईराक जाने की तैयारी कर रहे थे।




## तमिलनाडु मुख्यमंत्री विजय की मुश्किलें बढ़ीं, सीबीआई जांच की मांग; सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय की मुश्किलें बढ़ गई हैं। सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई है, जिसमें विजय के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा जीते गए विश्वास मत में कथित खरीद-फरोख्त और भ्रष्टाचार को लेकर सीबीआई जांच की मांग की गई। याचिका में कहा गया है कि जब तक जांच न पूरी हो जाए, तब तक तमिलनाडु में राष्ट्रपति शासन लागू रहे।



बार एंड बेंच के अनुसार, यह पीआईएल चेन्नई के रहने वाले केके रमेश ने दायर की है। इसमें उन्होंने विजय के खिलाफ सीबीआई जांच की मांग की है। याचिका में भारत संघ, सीबीआई और तमिलनाडु सरकार को पक्षकार बनाया गया है। अर्जी में कहा गया है कि तमिलनाडु में टीवीके सबसे बड़ी पार्टी तो बनी, लेकिन उसके पास पर्याप्त नंबर नहीं थे, जिससे एक स्थिर सरकार बन सके। याचिका में कहा गया कि विधानसभा में लोकतांत्रिक तरीके से फ्लोर टेस्ट नहीं हुआ और विधायकों को काफी पैसे दिए गए। उनके साथ समझौते किए गए। कहा गया, दूसरे दल के कुछ विधायकों ने पैसों और दूसरे फायदे के लिए पार्टी के व्हिप का उल्लंघन किया।यह एआईएडीएमके विधायकों के लिए कहा गया है, क्योंकि 25 विधायकों ने व्हिप का उल्लंघन करते हुए टीवीके को वोट दिया है।

## गंगा में बिरयानी डालने पर भड़कीं साध्वी प्राची, कहा- ये सनातन आस्था से खिलवाड़

**हरिद्वार , एजेंसी।** हरिद्वार में ज्वालापुर इलाके से गंगनहर में चिकन बिरयानी डालने का वीडियो सामने आया है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद संत समाज में भारी आक्रोश है। संतों का आरोप है कि कुछ कट्टरपंथी और असामाजिक तत्व जानबूझकर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का काम कर रहे हैं, जिससे कि क्षेत्र में सामाजिक सौहार्द बिगड़े। संतों ने जांच में वीडियो सही पाए जाने पर दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाने की मांग की है। मामले की गंभीरता देखते हुए स्थानीय प्रशासन तुरंत हरकत में आया और वीडियो की जांच शुरू कर दी। फिलहाल, प्रशासनिक स्तर पर वीडियो की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। धर्मनगरी हरिद्वार इस वीडियो में कुछ युवक कथित तौर पर एक ड्रम में भरी बिरयानी को गंगा नदी में डालते हुए दिखाई दे रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद लोगों में नाराजगी देखने को मिल रही है। इस पूरे मामले पर साध्वी प्राची की भी प्रतिक्रिया सामने आई है। उनका कहना है कि ऐसे लोगों को जेल या बेल के चक्कर में नहीं फंसाना चाहिए, बल्कि 72 हूर से मेल करा देना चाहिए। उन्होंने कहा, सनातनियों की आस्था के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। ये कठमुल्ले सनातनियों को कमजोर समझ रहे हैं। उन्होंने बताया कि हिंदू समाज जातियों, भाषावाद, क्षेत्रवाद और प्रांतवाद में बंटा हुआ है। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाएं समाज में तनाव पैदा करती हैं और इसे रोकने के लिए सख्त कदम उठाने की जरूरत है। ऐसी गतिविधियां न केवल धार्मिक भावनाओं को प्रभावित करती हैं बल्कि सामाजिक सौहार्द को भी प्रभावित करती है। साध्वी प्राची ने सख्त लहजे में कहा कि ये कठमुल्ले गंगा मां को अपवित्र करना चाह रहे थे, लेकिन ऐसा कभी नहीं होगा और जो लोग इस तरह का षड्यंत्र रच रहे हैं। उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। इन लोगों के लिए नो जेल, नो बेल, बल्कि सीधे 72 हूर से मेल कराओ। साध्वी ने इस तरह की घटना पर चिंता जताते हुए कहा कि समाज में एकजुटता की जरूरत है और किसी भी प्रकार की ऐसी हरकतें, जो लोगों की आस्था को चोट पहुंचाएं, उन्हें गंभीरता से लिया जाना चाहिए।



# केरल में सतीशन कैबिनेट का गठन पूरा, 14 विधायक पहली बार बने मंत्री

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी।** कई दिनों की राजनीतिक खींचतान, गहन बातचीत और अनिश्चितता के बाद केरल में बुधवार को मुख्यमंत्री वीडी सतीशन के नेतृत्व वाली 21 सदस्यीय यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) सरकार में विभागों का बंटवारा पूरा हो गया। इसके साथ ही राज्य में एक नए राजनीतिक अध्याय की औपचारिक शुरुआत हो गई। केरल में आखिरी बार कांग्रेस नीत यूडीएफ सरकार 2011 में ओम्मन चांडी के नेतृत्व में सत्ता में आई थी। नई कैबिनेट में कांग्रेस और यूडीएफ के भीतर पीढ़ीगत बदलाव साफ दिखाई दे रहा है, क्योंकि बड़ी संख्या में नए चेहरों को पहली बार मंत्री बनाया गया है। कैबिनेट के 14 सदस्य (जिनमें मुख्यमंत्री सतीशन भी शामिल हैं) पहली बार मंत्री बने हैं। इनमें से छह नेता पहली बार विधायक चुने गए हैं। इसे यूडीएफ की युवा और नई नेतृत्व छवि पेश करने की कोशिश माना जा रहा है।

केरल की हालिया राजनीतिक परंपरा में पहली बार कांग्रेस ने कैबिनेट में दो महिला मंत्रियों को शामिल किया है। कांग्रेस नेता बिंदु कृष्णा को श्रम विभाग की जिम्मेदारी दी गई है, जबकि पलक्कड़ से कांग्रेस सांसद वी.के. श्रीकंदन की पत्नी के.ए. तुलसी को अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग सौंपा गया है।

नए चेहरे एम. लिजू को आबकारी और सहकारिता जैसे महत्वपूर्ण विभाग मिले हैं। विभागों का अंतिम फैसला कई दिनों तक चली बातचीत, गुटबाजी और सहयोगी दलों के दबाव के बाद संभव हो सका। सबसे ज्यादा विवाद मत्स्य पालन विभाग को लेकर हुआ, जिसे इंडियन यूनियन



मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) को दिया गया।

लैटिन कैथोलिक चर्च ने खुले तौर पर इसका विरोध करते हुए मांग की थी कि यह विभाग कांग्रेस के पास ही रहे, क्योंकि तटीय समुदाय को मंत्रिमंडल में पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं मिला है। हालांकि मुस्लिम लीग अपने रुख पर कायम रही। खबरों के अनुसार पार्टी ने कहा था कि यदि मत्स्य विभाग वापस लिया जाता है तो बदले में उसे उच्च शिक्षा विभाग दिया जाए। कांग्रेस नेतृत्व और चर्च के कुछ वर्गों ने इसका विरोध किया। अंततः यूडीएफ ने मत्स्य विभाग मुस्लिम लीग के पास ही रहने दिया और वी.ई. अब्दुल गफूर को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई। कांग्रेस के अंदरूनी गुटीय समीकरण भी देरी की बड़ी वजह बने। स्वास्थ्य विभाग को लेकर के. मुरलीधरन और ए.पी. अनिल कुमार के बीच खींचतान रही।

## डिफॉल्टरों के फोन लॉक नहीं कर सकेंगे बैंक, रिकवरी एजेंटों की मनमानी पर रोक

**मुंबई,एजेंसी।** आरबीआई ने बुधवार को कहा कि बैंक पर्सनल, कार या होम लोन की रिकवरी के लिए डिफॉल्टर के मोबाइल फोन को डिसेबल या प्रतिबंधित नहीं कर सकते हैं। हालांकि, बैंकों को उस मोबाइल डिवाइस को प्रतिबंधित या डिसेबल करने की अनुमति होगी, जिसे बैंक ने स्वयं फाइनेंस किया है।

केंद्रीय बैंक इन नियमों को 1 अक्टूबर, 2026 से लागू करने का प्रस्ताव कर रहा है। केंद्रीय बैंक ने लोन की बकाया राशि की रिकवरी और रिकवरी एजेंसियों को काम पर रखने के मामलों से जुड़े सख्त नियम प्रस्तावित किए है।

ये नियम उधारकर्ताओं के उत्पीड़न की शिकायतों के बीच लाए गए हैं, जिसमें इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म के जरिये उत्पीड़न और गाली-गलौज का इस्तेमाल शामिल है। आरबीआई ने प्रस्ताव दिया है, कोई भी बैंक ऐसा कोई तकनीक आधारित तरीका नहीं अपनाएगा, जो किसी उधारकर्ता के मोबाइल डिवाइस की कार्यक्षमता को प्रभावित करे। बैंक ऐसा तभी कर सकेंगे जब उसे डिवाइस के फाइनेंस से जुड़े लोन की बकाया राशि की रिकवरी करनी हो।

इस मामले में भी बैंक तब तक डिवाइस को ब्लॉक नहीं कर सकेंगे जब तक कि संबंधित लोन 90 दिनों से ज्यादा समय से बकाया नहीं हो गया हो। आरबीआई ने कहा कि गलत तरीके से प्रतिबंध लगाने या उसे हटाने में देरी होने पर बैंक को उधारकर्ता को उस समय तक 250 रुपये प्रति घंटे की दर से मुआवजा देना होगा, जब तक कि उस गलत कार्रवाई को ठीक नहीं कर दिया जाता है। केंद्रीय बैंक ने लोन की रिकवरी और रिकवरी एजेंटों को काम पर रखने के मामलों में भी संशोधित मसौदा निर्देश जारी किए हैं। आरबीआई ने कहा है कि बैंकों को अपने कर्मचारी/रिकवरी एजेंट द्वारा लोन की बकाया राशि की रिकवरी के लिए उधारकर्ता/गारंटर को की गई काल का समय और संख्या रिकार्ड करनी चाहिए।

## विजय बनकर हिंदू लड़की से की शादी, मुख्य आरोपी इमरान शेख और उसके दो भाई गिरफ्तार

**उल्हासनगर, एजेंसी।** महाराष्ट्र के उल्हासनगर से लव जिहाद और धोखेबाजी का एक बेहद गंभीर मामला सामने आया है। यहां एक 27 वर्षीय हिंदू महिला ने अपने पति पर आरोप लगाया है कि उसने अपनी मुस्लिम पहचान छिपाकर पहले उसे प्यार के जाल में फंसाया और फिर शादी के बाद उस पर इस्लामिक तौर-तरीके अपनाने का भारी दबाव डाला। महिला की शिकायत के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी इमरान शेख (33) और उसके दो भाइयों को गिरफ्तार कर लिया है।

सेंट्रल पुलिस स्टेशन के अधिकारियों के मुताबिक, गैरेज में काम करने वाले इमरान शेख ने साल 2019 में पीड़िता से पहली मुलाकात की थी। उस वक्त इमरान ने चालाकी से अपना नाम विजय बताया था। हिंदू नाम होने की वजह से महिला को उस पर शक नहीं हुआ और दोनों के बीच गहरा रिश्ता बन गया। उसी साल इमरान महिला को अपने पैतृक गांव (बिहार) ले गया। वहां पहुंचने के बाद उसने अपनी असली पहचान उजागर की और मुस्लिम रीति-रिवाजों के अनुसार महिला के साथ निकाह कर लिया। रिपोर्ट के मुताबिक, शिकायत में महिला ने





अपने ससुराल वालों पर प्रताड़ना के झकझोर देने वाले आरोप लगाए हैं। पीड़िता का कहना है कि शादी के बाद उसे जबरन बुर्का और हिजाब पहनने के लिए मजबूर किया गया। इतना ही नहीं, उसे हिंदू देवी-देवताओं की पूजा करने से सख्त मना किया गया और उसकी इच्छा के खिलाफ इस्लामिक परंपराओं का पालन कराया गया। हिंदू देवी-देवताओं को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणियां करता था। माता-पिता और भाइयों द्वारा यह शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न और ज्यादा बढ़ा दिया गया। महिला को जब इमरान की एक और शादी के बारे में पता चला और उसने इसका कड़ा विरोध किया, तो इमरान ने बेझिझक कहा कि वह दूसरी महिला भी उसकी पत्नी है और इस्लाम में उसे कई शादियां करने की इजाजत है। जब यह परिवार वापस उल्हासनगर लौटा, तब भी प्रताड़ना का सिलसिला थमा नहीं। आखिर में तंग आकर और खुद को पूरी तरह ठगा हुआ महसूस कर महिला ने पुलिस की शरण ली। उल्हासनगर के सेंट्रल पुलिस स्टेशन के सीनियर पुलिस इंस्पेक्टर शंकर अवताड़े ने बताया कि पीड़िता के विस्तृत बयान के आधार पर इमरान, उसके भाइयों- सलमान शेख और शाहबाज शेख, माता-पिता और दो अन्य रिश्तेदारों (कुल 7 लोगों) के खिलाफ नामजद केस दर्ज किया गया है।

### सीएम भजनलाल शर्मा का डूंगरपुर दौरा, बीएपी के गढ़ में साधेंगे आदिवासी समीकरण

**उदयपुर, एजेंसी।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बुधवार से दो दिवसीय डूंगरपुर दौरे पर रहेंगे। उनका यह दौरा प्रशासनिक समीक्षा से अधिक आदिवासी राजनीति के लिहाज से अहम माना जा रहा है, क्योंकि मुख्यमंत्री सीधे भारत आदिवासी पार्टी (बीएपी) के सबसे मजबूत गढ़ चौरासी विधानसभा और सांसद राजकुमार रोत के गृह क्षेत्र धंबोला पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री शाम को जिला कलेक्ट्रेट में अधिकारियों की बैठक लेकर बिजली, पानी और लंबित विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे। इसके बाद वे धंबोला स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में रात्रि चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनेंगे और मौके पर समाधान के निर्देश देंगे। मुख्यमंत्री रात को स्थानीय आदिवासी परिवार के घर भोजन और रात्रि विश्राम भी करेंगे। राजनीतिक जानकारों के अनुसार हाल ही में हुए उपचुनाव में बीएपी की जीत का अंतर घटकर 20 हजार वोटों तक सीमित रह गया था, जबकि विधानसभा चुनाव 2023 में राजकुमार रोत करीब 69 हजार वोटों से जीते थे। ऐसे में भाजपा अब आदिवासी क्षेत्र में अपनी पकड़ मजबूत करने की रणनीति पर काम कर रही है। डूंगरपुर और वागड़ क्षेत्र में पिछले एक महीने से जारी अघोषित बिजली कटौती भी बड़ा मुद्दा बनी हुई है।

संक्षिप्त समाचार

## 23 मई से बाघी बरडीहा स्टेशन पर रुकेगी जमालपुर-गया मेमू ट्रेन

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेलवे ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गाड़ी संख्या 63387/63388 जमालपुर-गया-जमालपुर मेमू ट्रेन के बाघी बरडीहा स्टेशन पर ठहराव की तिथि में आंशिक संशोधन किया है। रेलवे की ओर से जारी सूचना के अनुसार दानापुर मंडल के नवादा और वारिसलीगंज स्टेशनों के बीच स्थित बाघी बरडीहा स्टेशन पर अब इस मेमू ट्रेन का ठहराव 23 मई 2026 से शुरू होगा। नई व्यवस्था के तहत 23 मई 2026 से गाड़ी संख्या 63388 गया-जमालपुर मेमू शाम 4 बजकर 26 मिनट पर बाघी बरडीहा स्टेशन पहुंचेगी और एक मिनट के ठहराव के बाद 4 बजकर 27 मिनट पर आगे के लिए रवाना होगी। वहीं 24 मई 2026 से गाड़ी संख्या 63387 जमालपुर-गया मेमू सुबह 11 बजकर 9 मिनट पर बाघी बरडीहा स्टेशन पहुंचेगी तथा 11 बजकर 10 मिनट पर अपने अगले गंतव्य के लिए प्रस्थान करेगी। रेलवे अधिकारियों के अनुसार इस ठहराव से बाघी बरडीहा और आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा स्थानीय लोगों को बेहतर रेल संपर्क का लाभ प्राप्त होगा।

## मारपीट व आर्म्स एक्ट मामले में नामजद आरोपित गिरफ्तार

**मसौढ़ी !** मारपीट व आर्म्स एक्ट मामले में एक फरार नामजद आरोपित को मसौढी थाना की पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। जिसकी पहचान कांग्रेस यादव के पुत्र विनोद कुमार उर्फ लोकदल यावद के रूप में हुई है। हालांकि इस मामले में नामजद अन्य कई आरोपित की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की धड़ पकड़ के लिए छापेमारी कर रही है।बीते कुछ दिन पहले थाना क्षेत्र के मसौढ़ी पाली पथ स्थित कार वाशिंग के पास मारपीट तोड़ फोड़ और फायरिंग की गई थी।पीड़ित व्यक्ति के दिए गए आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। जिसके बाद बुधवार को थाना ध्यक्ष विवेक भारती के नेतृत्व में एसआई जितेंद्र मिश्रा के द्वारा बुधवार को छापेमारी कर विनोद कुमार उर्फ लोकदल यावद उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## महादलित बस्ती की सड़क मांग पर प्रशासन एक्टिव, डीएम के निर्देश पर जांच शुरू

**हाजीपुर।** वैशाली जिले के हाजीपुर स्थित एक महादलित बस्ती में सड़क निर्माण की वर्षों पुरानी मांग पर जिला प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई शुरू कर दी है। एक सहयोग शिविर में प्राप्त आवेदन के बाद यह पहल की गई है। वैशाली की जिलाधिकारी वर्षा सिंह के निर्देश पर सड़क निर्माण की मांग की जांच के लिए एक समिति का गठन किया गया है। इस समिति का नेतृत्व अपर समाहर्ता (ADM) कर रहे हैं, जिसमें एसडीएम, डीएसपी और हाजीपुर के प्रखंड अंचलाधिकारी भी शामिल हैं। जांच समिति ने आज मौके पर पहुंचकर स्थल निरीक्षण किया। समिति के सदस्यों ने मीडिया को बताया कि सहयोग शिविर में सड़क निर्माण से संबंधित एक आवेदन प्राप्त हुआ था, जिसकी जांच के लिए वे यहां आए हैं। अधिकारियों के अनुसार, स्थल निरीक्षण के बाद पूरी जांच रिपोर्ट 24 घंटे के भीतर जिलाधिकारी को सौंप दी जाएगी। इस रिपोर्ट के आधार पर सड़क निर्माण की प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया जाएगा। यह कार्रवाई 19 मई को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के आह्वान पर आयोजित सहयोग समिति से जुड़े एक घटनाक्रम के बाद हुई है। उस दिन, लोगों ने वैशाली जिलाधिकारी से स्थल निरीक्षण का अनुरोध किया था। जब जिलाधिकारी स्थल निरीक्षण के लिए जा रही थीं, तब हाजीपुर के भाजपा विधायक अवधेश सिंह ने उन्हें रोक दिया था। इस घटना के बाद दलित समाज के लोग आक्रोशित हो गए और उन्होंने हंगामा किया। इस घटना का वीडियो वायरल होने के बाद जिला प्रशासन और विधायक को भारी फजीहत का सामना करना पड़ा था। इसी के बाद जिलाधिकारी ने आज यह पहल की है, जिससे ग्रामीणों में वर्षों पुरानी मांग पूरी होने की उम्मीद जगी है।

## बुलेट के लिए नवविवाहिता की पीट-पीटकर हत्या

**हाजीपुर।** वैशाली में दहेज के लिए एक नवविवाहिता की पीट-पीटकर हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। मामला बालिगांव थाना क्षेत्र के भूसाही गांव की है। घटना बुधवार देर रात की बताई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर भेज दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए FSL टीम को भी बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। मृतका की पहचान 20 वर्षीय अमृता कुमारी के रूप में हुई है। उसकी शादी करीब नौ महीने पहले भूसाही गांव निवासी प्रमोद पंडित के बेटे मनीष कुमार से हुई थी। स्थानीय लोगों के अनुसार, अमृता और मनीष के बीच प्रेम प्रसंग था, जिसके बाद दोनों की शादी हुई थी। बताया जाता है कि शुरुआत में लड़की पक्ष इस विवाह के लिए तैयार नहीं था, लेकिन बाद में दोनों परिवारों की सहमति से शादी संपन्न हुई। मृतका की बड़ी बहन ने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि शादी के बाद से ही अमृता को दहेज के लिए लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। आरोप है कि पति मनीष कुमार और उसकी मां बुलेट की मांग कर रहे थे। परिजनों ने यह भी दावा किया कि दहेज की मांग पूरी नहीं होने तक अमृता को मायके वालों से बात करने नहीं दिया जाता था। उसके मोबाइल फोन से परिवार के सभी नंबर ब्लॉक कर दिए गए थे। परिजनों के मुताबिक, गुरुवार देर रात अमृता की बेरहमी से पिटाई की गई, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद बालिगांव थाना की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। फिलहाल पुलिस सभी आरोपों की जांच कर रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और एफएसएल जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## लालगंज में विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**हाजीपुर।** लालगंज थाना क्षेत्र के सलाहपुर मोहल्ला में बुधवार को एक विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर भेज दिया। मृतका की पहचान मधुबनी के कमलवाड़ी गांव निवासी दिलीप मंडल के पुत्र विकास मंडल की पत्नी पुष्पा कुमारी के रूप में हुई है। पुष्पा की शादी वर्ष 2018 में राजनगर चिरचिरि गांव निवासी नंदकिशोर प्रसाद मंडल की पुत्री से हुई थी। दंपति पिछले पांच-छह महीने से लालगंज के सलाहपुर मोहल्ला स्थित श्याम नंदन राय के मकान में किराये पर रह रहे थे। शादी के बाद से उन्हें कोई बच्चा नहीं हुआ था, जिसके लिए पति-पत्नी डॉक्टर से इलाज भी करा रहे थे। पति विकास मंडल फोरलेन निर्माण कार्य में मजदूरी करते हैं। बताया गया है कि वट सावित्री व्रत को लेकर पुष्पा ने पति से पैसे की मांग की थी। पति ने अपनी आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए उतनी राशि देने में असमर्थता जताई, जिससे पुष्पा कुमारी नाराज चल रही थी। बुधवार, 20 मई 2026 को महिला ने खाना बनाने के बाद कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। काफी देर तक दरवाजा नहीं खुलने पर मकान मालकिन विद्या देवी को शक हुआ। उन्होंने बगल के मिस्त्री को बुलाकर दरवाजा खुलवाया। दरवाजा खुलते ही कमरे के अंदर महिला का शव पंखे से दुपट्टे के सहारे लटका मिला। घटना की जानकारी मिलने के बाद आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। लोगों ने मृतका के पति और पुलिस को सूचना दी।

## सिक्स लेन पुल पर युवक का मिला शव

**हाजीपुर।** वैशाली में राघोपुर कच्ची दरगाह-बिदुपुर सिक्स लेन पुल के पाया नंबर 8 की रेलिंग के पास गुरुवार सुबह एक अज्ञात युवक का शव मिला। सूचना मिलते ही राहगीर, पुल निर्माणकर्मी और अधिकारी मौके पर जमा हो गए। रुस्तमपुर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। राहगीरों ने सुबह पुल पर शव देखा, जिसके बाद इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शव की पहचान करने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में युवक की हत्या कर शव को पुल पर फेंके जाने की आशंका जताई जा रही है। युवक की शर्ट खून से लथपथ पाई गई। रुस्तमपुर थाना अध्यक्ष कुमार अभिषेक ने बताया कि सिक्स लेन पुल पर शव मिलने की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। स्थानीय लोगों की मदद से पहचान का प्रयास किया गया, लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। पोस्टमार्टम के बाद शव को सदर अस्पताल में सुरक्षित रखा गया है।

# सपनों को हकीकत में बदलने के लिए संघर्ष जरूरी : विपिन सिंह

### "कौन कहता है कि आसमान में सुराख नहीं हो सकता, एक पत्थर तो तबीयत से उछालो यारों...

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना।** प्रसिद्ध शायर दुष्यंत कुमार की इन पंक्तियों को उद्धृत करते हुए गोल इंस्टीट्यूट के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक विपिन सिंह ने कहा कि किसी भी सपने को जमीन पर उतारना आसान नहीं होता। इसके लिए वर्षों तक निरंतर मेहनत, संघर्ष, धैर्य और समर्पण की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि कोई भी सफलता रातों-रात नहीं मिलती। एक सपने को साकार करने के पीछे माता-पिता की उम्मीदें, परिवार का त्याग और अपनों का विश्वास जुड़ा होता है। हर मां अपने बच्चे को सफल देखना चाहती है, जबकि पिता अपने बच्चों के सपनों को साकार करने के लिए दिन-रात मेहनत करते हैं। ऐसे में छात्रों की जिम्मेदारी बनती है कि वे अपने लक्ष्य के प्रति पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ मेहनत करें। विपिन सिंह ने कहा कि उनके माता-पिता के आशीर्वाद, सकारात्मक सोच और लगातार किए गए कठिन परिश्रम का ही परिणाम है कि आज गोल इंस्टीट्यूट शिक्षा के क्षेत्र में सफलता की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने बताया कि यह उपलब्धि एक दिन में नहीं मिली, बल्कि पिछले 28 वर्षों की कठिन मेहनत और समर्पण का नतीजा है।



विपिन सिंह
गोल इंस्टीट्यूट के संस्थापक सह प्रबंध निदेशक

उन्होंने कहा कि संस्थान को नई पहचान दिलाने में शिक्षकों, कर्मचारियों और मेधावी छात्र-छात्राओं की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। गोल इंस्टीट्यूट की स्थापना का उद्देश्य केवल व्यवसाय करना नहीं, बल्कि छात्रों के लिए बेहतर शैक्षणिक वातावरण और सकारात्मक माहौल तैयार करना था, ताकि वे पढ़-लिखकर देश और दुनिया में अपनी अलग पहचान बना सकें। उन्होंने बताया कि पिछले 28 वर्षों में संस्थान के हजारों छात्र देश के प्रतिष्ठित मेडिकल संस्थानों में चयनित होकर अपने सपनों को साकार कर चुके हैं। यह सफलता छात्रों और उनके अभिभावकों के विश्वास का परिणाम है। विपिन सिंह ने कहा कि अभिभावक जिस भरोसे और उम्मीद के साथ अपने बच्चों का भविष्य संस्थान को सौंपते हैं, उस विश्वास को कायम रखना उनकी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। इसी सोच के साथ संस्थान पूरी ईमानदारी और प्रतिबद्धता के साथ छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए कार्य कर रहा है।

## आओ तुम सपने लेकर, करेंगे पूरा हम यहां : गोल इंस्टीट्यूट

इन्हीं प्रेरणादायी पंक्तियों के साथ गोल इंस्टीट्यूट के संस्थापक सह प्रबंध निदेशक विपिन सिंह ने कहा कि अभिभावकों को अपने बच्चों के सपनों को केवल घर तक सीमित नहीं रखना चाहिए, बल्कि उन्हें सही दिशा और बेहतर मंच देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि यदि माता-पिता अपने बच्चों को डॉक्टर या इंजीनियर बनाना चाहते हैं, तो उन्हें सही मार्गदर्शन और बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना बेहद जरूरी है। गोल इंस्टीट्यूट छात्रों को स्वच्छ, अनुशासित और सकारात्मक माहौल प्रदान करता है, जहां छात्र बिना किसी तनाव के पूरी निष्ठा और लगन के साथ मेडिकल एवं इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी करते हैं।

विपिन सिंह ने कहा कि संस्थान में छात्रों की व्यक्तिगत क्षमता और कमजोरियों को ध्यान में रखकर पढ़ाई कराई जाती है। यहां के शिक्षक प्रत्येक छात्र पर विशेष ध्यान देते हैं और उनकी कमियों को दूर करने के साथ-साथ उनकी प्रतिभा को और बेहतर बनाने का प्रयास करते हैं। उन्होंने बताया कि संस्थान में नियमित रूप से परीक्षा आयोजित की जाती है, ताकि छात्र अपनी तैयारी का सही मूल्यांकन कर सकें। साथ ही समय-समय पर छात्रों को प्रेरित किया जाता है और उन्हें सही दिशा में आगे बढ़ने के लिए मार्गदर्शन दिया जाता है।

उन्होंने कहा कि संस्थान के अनुभवी शिक्षकों की मेहनत और छात्रों की लगन का ही परिणाम है कि यहां से तैयारी करने वाले अनेक छात्र राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा और संयुक्त प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल कर डॉक्टर एवं इंजीनियर बन रहे हैं। विपिन सिंह ने कहा कि छात्रों और अभिभावकों का विश्वास ही गोल इंस्टीट्यूट की सबसे बड़ी ताकत है। यही वजह है कि आज बिहार, झारखंड सहित पूर्वी भारत के हजारों छात्र-छात्राओं की पहली पसंद गोल इंस्टीट्यूट बन चुका है।

> "मत पालो तुम सपने घर में, लेकर आओ तुम यहां। सौंप दो तुम अपने बच्चे को, देंगे उसे यहां मुकम्मल जहां।"

## हम अपने बच्चों को सिर्फ रिजल्ट नहीं, खुशियां भी देते हैं: गोल इंस्टीट्यूट

गोल इंस्टीट्यूट ने कहा है कि संस्थान का उद्देश्य केवल छात्रों को परीक्षा में सफल बनाना नहीं, बल्कि उन्हें ऐसा मुकाम दिलाना है जिससे वे अपने परिवार और समाज के लिए गर्व का कारण बन सकें। संस्थान की ओर से कहा गया कि अभिभावक अपने बच्चों को गोल इंस्टीट्यूट में भेजें, जहां उन्हें उचित मार्गदर्शन, सही प्रेरणा, बेहतर सलाह और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाती है। यहां छात्रों को इस तरह तैयार किया जाता है कि वे प्रतिष्ठित मेडिकल और इंजीनियरिंग संस्थानों में चयनित होकर डॉक्टर और इंजीनियर बन सकें तथा देश में सम्मानजनक जीवन जी सकें। संस्थान ने बताया कि पिछले 28 वर्षों में गोल इंस्टीट्यूट ने देश को 18 हजार से अधिक डॉक्टर और इंजीनियर दिए हैं। यहां से पढ़कर निकले छात्रों ने न सिर्फ अपने करियर में सफलता हासिल की है, बल्कि अपने माता-पिता और परिवार को भी अपार खुशियां दी हैं। संस्थान का कहना है कि गोल केवल परीक्षा परिणाम देने वाला संस्थान नहीं है, बल्कि यह छात्रों और उनके परिवारों के सपनों को साकार करने का माध्यम भी है। यहां से शिक्षा प्राप्त कर चुके छात्र आज देशभर के मेडिकल कॉलेजों और इंजीनियरिंग संस्थानों में अपनी अलग पहचान बना रहे हैं तथा संस्थान का नाम रोशन कर रहे हैं।

# एलआईसी का मुनाफा 19% बढ़कर 57,419 करोड़, शेयरधारकों को 10 प्रति शेयर लाभांश की सिफारिश

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**मुंबई।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए शानदार वित्तीय प्रदर्शन दर्ज किया है। एलआईसी के निदेशक मंडल ने 31 मार्च 2026 को समाप्त वित्तीय वर्ष के स्टैंडअलोन और समेकित वित्तीय परिणामों को मंजूरी दे दी है। कंपनी का कर पश्चात लाभ (PAT) बढ़कर 57,419 करोड़ हो गया, जो पिछले वित्तीय वर्ष में 48,151 करोड़ था। इस प्रकार कंपनी के मुनाफे में 19.25 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। एलआईसी बोर्ड ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 10 अंकित मूल्य वाले प्रत्येक इक्विटी शेयर पर 10 प्रति शेयर अंतिम लाभांश देने की सिफारिश की है। यह बोनस इश्यू से पहले के आधार पर 20 प्रति शेयर के बराबर है। हालांकि, इस लाभांश पर अंतिम मुहर कंपनी की पांचवीं वार्षिक आम बैठक में शेयरधारकों की स्वीकृति के बाद लगेगी। कंपनी ने जीवन बीमा क्षेत्र में अपनी अग्रणी स्थिति बरकरार रखी है। प्रथम वर्ष प्रीमियम आय (FYPI) के आधार पर एलआईसी की कुल बाजार हिस्सेदारी वित्तीय वर्ष 2025-26 में 56.66 प्रतिशत रही। व्यक्तिगत व्यवसाय में बाजार हिस्सेदारी 36.60 प्रतिशत और समूह व्यवसाय में 70.11 प्रतिशत दर्ज की गई।

एलआईसी की कुल प्रीमियम आय भी बढ़कर 5,35,984 करोड़ पहुंच गई, जो पिछले वर्ष 4,88,148 करोड़ थी। इसमें 9.80 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। व्यक्तिगत नवीन व्यवसाय प्रीमियम 67,676 करोड़ रहा, जबकि व्यक्तिगत नवीकरण प्रीमियम आय 2,71,699 करोड़ दर्ज की गई। कुल व्यक्तिगत व्यवसाय प्रीमियम 3,39,375 करोड़ तक पहुंच गया। समूह व्यवसाय से प्राप्त कुल प्रीमियम आय 1,96,609 करोड़ रही, जिसमें 16.26 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। वहीं व्यक्तिगत खंड में कुल 1.84 करोड़ से अधिक पॉलिसियां बेची गईं, जो पिछले वर्ष की तुलना में 3.70 प्रतिशत अधिक है। एलआईसी का वार्षिकीकृत प्रीमियम समतुल्य (APE) 66,961 करोड़ रहा। इसमें व्यक्तिगत व्यवसाय की हिस्सेदारी 64.72 प्रतिशत और समूह व्यवसाय की हिस्सेदारी 35.28 प्रतिशत रही। कंपनी के नॉन-पार उत्पादों में भी तेज वृद्धि देखी गई। व्यक्तिगत नॉन-पार APE बढ़कर 15,214 करोड़ हो गया, जो पिछले वर्ष 10,581 करोड़ था। इसमें 43.78 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। नए व्यवसाय का मूल्य (VNB) बढ़कर 14,179 करोड़ पहुंच गया, जबकि शुद्ध VNB मार्जिन बढ़कर 21.2 प्रतिशत हो गया। कंपनी का सॉल्वेंसी अनुपात भी सुधरकर 2.35 हो गया, जो पिछले वर्ष 2.11 था। एलआईसी की प्रबंधनाधीन परिसंपत्तियां (AUM) बढ़कर 57.29 लाख करोड़ पहुंच गईं। वहीं कुल व्यय अनुपात घटकर 11.91 प्रतिशत रह गया। पॉलिसीधारक निधियों पर निवेश प्रतिफल 8.92 प्रतिशत दर्ज किया गया। कंपनी ने पॉलिसीधारकों को 59,726 करोड़ की बोनस राशि भी आवंटित की, जो पिछले वर्ष की तुलना में अधिक है।

LIC
भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

## घर छोड़ आश्रम पहुंचे पीके

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में मिली हार के बाद अब जन सुराज के मुखिया प्रशांत किशोर ने अपना घर छोड़ दिया है। उन्होंने पटना के बिहटा में एक आश्रम में अपना ठिकाना बनाया है। प्रशांत किशोर ने तय किया है कि अगले पांच साल तक वहीं रहेंगे, यानी जब तक उनकी पार्टी जन सुराज बिहार विधानसभा चुनाव 2031 में खुद को ठीक से स्थापित नहीं कर लेती, तब तक प्रशांत किशोर एक आश्रम में रहने वाले हैं। आश्रम से ही राजनीतिक गतिविधियां होंगी। पार्टी के कामकाज देखेंगे। 48 साल के राजनीतिक रणनीतिकार और नेता प्रशांत किशोर ने बुधवार को दरभंगा में जानकारी देते हुए कहा कि बीते मंगलवार (19 मई) की रात को ही उन्होंने अपना आवास छोड़ दिया था।

प्रशांत किशोर ने IIT-पटना के पास स्थित बिहार नवनिर्माण आश्रम में अब आश्रय ले लिया है, जो अगले पांच साल तक उनका घर होगा। ये एरिया पहले बगीचा था, जिसे अब आश्रम का रूप दिया जा रहा है। 5 एकड़ में लगभग 50 से अधिक टेंट लगाए जा रहे हैं। इसी के साथ प्रशांत किशोर ने उम्मीद जताई है कि अगले विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी जन सुराज बिहार की जनता पर सकारात्मक प्रभाव बना पाएगी। अभी तक प्रशांत किशोर पटना एयरपोर्ट के पास स्थित 'शेखपुरा हाउस' से अपनी पार्टी के कामकाज संभाल रहे थे। यह आवास बिहार के पूर्व सांसद और जन सुराज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय सिंह (पप्पू सिंह) का है। बिहार नवनिर्माण अभियान के तहत दरभंगा पहुंचने पर उन्होंने बिहार सरकार के छह महीने के कार्यकाल पर तीखा हमला किया।

## मधेपुरा में आकाशीय बिजली गिरने से 2 की मौत

**पटना।** भीषण गर्मी के बीच बिहार के कई जिलों का मौसम बदल गया। सहरसा, बेगूसराय, कटिहार, सहरसा समेत कई जिलों में तेज हवा के साथ बारिश हुई। सुपौल, मधुबनी में भी काले बादल छाने से अंधेरा छा गया। दरभंगा में तेज आंधी और बारिश के दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र(PHC) में कई जगहों पर फॉल्स सीलिंग गिर गई। मधेपुरा के बिहारीगंज में आकाशीय बिजली गिरने से दो युवकों की मौत हो गई। कई घायल हैं। इधर, पटना समेत बिहार के कई जिले भीषण गर्मी की चपेट में हैं। जमुई में गर्मी के चलते क्लासरूम में सातवीं कक्षा के छात्र की अचानक तबीयत बिगड़ गई। जमुई का तापमान गुरुवार को 40 डिग्री दर्ज किया गया। भीषण गर्मी के कारण गयाजी में पांचवीं तक के स्कूल बंद हो गए हैं, जबकि क्लास 6 से आठवीं तक सुबह 11 बजे तक ही पढ़ाई होगी।




योजना के बारे में

झारखंड के छात्रों के लिए प्रमुख इंटर्नशिप कार्यक्रम
यह 2 माह की, क्रेडिट-आधारित सशुल्क इंटर्नशिप है, जिसका उद्देश्य झारखंड के गांवों में पारंपरिक ज्ञान एवं नवाचारों की पहचान और दस्तावेजीकरण करना है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 के अनुरूप
यह योजना छात्रों को अनुभवात्मक अधिगम प्रदान करने के लिए तैयार की गई है, जो NEP 2020 का एक प्रमुख घटक है।

यह कार्यक्रम झारखंड के उच्च शिक्षण संस्थानों (HEIs) के 17,000 से अधिक
छात्रों को जोड़ने तथा पूरे राज्य के सभी 4,345 पंचायतों को कवर करने का लक्ष्य रखता है।

छात्रों के लिए इसमें क्या है

सीखते हुए कमाएँ
इंटर्नशिप सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर ₹10,000 तक का स्टाइपेंड प्राप्त

शैक्षणिक क्रेडिट प्राप्त करें
इंटर्नशिप सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर, आपकी विश्वविद्यालयीय पाठ्यक्रम संरचना के अनुसार शैक्षणिक क्रेडिट प्रदान किए जाएंगे

विशेष मार्गदर्शन एवं मेंटरशिप
आपको संस्था के समर्पित फैकल्टी मेंटर तथा एक मेंटर-फॉर्मर-मेंटॉर्स के मार्गदर्शन में सीखने का अवसर

पुरस्कारों के लिए प्रतिस्पर्धा
श्रेष्ठ इंटर्नशिप प्रोजेक्ट्स को मान्यता दी जाएगी और छात्रों को जिला एवं राज्य स्तर पर आकर्षक नकद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे

कार्यक्रम की समय-रेखा

सप्ताह 1: ओरिएंटेशन एवं प्रशिक्षण
कार्यक्रम की शुरुआत एक सप्ताह के ओरिएंटेशन और प्रशिक्षण सत्र से होगी, जिससे छात्रों को फील्डवर्क के लिए तैयार किया जाएगा

सप्ताह 2-सप्ताह 4: पंचायतों में फील्डवर्क
फील्ड विजिट, स्थानीय अपूर्ण आवश्यकताओं की पहचान, कम उपयोग/अप्रयुक्त संसाधनों, जमीनी स्तर के नवाचारों एवं पारंपरिक ज्ञान धारकों की पहचान

सप्ताह 5-सप्ताह 8: रिपोर्ट तैयारी एवं प्रस्तुति
पारंपरिक ज्ञान एवं जमीनी स्तर के नवाचारों की पहचान व दस्तावेजीकरण, विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट जमा करना तथा पंचायतों में निष्कर्षों की प्रस्तुति

शीर्ष इंटर्नशिप टीमों के लिए पुरस्कार

राज्य स्तरीय सर्वश्रेष्ठ इंटर्नशिप टीम
₹1,25,000

राज्य स्तरीय उपविजेता इंटर्नशिप टीम
₹1,00,000

प्रत्येक जिले की शीर्ष 1 टीम
₹75,000

पात्रता एवं सहभागिता कैसे करें

कौन पात्र है
झारखंड के किसी भी राज्य या निजी विश्वविद्यालय (तथा उनके घटक और संबद्ध महाविद्यालय) के सभी स्नातक एवं स्नातकोत्तर छात्र

टीम बनाएं
छात्र 4 सदस्यों के समूह में भाग लेते हैं

नॉलेज पार्टनर
राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान - भारत National Innovation Foundation - India
Gian

और जानें

PR No.- 380447/IPRD/2026-27

उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग झारखण्ड

# लिटन दास और रिजवान भिड़े! बांग्लादेशी खिलाड़ियों ने किया जमकर स्लेज

**सिलहट, एजेंसी।** बांग्लादेश ने इतिहास रचते हुए पाकिस्तान को अपनी सरजमीं पर दो टेस्ट मैचों की सीरीज में 2-0 से क्लीन स्वीप कर दिया। ढाका में पहले टेस्ट में बांग्लादेश ने 104 रन से और सिलहट में दूसरे टेस्ट में 78 रन से जीत हासिल की। हालांकि, सिलहट टेस्ट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। इस वीडियो में बांग्लादेश के लिटन दास और पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान भिड़ गए। और इसके बाद तो पूरी बांग्लादेश टीम ने मिलकर रिजवान को खूब स्लेज किया। बांग्लादेश क्रिकेटरों ने यहां तक कहा कि रिजवान अच्छी एक्टिंग करता है, इसे बॉलीवुड में भेजो, लेकिन वहां भी इसे कोई नहीं लेगा। इसकी ओवरएक्टिंग इतनी है कि 50 पैसे काट लेंगे।

### क्या है पूरा मामला?

दरअसल, सिलहट टेस्ट में बांग्लादेश ने पाकिस्तान को 437 रन का लक्ष्य दिया था। रिजवान और बांग्लादेशी खिलाड़ियों की लड़ाई पाकिस्तान की दूसरी पारी के दौरान हुई।

# वर्ल्ड कप की शुरुआत से पहले ब्राजील को झटका; नेमार जूनियर फिर हुए चोटिल

**रियो डी जनेरियो।** फीफा वर्ल्ड कप 2026 के आगाज से ठीक पहले ब्राजील को बड़ा झटका लगा है। टीम के स्टार खिलाड़ी नेमार एक बार फिर चोटिल हो गए हैं। नेमार को हाल ही में ब्राजील की विश्व कप टीम में चुना गया है। 'शिन्हुआ' की रिपोर्ट के मुताबिक, 34 साल के सैंटोस स्टार बुधवार को सैन लोरेंजो के खिलाफ अपनी टीम के घरेलू कोपा सुदामेरिकाना मैच में पिंडली की चोट के कारण नहीं खेल पाए। हालांकि ब्राजील के क्लब ने नेमार की इंजरी को गंभीर नहीं बताया है। सैंटोस टीम के डॉक्टर रोड्रिगो जोगैब ने कहा कि फॉरवर्ड खिलाड़ी 27 मई को ब्राजील के पहले प्री-वर्ल्ड कप ट्रेनिंग सेशन के लिए तैयार होंगे।

'ओ ग्लोबो' ने जोगैब के हवाले से कहा, 'नेमार नेशनल टीम में फिट या लगभग पूरी तरह से फिट होने की स्थिति में ही टीम को रिपोर्ट करेंगे। इस बात की भी संभावना है कि वह अगले मंगलवार को डेपोर्टिवो कुएनका के खिलाफ खेल सकते हैं।' ब्राजील के लिए 128 इंटरनेशनल मुकाबलों में सबसे ज्यादा 79 गोल करने वाले नेमार ने ब्राजील के लिए आखिरी मुकाबला अक्टूबर 2023 में खेला था।



उरुग्वे के खिलाफ हुए वर्ल्ड कप क्वालिफायर मुकाबले में उनका एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट फट गया था। बार्सिलोना और पेरिस सेंट-जर्मेन के पूर्व अटैकर तब से चोटों से जूझ रहे हैं; पिछले साल जनवरी में अपने बचपन के क्लब सैंटोस में लौटने के बाद नेमार ने 38 मुकाबलों में सिर्फ 17 गोल किए हैं।

यह नेमार का चौथा फीफा वर्ल्ड कप होगा। इससे पहले वह 2014, 2018 और 2022 एडिशन में खेल चुके हैं। वह कैस्टिलो, जल्मा सैंटोस, निल्टन सैंटोस, पेले, एमर्सन लीओ, कैफू, रोनाल्डो और थियागो सिल्वा के साथ सबसे ज्यादा बार इस टूर्नामेंट में खेलने वाले ब्राजील के खिलाड़ी बन जाएंगे।नेमार के पास पेले के साथ जुड़ने और चार अलग-अलग वर्ल्ड कप में ब्राजील की नंबर 10 शर्ट पहनने वाले दूसरे खिलाड़ी बनने का भी मौका है। विश्व कप में नेमार ने 13 मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने आठ गोल किए हैं और तीन असिस्ट किए हैं। ब्राजील अपने अभियान का आगाज 13 जून को न्यू जर्सी में मोरक्को के खिलाफ टूर्नामेंट शुरू करेगा, जिसके बाद ग्रुप सी में टीम की भिड़ंत हैती और स्कॉटलैंड से होगी।

# वैभव सूर्यवंशी अब अभिषेक से आगे

### रोहित शर्मा 4 नंबर पर

## आईपीएल में 200+ चेज करते हुए सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले टॉप-5 भारतीय

**नई दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स के 15 वर्षीय युवा ओपनर बैटर वैभव सूर्यवंशी ने आईपीएल 2026 के 64वें मैच में चेज करते हुए 93 रन की तूफानी पारी खेली और टीम को जीत दिलाकर प्लेयर ऑफ द मैच बने। वैभव ने अपनी इस पारी के दौरान 10 बेहतरीन छक्के भी लगाए और वो अब आईपीएल इतिहास में 200 या उससे ज्यादा स्कोर चेज करते हुए सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले भारतीय बल्लेबाजों की लिस्ट में पहले नंबर पर आ गए और अभिषेक शर्मा का रिकॉर्ड तोड़ दिया।



**वैभव सूर्यवंशी निकले अभिषेक शर्मा से आगे-** आईपीएल में 200 या उससे ज्यादा स्कोर चेज करते हुए सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले भारतीय बल्लेबाजों की लिस्ट में पहले अभिषेक शर्मा पहले नंबर पर थे, लेकिन लखनऊ के खिलाफ अपनी पारी के दौरान 10 छक्के लगाकर वैभव



सूर्यवंशी ने अब अभिषेक को पीछे छोड़ दिया। आईपीएल में 200 या उससे ज्यादा स्कोर चेज करते हुए सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में अब वैभव पहले नंबर पर आ गए। उन्होंने अब तक इस लीग में चेज करते हुए 10 पारियों में कुल 42 छक्के लगाए हैं जबकि अभिषेक शर्मा ने 17 पारियों में 41 छक्के लगाए थे। आईपीएल में 200 या उससे ज्यादा स्कोर चेज करते हुए सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले भारतीय बल्लेबाजों की लिस्ट में तीसरे नंबर पर संजू सैमसन हैं जिन्होंने अब तक 15 पारियों में कुल 40 छक्के लगाए हैं जबकि रोहित शर्मा इस सूची में चौथे स्थान पर हैं जिन्होंने 25 पारियों में 38 छक्के जड़े हैं। केएल राहुल इस लिस्ट में 5वें भारतीय हैं जिन्होंने 200 या उससे ज्यादा का स्कोर चेज करते हुए इस लीग में 22 पारियों में कुल 36 छक्के लगाए हैं।

**200 या उससे ज्यादा स्कोर चेज करते हुए सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले**

### टॉप-5 भारतीय

- 42 छक्के : वैभव सूर्यवंशी (10 पारी)
- 41 छक्के : अभिषेक शर्मा (17 पारी)
- 40 छक्के : संजू सैमसन (15 पारी)
- 38 छक्के : रोहित शर्मा (25 पारी)
- 36 छक्के : केएल राहुल (22 पारी

**दलीप ट्रॉफी से होगी**

# BCCI के घरेलू सत्र की शुरुआत

## 11 अक्टूबर से रणजी ट्रॉफी का पहला चरण

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने 2026-27 घरेलू सत्र के कार्यक्रम का ऐलान कर दिया है। नए घरेलू सीजन की शुरुआत 23 अगस्त से दलीप ट्रॉफी के साथ होगी, जबकि देश की सबसे प्रतिष्ठित घरेलू प्रतियोगिता रणजी ट्रॉफी इस बार भी दो चरणों में आयोजित की जाएगी। रणजी ट्रॉफी का पहला चरण 11 अक्टूबर से खेला जाएगा। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी और विजय हजारे ट्रॉफी समेत पूरे घरेलू सत्र का शेड्यूल भी सामने आ गया है। बीसीसीआई इस घरेलू सत्र में पुरुष और महिला वर्ग के अलग-अलग आयु समूहों और सीनियर स्तर पर कुल 1788 मुकाबलों का आयोजन करेगा। इसमें पुरुषों के अंडर-16, अंडर-19, अंडर-23 और सीनियर टूर्नामेंट शामिल हैं, जबकि महिलाओं के अंडर-15, अंडर-19, अंडर-23 और सीनियर स्तर की प्रतियोगिताएं भी खेली जाएंगी।



**दलीप ट्रॉफी फिर जोनल फॉर्मेट में-** दलीप ट्रॉफी की वापसी फिर जोनल फॉर्मेट में होगी। यह टूर्नामेंट 23 अगस्त से 10 सितंबर तक खेला जाएगा।




सभी मुकाबले बेंगलुरु स्थित क्ष्ष्ट्ढ सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में आयोजित होंगे। इसके बाद रणजी ट्रॉफी विजेता जम्मू-कश्मीर और शेष भारत के बीच ईरानी कप एक से पांच अक्टूबर तक श्रीनगर में खेला जाएगा।

### दो चरणों में रणजी ट्रॉफी-

बीसीसीआई के घरेलू कैलेंडर की सबसे प्रतिष्ठित प्रतियोगिता रणजी ट्रॉफी का पहला चरण 11 अक्टूबर से पांच नवंबर तक खेला जाएगा। इस दौरान चार राउंड के मुकाबले होंगे। टूर्नामेंट का दूसरा चरण 17 जनवरी से तीन मार्च 2027 तक आयोजित होगा। इसके बीच सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी और विजय हजारे ट्रॉफी खेली जाएंगी।

### सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी

राष्ट्रीय टी20 टूर्नामेंट सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 14 नवंबर से छह दिसंबर तक खेली जाएगी। लीग चरण के मुकाबले मुंबई, मोहाली, विशाखापत्तनम और कोलकाता में होंगे, जबकि नॉकआउट मुकाबले नागपुर में खेले जाएंगे। बीसीसीआई के अनुसार, इस टूर्नामेंट का समय ऐसा रखा गया है ताकि आईपीएल नीलामी से पहले टैलेंट स्काउट खिलाड़ियों पर नजर बना पाएं और अपनी सूची तैयार कर सकें। आईपीएल नीलामी दिसंबर में होने की संभावना है।

### दिसंबर में विजय हजारे ट्रॉफी

राष्ट्रीय वनडे टूर्नामेंट विजय हजारे ट्रॉफी 14 दिसंबर 2026 से आठ जनवरी 2027 तक खेली जाएगी। बीसीसीआई ने विजय मर्चेंट ट्रॉफी (अंडर-16) के कार्यक्रम में भी बदलाव किया है। यह टूर्नामेंट नवंबर से जनवरी के बीच खेला जाएगा। बीसीसीआई का मानना है कि इससे खिलाड़ियों को बेहतर तैयारी का समय मिलेगा। इसके साथ ही स्कूल क्रिकेट खेलने वाले खिलाड़ियों को फरवरी-मार्च में होने वाली वार्षिक और बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी के लिए भी पर्याप्त समय मिल सकेगा। बीसीसीआई की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि 2026-27 घरेलू सत्र का कार्यक्रम सभी प्रारूपों और आयु वर्गों के बीच संतुलन बनाए रखते हुए मजबूत और प्रतिस्पर्धी घरेलू ढांचे को आगे बढ़ाने की दिशा में तैयार किया गया है।

### प्लेऑफ की उम्मीदें अब भी बरकरार

# मुंबई पर जीत के बाद तालिका में छठे स्थान पर पहुंची कोलकाता

**कोलकाता, एजेंसी।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने मुंबई इंडियंस को चार विकेट से हराकर प्लेऑफ की अपनी उम्मीदों को जीवित रखा है। बुधवार को ईडन गार्डन्स पर खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 147 रन बनाए। जवाब में केकेआर ने 18.5 ओवर में छह विकेट पर 148 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया।



इस जीत के साथ कोलकाता की टीम अंक तालिका में छठे स्थान पर पहुंच गई है। उनके खाते में 13 अंक हो गए और नेट रन रेट +0.011 हो गया है। अब केकेआर को उनका आखिरी मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेलना है। कोलकाता ने इस जीत के दम पर प्लेऑफ की अपनी उम्मीदों को जीवित रखा है।

मुंबई ने 41 के स्कोर तक अपने चार विकेट खो दिए थे। जब पारी के आठ ओवर पूरे हो गए थे, बारिश ने दखल दिया, लेकिन ब्रेक के बावजूद ओवरों में कटौती नहीं की गई। कप्तान हार्दिक पांड्या ने तिलक वर्मा के साथ पांचवें विकेट के लिए 49 गेंदों में 43 रन की साझेदारी करते हुए टीम को संभालने की कोशिश की। तिलक वर्मा 20 रन बनाकर आउट हुए, जबकि पांड्या ने 26 रन का योगदान टीम के खाते में दिया।

कॉर्बिन बॉश ने दीपक चाहर के साथ आठवें विकेट के लिए 20 गेंदों में 42 रन की साझेदारी करते हुए टीम को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया। बॉश 18 गेंदों में दो छक्कों और तीन चौकों के साथ 32 रन बनाकर नाबाद रहे। विपक्षी खेमे से सौरभ दुबे, कैमरून ग्रीन और कार्तिक त्यागी ने दो-दो विकेट हासिल किए, जबकि सुनील नरेन ने एक विकेट निकाला।

इसके जवाब में केकेआर ने पहले ही ओवर में फिन एलन (8) का विकेट गंवा दिया। यहां से कप्तान अजिंक्य रहाणे ने मनीष पांडे के साथ 28 गेंदों में 38 रन की साझेदारी की। रहाणे 17 गेंदों में 4 चौकों के साथ 21 रन बनाकर आउट हुए। कुछ देर बाद कैमरन ग्रीन (4) भी पवेलियन लौट गए। टीम ने 7.1 ओवरों में 54 के स्कोर तक अपने तीन विकेट खो दिए थे। यहां से रोवमैन पॉवेल ने मनीष पांडे के साथ चौथे विकेट के लिए 64 रन की साझेदारी करते हुए टीम को जीत की दहलीज तक पहुंचाया।

# भारतीय अंडर-18 महिला हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 4-1 से हराया



**भोपाल।** भारतीय अंडर-18 महिला हॉकी टीम ने बुधवार को उद्धव दास मेहता (भाई जी) सेंट्रल साई सेंटर में सीरीज के चौथे और आखिरी मैच में ऑस्ट्रेलिया को 4-1 से हरा दिया। ऑस्ट्रेलिया ने पहले क्वार्टर की शुरुआत में ही ऑरोरा कोवासेविच (8') के गोल से बढ़त बना ली। भारतीय टीम ने जल्द जवाब दिया और कप्तान स्वीटी कुजूर (13') ने शुरुआती क्वार्टर खत्म होने से पहले पहला गोल कर टीम को बराबरी दिलाई। दूसरे क्वार्टर में भारत की दीया (25') ने गोल दागा। इस गोल से भारतीय टीम हाफटाइम तक 2-1 से आगे रही।

भारतीय टीम ने दूसरे हाफ में नियंत्रण बनाए रखा और तीसरे क्वार्टर में प्रियंका मिंज (44') के गोल से अपनी बढ़त 3-1 की कर ली। नौशीन नाज (50') ने आखिरी क्वार्टर में एक और गोल किया और भारत की बढ़त 4-1 करते हुए जीत पक्की कर दी।

भारतीय टीम के लिए यह जीत बहुत अहम रही। इस जीत के बाद इस महीने के आखिर में जापान में शुरू होने वाले अंडर-18 एशिया कप के लिए भारतीय टीम का आत्मविश्वास बढ़ेगा।

हालांकि 4 मैचों की इस सीरीज में ऑस्ट्रेलिया ने 1-3 से जीत दर्ज की।सीरीज के पहले मैच में भारत को 3-4 से हार का सामना करना पड़ा था। दूसरे मैच में भारतीय टीम को 1-4 से हार का सामना करना पड़ा। तीसरे मैच में भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया ने 1-2 से हराया था।

भारतीय टीम को निश्चित रूप से शुरुआती तीन मैचों में हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन टीम ने दमदार खेल का प्रदर्शन किया और ऑस्ट्रेलयाई टीम को मैचों के दौरान मुश्किल में रखा। पहला और तीसरा मुकाबला बेहद कांटे वाला रहा।

# प्लेऑफ का गणित: राजस्थान की किस्मत अपने हाथ

## 3 टीमें दूसरों पर निर्भर, दिल्ली का बाहर होना तय




**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के लीग स्टेज में पांच मैच बाकी हैं और 5 टीमें प्लेऑफ की में जगह बनाने की रेस में हैं। हालांकि,असलियत में केवल चार टीमों के पास ही प्लेऑफ में पहुंचने की संभावना है। दिल्ली कैपिटल्स का रनरेट इतना खराब है कि वह शायद ही प्लेऑफ में पहुंच पाए। बाकी चार टीमों में राजस्थान रॉयल्स की किस्मत अपने हाथ में है। पंजाब किंग्स, कोलकाता नाइट राइडर्स और चेन्नई सुपर किंग्स की किस्मत अन्य मुकबालों पर निर्भर है। लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ राजस्थान रॉयल्स की जीत का मतलब यह भी है कि लीग स्टेज के आखिरी दिन 24 मई से पहले प्लेऑफ की जगह तय नहीं होगी।

### आइए जानते हैं प्लेऑफ में पहुंचने का गणित

- **राजस्थान रॉयल्स : मैच -14, अंक-14-** लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ जीत के बाद राजस्थान रॉयल्स को प्लेऑफ में पहुंचने के लिए अन्य मुकाबलों पर निर्भर नहीं रहना है। अगर राजस्थान रविवार को मुंबई इंडियंस को हरा देती हैं तो वह दूसरे 16 अंकों के साथ प्लेऑफ में पहुंच जाएगी। अगर गुजरात टाइटन्स और सनराइज़र्स हैदराबाद आखिरी मुकाबला हार जाती हैं तो राजस्थान टॉप-2 में भी पहुंच सकता है। हालांकि, रनरेट को देखते हुए इसकी संभावना बहुत कम है।



- **पंजाब किंग्स : 13 मैच में 13 अंक-** पंजाब किंग्स को न सिर्फ अपने आखिरी मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स को हराना है, बल्कि उन्हें यह भी उम्मीद करनी है कि राजस्थान रॉयल्स से मुंबई इंडियंस जीत जाए और कोलकाता नाइट राइडर्स बेहतर रनरेट के साथ 15 अंक तक न पहुंचे। अगर पंजाब किंग्स शनिवार को जीतती है। राजस्थान अपना आखिरी गेम हार जाती है, और कोलकाता आखिरी मैच जीत जाती है तो पंजाब किंग्स और केकेआर दोनों 15 अंक पर होंगी, इससे रनरेट पर मामला आ जाएगा।



- **चेन्नई सुपर किंग्स : मैच-13, अंक-12-** चेन्नई सुपर किंग्स को चाहिए कि पहले वह गुजरात टाइटंस को हराए। राजस्थान रॉयल्स, पंजाब किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स आखिरी मैच हार जाएं। वह रनरेट के मामले में राजस्थान रॉयल्स को पीछे छोड़ सकती है। दिल्ली कैपिटल्स का रनरेट बहुत खराब है। वह शायद ही चेन्नई सुपर किंग्स से आगे निकल पाए।



- **कोलकाता नाइट राइडस : मैच-13, अंक-13-** कोलकाता नाइट राइडर्स को रनरेट पर निर्भर रहे बिना प्लेऑफ में पहुंचने के लिए दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आखिरी मैच जीतना होगा। यह उम्मीद करनी होगी कि राजस्थान रॉयल्स और पंजाब किंग्स आखिरी मैच हार जाएं। राजस्थान रॉयल्स जीती तो कोलकाता नाइट राइडर्स बाहर होगी। अगर पंजाब किंग्स जीती तो दोनों के 15-15 अंक होंगे।
- **दिल्ली कैपिटल्स : मैच-13, अंक 12-** लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ राजस्थान रॉयल्स की जीत से दिल्ली कैपिटल्स की उम्मीदें लगभग खत्म हो गईं। पंजाब किंग्स, चेन्नई सुपर किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स 14 अंक तक न पहुंच पाएं तो भी राजस्थान रॉयल्स से रनरेट के मामले में दिल्ली कैपिटल्स को आगे निकलने के लिए 230 रनों से जीत दर्ज करने की जरूरत होगी।

### संभावित बाढ़ एवं सुखाड़ पूर्व तैयारियों को लेकर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक हुई आयोजित

# बाढ़ राहत शिविर एवं सामुदायिक रसोई संचालन के लिए जिले में 84 स्थलों का किया गया चयन

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

संभावित बाढ़, सुखाड़ एवं हीट वेव से निपटने की तैयारियों की समीक्षा को लेकर गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री, बिहार की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले की आपदा पूर्व तैयारियों, राहत व्यवस्था, सिंचाई, स्वास्थ्य, पशुपालन, पेयजल एवं अन्य विभागों की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। एनआईसी सभा कक्ष, औरंगाबाद से जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा, पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल, अपर समाहर्ता (आपदा प्रबंधन) उपेंद्र पंडित, जिला कृषि पदाधिकारी संदीप राज, जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ. श्यामा किशोर, कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई प्रमंडल अशोक कुमार सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा विशेष रूप से सोन नदी तटवर्ती गांवों में बाढ़ पूर्व तैयारियों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने आवश्यकता पड़ने पर गया एवं बिहटा से एनडीआरएफ तथा एसडीआरएफ टीमों की उपलब्धता सुनिश्चित करने और एसओपी के अनुरूप सभी तैयारियां समय पूर्व पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में बिहार मौसम सेवा केंद्र से प्राप्त वर्षापात संबंधी पूर्वानुमान की भी समीक्षा की गई। बताया गया कि मौसम संबंधी सूचनाएं प्रतिदिन ई-मेल एवं व्हाट्सएप के माध्यम से प्राप्त होती हैं, जिन्हें विभिन्न माध्यमों से आमजन तक पहुंचाया जाता है। जिले में बाढ़ राहत सामग्री के दर निर्धारण हेतु निविदा प्रकाशित की गई है। वर्तमान में जिले में 1409 पॉलीथीन शीट उपलब्ध हैं तथा अतिरिक्त 1200 पॉलीथीन शीट के लिए गया जिला से मांग की गई है। बाढ़ के दौरान उपयोग हेतु कुल 11 निजी नावों के साथ एकरारनामा किया गया है, जिनमें गोह में 3, हसपुरा में 3 तथा बारूण में 5 नाव शामिल हैं। बाढ़ राहत शिविर एवं सामुदायिक रसोई संचालन के लिए जिले में कुल 84 स्थलों का चयन किया गया है। साथ ही आपदा सम्पूर्ति पोर्टल पर 1,55,208 लाभुकों का आधार आधारित डेटा अद्यतन किया जा चुका है। जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा आकस्मिक फसल योजना तैयार कर कृषि निदेशक, बिहार को भेज दी गई है। सामान्य मानसून की स्थिति में धान, मक्का, महुआ एवं अरहर की बुआई की योजना बनाई गई है। वहीं मानसून में विलंब अथवा अल्पवृष्टि की स्थिति में अल्प अवधि वाले धान प्रभेदों के साथ-साथ मडुआ, कुल्थी, उरद, मसूर, तिल, चना एवं तोरिया जैसी वैकल्पिक फसलों की खेती करने की सलाह किसानों को दी गई है।

हर घर नल का जल योजना अंतर्गत 2949 योजनाओं में से 2937 योजनाएं पूर्ण की जा चुकी हैं। शेष टोलों में तेजी से कार्य कराया जा रहा है। जिले में औसत भू-जल स्तर 28.1 फीट दर्ज किया गया है तथा खराब चापाकलों की मरम्मति का कार्य तेजी से जारी है। अब तक 2144 चापाकलों की मरम्मति की जा चुकी है।



#### नगर निकायों की तैयारी

नगर परिषद एवं नगर पंचायतों द्वारा जलजमाव की समस्या से निपटने के लिए नालों की सफाई, जल निकासी, टैंकर से जलापूर्ति, प्याऊ संचालन एवं डीप बोरिंग की व्यवस्था की गई है। नगर परिषद औरंगाबाद द्वारा पेयजल संकट वाले क्षेत्रों में प्रतिदिन 10 टैंकरों से जलापूर्ति की जा रही है। नगर पंचायत नवीनगर में जलजमाव वाले क्षेत्रों में बड़े नाले का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है तथा डीजल पंप से जल निकासी की व्यवस्था की गई है। वहीं देव, रफीगंज, बारूण एवं मदनपुर नगर पंचायतों में भी पेयजल, चापाकल, स्टैंड पोस्ट एवं सफाई संसाधनों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

#### सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की तैयारी

सोन नदी तटबंधों की मरम्मति एवं बाढ़ सुरक्षा कार्य मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन परिक्षेत्र, डिहरी द्वारा कराया जा रहा है, जबकि अन्य नदियों के तटबंधों की मरम्मति मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण परिक्षेत्र, पटना द्वारा कराई जा रही है। पूर्वी सोन नहर प्रणाली, पटना मुख्य नहर एवं उत्तर कोयल नहर प्रणाली के माध्यम से किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। नहरों के अंतिम छोर तक पानी पहुंचाने हेतु मरम्मति एवं जंगल सफाई कार्य कराया जा रहा है। आवश्यकता पड़ने पर तांती प्रणाली लागू करने की भी व्यवस्था की गई है। लघु सिंचाई प्रमंडल के अंतर्गत कुल 1566 योजनाएं संचालित हैं, जिनमें आहर, तालाब, चेकडैम, राजकीय नलकूप एवं मुख्यमंत्री निजी नलकूप योजनाएं शामिल हैं।

#### पशुपालन एवं स्वास्थ्य विभाग की तैयारी

जिले में पशुचारा के दर निर्धारित कर लिए गए हैं तथा चारा क्रय हेतु वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए निविदा चयनित की जा चुकी है। संभावित बाढ़, सुखाड़ एवं लू को देखते हुए जिले में 33 पशु शिविर चिन्हित किए गए हैं। साथ ही 12 कैटल ट्रफ (पशु प्याऊ) की व्यवस्था की गई है तथा पशुओं के उपचार हेतु 44 प्रकार की दवाएं उपलब्ध हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा संभावित जलजनित बीमारियों की रोकथाम हेतु जिला स्तरीय टीम गठित की गई है। जिले में पर्याप्त मात्रा में ओआरएस, आईवी फ्लूड, एंटी डायरियल दवाएं, हैलोजन टैबलेट, एंटी स्नेक वेनम एवं एंटी रेबीज वैक्सीन उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त जिले में 364 प्रकार की मानव दवाएं उपलब्ध होने की जानकारी दी गई।

#### सड़क, ऊर्जा एवं ग्रामीण कार्य विभाग की तैयारी

पथ निर्माण विभाग द्वारा बाढ़ से निबटने हेतु एसओपी के अनुरूप आवश्यक सामग्रियों का भंडारण कर लिया गया है तथा सभी पुल-पुलियों के वेंट की सफाई का कार्य पूरा कर लिया गया है। ऊर्जा विभाग ने बताया कि खराब ट्रांसफार्मरों को शहरी क्षेत्रों में 6 घंटे एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 24 घंटे के भीतर बदलने की व्यवस्था है। जिले में शहरी क्षेत्रों में 23 से 24 घंटे तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 22 से 23 घंटे विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा संभावित बाढ़ को देखते हुए अल्पकालीन निविदा प्रकाशित कर आवश्यक तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। बैठक के अंत में जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ संभावित बाढ़, सुखाड़ एवं हीट वेव से निपटने हेतु सभी तैयारियां समय पर पूर्ण करने का निर्देश दिया।

## करंट लगने से युवक की मौत

गोह (औरंगाबाद)(नि.सं.)। औरंगाबाद जिले के गोह थाना क्षेत्र के हरिगांव में बिजली के तार की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। यह घटना गुरुवार सुबह हुई। मृतक की पहचान 40 वर्षीय महेश विश्वकर्मा के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, महेश विश्वकर्मा गुरुवार सुबह करीब 9 बजे किसी काम से सड़क की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सड़क किनारे बिजली की एलटी तार अचानक टूटकर गिर गई। महेश तार के संपर्क में आ गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद मृतक के परिजनों में शोक का माहौल है। महेश की पत्नी संगीता देवी और उनके चार छोटे बच्चों का हाल बुरा है। सूचना मिलने पर उपहारा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कागजी कार्रवाई पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज दिया। प्रभारी थाना प्रभारी मुकेश पंडित ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है और आगे की आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## पत्नी से बातचीत के शक में साढ़ू पर चाकू से हमला

औरंगाबाद(एसवीवी. सं.)। जिले के माली थाना क्षेत्र अंतर्गत बेल बिगहा गांव में पारिवारिक विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। पत्नी के साथ अवैध संबंध के शक में एक युवक ने अपने ही साढ़ू पर चाकू से हमला कर दिया। घटना में घायल व्यक्ति की पहचान 50 वर्षीय राजेंद्र यादव के रूप में हुई है, जिन्हें गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार राजेंद्र यादव बुधवार देर शाम बाजार से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान गांव के बाहर नदी के पास पहले से घात लगाए बैठे उनके छोटे साढ़ू ने अचानक उन पर चाकू से हमला कर दिया। हमला इतना तेज था कि चाकू उनकी आंख के पास जा लगी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े।

### आतंकवाद विरोधी दिवस के अवसर पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन

## आतंकवाद एवं हिंसा के विरुद्ध एकजुट रहने का संकल्प



- शांति, सामाजिक सद्भाव और आपसी समझ बढ़ाने की दिलाई गई शपथ
- विघटनकारी शक्तियों के विरुद्ध संघर्षरत रहने का लिया गया संकल्प
- विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मी कार्यक्रम में रहे उपस्थित

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

औरंगाबाद समाहरणालय सभा कक्ष में गुरुवार को आतंकवाद विरोधी दिवस के अवसर पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गृह विभाग (विशेष शाखा) के निदेशानुसार आयोजित इस कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देश पर उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह ने अधिकारियों एवं कर्मियों को आतंकवाद एवं हिंसा के विरुद्ध शपथ दिलाई। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भारत की अहिंसा एवं सहनशीलता की परंपरा में दृढ़ विश्वास व्यक्त करते हुए सभी प्रकार के आतंकवाद एवं हिंसा का डटकर विरोध करने का संकल्प लिया। साथ ही मानव समाज के सभी वर्गों के बीच शांति, सामाजिक सद्भाव एवं आपसी समझ को बढ़ावा देने तथा मानव जीवन मूल्यों को चुनौती देने वाली विघटनकारी शक्तियों के विरुद्ध संघर्षरत रहने की प्रतिज्ञा की गई।

कार्यक्रम में अपर समाहर्ता श्री अनुग्रह नारायण सिंह, अपर समाहर्ता (विशेष शाखा) मोहम्मद सादुल हसन खां, जिला पंचायत राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद, सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी, वरीय उपसमाहर्ता बेबी प्रिया, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी कुमार पप्पू राज, डीपीओ आईसीडीएस विनीता कुमारी, सहायक योजना पदाधिकारी प्रियंका कुमारी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग महेशानंद सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी, प्रधान सहायक एवं कर्मी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त जिला पदाधिकारी के निर्देशानुसार औरंगाबाद जिले के विभिन्न सरकारी कार्यालयों में भी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा शपथ ग्रहण कर आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया गया। जिला प्रशासन ने इस अवसर पर समाज में शांति, एकता, सद्भाव एवं लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु सभी नागरिकों से जागरूक एवं प्रतिबद्ध रहने की अपील की।

## घर से 20 लाख की चोरी, गहने और कीमती सामान ले फरार

निज संवाददाता | अंबा (औरंगाबाद)

जिले के अंबा थाना क्षेत्र अंतर्गत भखरा गांव में बुधवार देर रात एक घर में बड़ी चोरी की घटना सामने आई है। चोर पीछे के रास्ते से घर में घुसे और कमरे में रखी अलमारी का ताला तोड़कर सोने-चांदी के गहने समेत लाखों रुपए के कीमती सामान लेकर फरार हो गए। चोरी गए सामान की कीमत करीब 15 से 20 लाख रुपए बताई जा रही है। पीड़ित अमरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि रात में परिवार के किसी सदस्य को घटना की भनक तक नहीं लगी। सुबह जब लोग उठे तो देखा कि घर का मुख्य गेट खुला हुआ है और कमरे में सामान बिखरा पड़ा है। अलमारी का ताला टूटा हुआ था तथा उसमें रखे गहने और अन्य कीमती सामान गायब थे। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।




बिहार सरकार

अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस
(22 मई 2026)

मुख्यमंत्री
बिहार

संदेश

वनों, पहाड़ों, नदियों एवं झीलों में वनस्पति और जीव–जन्तुओं की विविधता ही उन्हें जीवंत बनाती हैं। खेती–बाड़ी एवं पशुधन की विविधता से ग्रामीण क्षेत्रों में हरीतिमा बसती है। शहरों में भांति–भांति के पेड़–पौधों, बाग–बगीचों, तालाबों से इनमें प्रकृति की छटा बनी रहती है। जैव विविधता स्वस्थ पर्यावरण एवं सुरक्षित प्रकृति का आधार है। बिहार की पारम्परिक संस्कृति जैव विविधता के संरक्षण से जुड़ी है।

विगत सदी की मानवीय विकास प्रक्रियाओं में हुई चूक से जैव विविधता तेजी से घटने लगी है। आज पूरी दुनिया की चिंता जैव विविधता को संरक्षित करने के लिये है। इसके वास्ते अन्तर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर विशेष प्रयास किये जा रहे हैं।

पिछले दो दशकों से बिहार में जल जीवन हरियाली मिशन, वन्यजीव संरक्षण, जैविक खेती और देशी नस्लों के पशुधन का विकास सदृश कई योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है, जो जैव विविधता के संरक्षण में सहयोगी हैं। इनके साथ–साथ सभी विकास प्रक्रियाओं तथा आम–जनों की जीवन शैली में प्राकृतिक और स्थानिक जैव विविधता के संरक्षण हेतु व्यावहारिक प्रयास करना वांछित है।

**अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस** के अवसर पर समाज का हर वर्ग सरकार के साथ मिल–जुलकर बिहार में जैव विविधता को समृद्ध करने हेतु कृत–संकल्प हों।

(सम्राट चौधरी)

PR No.- 003934 ( Envir. & Forest )D. 2026-27



सत्यमेव जयते
राज्यपाल, बिहार
GOVERNOR OF BIHAR

बिहार लोक भवन
पटना–800022
BIHAR LOK BHAVAN
PATNA-800022

अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस
(22 मई 2026)

संदेश

बिहार की ऐतिहासिक विरासत एवं संस्कृति, जैव विविधता के संरक्षण में अग्रणी है। विकास की विभिन्न गतिविधियों के फलस्वरूप विगत शताब्दी से दुनिया और देश के अन्य क्षेत्रों की तरह बिहार में भी पेड़–पौधों, जीव–जन्तुओं, प्राकृतिक अधिवासों तथा कृषि एवं पशुपालन पद्धतियों में विविधता तेजी से घटने लगी है।

जैव विविधता के नुकसान की ये परिस्थितियाँ विभिन्न पर्यावरणीय समस्याओं से गहराई से जुड़ी हुई हैं। वर्तमान युग की कई विकट समस्याओं का समाधान जैव विविधता के संरक्षण और पुनर्स्थापन पर आश्रित है।

बिहार में विगत कुछ दशकों से राजकीय कार्यक्रमों में ऐसे अनेक प्रयास हो रहे हैं, जो वन्य एवं प्राकृतिक स्वरूप में तथा कृषि इत्यादि प्रक्षेत्र में जैव विविधता संरक्षण के लिए हितकारी हैं।

समाज के सभी वर्ग, सामूहिक तथा व्यक्तिगत प्रयास से प्रकृति एवं पर्यावरण की सुरक्षा में सहभागिता कर जैव विविधता के संरक्षण को व्यापक अंजाम दे सकते हैं।

आइए, **अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस** के अवसर पर हम मिल–जुलकर इस उद्देश्य के लिये सार्थक प्रयास करने का संकल्प लें।

ले.ज.सय्यद अता हसनैन (से.नि.)

PR No.- 003935 (Envir. & Forest)D. 2026-27

